चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

गुरुवार, 11 अप्रैल 2024

वर्ष-2, अंक-230, पृष्ठ-16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य-5 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह 16

मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम 15

# बड़े वादों के साथ सपा का घोषणा पत्र जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा मजदूरी 450 रुपये करना लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने समेत अन्य घोषणाएं
- अखिलेश यादव बोले- हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र -हमारा अधिकार नाम दिया

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। विजन डॉक्यूमेंट-2024 के नाम से जारी घोषणा पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जनता से जानकारी मांगी और कई संस्थाओं ने भी सुझाव दिए है।

सपा के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र बचाने, मीडिया की आजादी आदि प्रमुख मुद्दे हैं। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ ही जीडीपी तीन से बढ़ाकर छह फीसदी करने, पुरानी पेंशन स्कीम भी बहाल करने, 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। गरीबों का पूर्ण उन्मूलन होगा। सपा प्रमुख ने बताया कि निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों के लिए कानूनी गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी और सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे। सपा प्रमुख के मुताबिक, अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। क्योंकि, अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे।

### घोषणा पत्र के बड़े वादे

- पूरानी पेंशन स्कीम को लागू करेंगे, 2025 तक जाति आधारित जनगणना
- 2025 तक एससी-एसटी, ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंगे
- भूमिहीन, किरायेदार समेत छोटे सीमांत किसानों को प्रति माह 5000 पेंशन
- मनरेगा मजदूरी 450 की जाएगी और काम के दिन 150 किए जाएंगे
- मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, राशनकार्ड धारकों को 500 रुपये का डेटा मुफ्त

भाजपा ने उप्र. से सात और प्रत्याशी उतारे, चंद्रशेखर व केशरीनाथ के बेटों को टिकट, गाजीपुर, बलिया और फूलपुर में नए चेहरे

# रीता बहुगुणा, केशरी देवी व वीरेंद्र मस्त को टिकट नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी इस सूची में बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को फिर से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है।

वहीं, पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। यहां अफजाल अंसारी सपा से उम्मीदवार हैं। इसी तरह मैनपुरी में उप्र. सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के मुकाबले उतारा गया है। इससे पहले

### मैनपुरी में डिंपल के सामने जयवीर सिंह को उतारा

मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें थीं। संघमित्रा का नाम भी इस सूची में भी नहीं है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इसके अलावा देवरिया, फिरोजाबाद, रायबरेली और भदोही में टिकट की घोषणा होनी बाकी है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512– 2548300

# राजकुमार ने छोड़ा आप का साथ

## मंत्री पद और पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा, पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, "जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं। अपने इस्तीफे के समय के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आनंद ने कहा, समय की बात रहने दीजिए।



केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपा ने किया प्रदर्शन केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को डीडीयू मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, जिससे भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए।

### भाजपा का उद्देश्य आप को खत्म करना : संजय

**नई दिल्ली।** आदमी पार्टी ने बुधवार को दावा किया कि दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा उसके इस रुख की पुष्टि करता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य पार्टी को खत्म करना है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा 'हमारे मंत्रियों और विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।


### कोर्ट से केजरीवाल का याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने संबंधी अनुरोध पर विचार करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने केजरीवाल के वकील को ईमेल भेजने को कहा। इससे पहले केजरीवाल ने उच्च न्यायालय के नौ अप्रैल के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### समय मांगने की केजरीवाल की याचिका खारिज

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने वकीलों से मुलाकात के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया था। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि इस मामले में उन्हें राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है।


## सीएसजेएमयू के कुलपति का कार्यकाल बढ़ा



**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक का कार्यकाल बढ़ गया है। विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कुलपति का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल 11 अप्रैल को खत्म हो रहा है। बुधवार को इसके लिए पत्र जारी किया गया है। बताया गया कि नए कुलपति की नियुक्ति के लिए समय लगने की संभावना है। ऐसी स्थिति में प्रो विनय कुमार पाठक विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति बने रहेंगे। वह नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक या छह महीने तक काम करते रहेंगे।

# संदेशखालि मामले की जांच अब सीबीआई को

कोलकाता, एजेंसी



- सीबीआई से जांच कराने के लिए हाल में नाराज लोगों ने किया था प्रदर्शन
- महिलाओं पर अपराध और जमीन हड़पने की जांच करे और व्यापक रिपोर्ट पेश करे


कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इसको लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हुए थे।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में होगी। उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड और भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे और अगली तारीख पर रिपोर्ट पेश करे। खंडपीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी थे।

पीठ ने दो मई को सुनवाई के दिन सीबीआई को रिपोर्ट देने कहा है। ईडी के अधिकारियों पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला किया था, जब वे राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता (अब निलंबित) शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने के लिए संदेशखालि गए थे। अदालत ने आदेश में कहा कि न्याय और निष्पक्षता के हित में और विभिन्न शिकायतों और आरोपों पर शीघ्र विचार के लिए निष्पक्ष जांच की जानी आवश्यक है। साथ ही राज्य को सीबीआई को मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि याचिकाकर्ताओं ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुवाई में एक जांच समिति गठित करने की मांग की है। खंडपीठ ने कहा कि आरोपों को देखते हुए उसने सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। याचिककार्ता-वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा हलफनामे के रूप में 600 शिकायतें अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें कथित तौर पर यौन अत्याचार, भूमि पर कब्जा, हमले और संपत्ति को नष्ट करने जैसे अन्य अपराध शामिल हैं। अदालत ने कहा कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए जांच एजेंसी शिकायत दर्ज करने के वास्ते एक पोर्टल अथवा ईमेल आईडी बनाएगी।

# पेपर लीक मामले का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स से निकलवाया था प्रश्नपत्र

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पर्चा आउट कराने वाले मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड के पास से बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गिरफ्तार किया, जिसके बाद एसटीएफ ने मामले का खुलासा किया। एसटीएफ का दावा है कि टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर उसमें से पेपर निकालकर लीक कराने वाले गैंग का रवि मुख्य साजिशकर्ता है।

मेरठ एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रवि अत्री की तलाश लंबे समय से हो रही थी। बुधवार सुबह सूचना मिली कि रवि गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड पहुंचने वाला है। निरीक्षक सुनील कुमार टीम लेकर वहां पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया। पेपर लीक कराने का पूरा खेल रवि ने ही खेला है। बिंदुवार पूछताछ करने पर मामले में शामिल सभी आरोपियों के नाम सामने आए।

# ईद पर प्रदेश में 37018 ईदगाहों मस्जिदों में अदा होगी नमाज

**लखनऊ।** नवरात्रि और ईद-उल-फितर का त्योहार एक साथ पड़ने के कारण यूपी पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर सक्रिय हो गई। प्रदेश में कुल 37,018 ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-फितर के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जिलों में 2,912 संवेदनशील स्थान और हॉट- स्पाट्स चिन्हित करते हुए जोन और सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत पुलिस व्यवस्था की गई है। पुलिस मुख्यालय स्तर से 241 कम्पनी पीएसी, तीन कम्पनी एसडीआरएफ, आठ कम्पनी एसएसएफ तथा 229 कम्पनी सीएपीएफ को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर से दो अपर पुलिस अधीक्षक व छह पुलिस उपाधीक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है। एडीजी, कानून व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार ईद पर्व को लेकर जनपदों में पीस कमेटी, धर्म गुरुओं, धर्मस्थलों के प्रबन्धकों, संभ्रांत नागरिकों द्वारा संवाद करने के लिए 2,403 गोष्ठियां आहूत की जा चुकी हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार नहीं किए रामदेव बालकृष्ण के माफीनामे वाले हलफनामे

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब उनकी गलती पकड़ ली गई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने उस स्थिति से बचने का प्रयास किया, जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह बेहद अस्वीकार्य है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की।

# अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिये जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गयी और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं। अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा।

### मुश्किलें बढ़ीं

- मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दिया था फैसला

# आईआईएम अहमदाबाद विश्व के प्रमुख 25 संस्थानों में, जेएनयू देश का शीर्ष विवि

नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाक्वेरेली साइमंड्स लंदन की रैंकिंग में खुलासा

- 13 लाख शोध पत्र तैयार किए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है

वैश्विक क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में विश्व के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है जबकि आईआईएम-बेंगलौर और कलकत्ता शीर्ष 50 संस्थानों में हैं। उच्च शिक्षा विश्लेषण संबंधी कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस), लंदन की ओर से बुधवार को घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला है। विकास अध्ययन श्रेणी में ये विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। चेन्नई स्थित सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज दंत चिकित्सा अध्ययन श्रेणी में विश्व में 24वें स्थान पर है।

क्यूएस की मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि भारत के निजी तौर पर संचालित तीन उत्कृष्ठ संस्थानों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। क्यूएस के अनुसार, भारत तेजी से विस्तार करने वाले शोध केंद्रों में से एक है। उसने कहा कि 2017 से 2022 के बीच शोध में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो न केवल वैश्विक औसत के दोगुने से अधिक है, बल्कि पश्चिमी समकक्षों से भी अधिक है।

क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा कि भारत अब शोध क्षेत्र में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इस अवधि में 13 लाख अकादमिक शोध पत्र तैयार किए गए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है। भारत शोध उत्पादकता में ब्रिटेन को पीछे छोड़ने के करीब है।

# जिसके नाम से लगता था कर्फ्यू, ऐसा रगड़ा कि पैंट गीली हो गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मेरठ



- मेरठ की रैली में बोले- निर्दोषों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिलेगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी।

बुधवार को मेरठ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी उप्र. में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। योगी की जनसभा को लेकर भाजपा से यहां साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है।मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए योगी ने कहा कि पश्चिमी उप्र. में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां जो लोग गुमराह करने आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डाल के यहां की जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया था। दंगा पॉलिसी चलाने वालों ने यहां के युवाओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करके उनके जीवन को निगलने की कोशिश की थी, हमें उन्हें माफ नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने घास की रोटी खाना स्वीकार किया, मगर कभी विदेशी हुकूमत के सामने सिर नहीं झुकाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, क्योंकि सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है। आज बड़े बड़े माफिया और आतंकवादियों की कैसी दुर्गति हो रही है, सबको पता है। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है।

### कोई बकबक करता है तो मिर्च का झोंका लगा देते हैं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठुआ (जम्मू) में एक जनसभा में कहा कि हमने स्वतंत्र भारत में हमेशा एक ही धर्म माना, वह है राष्ट्रधर्म। राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। मेरी व्यक्तिगत आस्था कुछ भी होगी, यदि वह राष्ट्र के मार्ग में बाधक है तो उसे दरकिनार कर दिया जाएगा। मेरे लिए देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता व अखंडता सर्वोपरि है। योगी ने कहा कि पहले लोग खुद को हिंदू बोलने में भी संकोच करते थे। अयोध्या का नाम लेने में लोग डरते थे। अब मैं जनआस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। हम उप्र. में कोई संकोच नहीं करते हैं। वहां कोई दंगा करता है तो उल्टा लटकाकर टांग देते हैं। बहुत ज्यादा कोई बकबक करता है तो नीचे से मिर्च का झोंका लगा दिया जाता है, सारी भो-भो ठीक हो जाती है।

# अब विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ रहा देश: मुख्य सचिव

## नारायना कॉलेज में आठ ओटी ब्लॉक और एमआरआई मशीन का उद्घाटन किया

कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देश अब विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। मेडिकल सुविधाएं बेहतर से होने से लोगों को अपने जिले में ही इलाज मिल रहा है। नारायना कॉलेज ने जिस तरह से कोविड काल में मरीजों की सेवा की वह सराहनीय है। कॉलेज के चेयरमैन अमित नारायना की भावना सनातनी है, जिससे प्रभावित होकर वह कॉलेज आए हैं। यह बातें प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नारायना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में कहीं। उन्होंने आठ छात्र- छात्राओं और फैकल्टी का सम्मान किया।

पनकी स्थित नारायना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र पहुंचे। यहां पर उन्होंने रेडियोलॉजी विभाग में नई अत्याधुनिक एमआरआई मशीन और आठ माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया। नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के चेयरमैन अमित नारायन ने कहा कि एमआरआई मशीन नई तकनीकों से लैस है।

माड्यूलर आपरेशन थियेटर भी आधुनिक तकनीक से लैस है। मुख्य सचिव ने नारायना कॉलेज का निरीक्षण कर यहां पर मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। लेक्चरर रूम में चेयरमैन अमित नारायन व मैनेजिंग डायरेक्टर उदित नारायन ने मुख्य सचिव को सम्मानित किया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि अंधेरे को खोजने से बेहतर है चिराग जलाओ, जिसकी रोशनी से अंधकार दूर होता है। इसी तरह ही नारायना कॉलेज भी दीपक जाकर लोगों की जिंदगी से अंधेरा दूर करने का काम कर रहा है। कोविड कॉल में नारायना के डॉक्टरों व पैरामेडिकल ने काफी मेहनत की, जिसकी जानकारी कानपुर में रहे अधिकारी दे चुके हैं। अमित नारायन डॉक्टर नहीं है, लेकिन वह लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। इस दौरान मंडलायुक्त अमित गुप्ता, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, डीएसपी विजय ढुल, एसडीएम सिटी डॉ.राजेश सिंह, नारायना मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार, मेडिकल सुपरिंटेंडेट डॉ. रोहिणी श्रीवास्तव, उप प्राचार्य डॉ.अंकिता त्रिपाठी, एसीएमओ डॉ.सुबोध व मेडिकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के साथ अमित नारायन व उदित नारायन। अमृत विचार

- कहा, चेयरमैन की भावना सनातनी है, जिससे प्रभावित होकर कॉलेज आए हैं



बृहस्पति महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। अमृत विचार

### मां ने फेंका बच्चा, नारायना ने अपना नाम दिया

मुख्य सचिव ने बताया कि आठ मार्च को एक बच्चे का जन्म हुआ था, जिसे कोई पॉलीथीन में बांधकर पनकी की झाड़ियों में फेंक गया था, कुत्तों ने पॉलीथीन नोच दी थी। नवजात को लोगों ने नारायना कॉलेज में भर्ती कराया। यहां के डॉक्टरों की टीम ने बच्चे की न सिर्फ जान बचाई बल्कि उसे अपना नाम भी दिया। बच्चे का नाम अनादि नारायन रखा, जिसे मुख्य सचिव ने गोद में उठाया तो वह खिलखिला उठा। बताया कि बच्चे के शरीर पर 56 टांके लगे हैं। नारायना कॉलेज द्वारा किया गया यह कार्य ही सनातन की शक्ति का प्रतीक है और यही परोपकार है।

### दीक्षांत समारोह में भी पहुंचे मुख्य सचिव

**कानपुर।** बृहस्पति महिला महाविद्यालय में बुधवार को दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान स्किल कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी हुए। मुख्य अतिथि मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि देश जल्द ही विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आकर खड़ा होगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि बचपन से ही सुनते आ रहे थे कि भारत एक विकासशील देश है, लेकिन अब ज्यादा देर नहीं है, जब आजादी के सौ साल पूरे होने वाले होंगे उस समय हमारा देश विकसित देश हो चुका होगा। इससे पूर्व उन्होंने मां बगलामुखी का पूजन कर हवन में आहुतियां दीं। इसके बाद बृहस्पति पब्लिक स्कूल की शुरुआत भी की। महाविद्यालय से स्किल कोर्स करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# मुख्य सचिव के लिए रातों-रात बनाईं सड़कें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गरीबी न दिखे इसलिए झोपड़ियों को ढका

**अमृत विचार।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र बुधवार को शहर में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उनके दौरे से पहले नगर निगम ने उनके रूट की सड़कों को चमाचम कर दिया। पनकी-गंगागंज रोड, पनकी धाम स्टेशन रोड की महीनों से खराब सड़क के गड्ढे नगर निगम ने रातों-रात भर दिए। इसके साथ ही गंदगी और झुग्गी झोपड़ियों को हरे पर्दे से ढक दिया। किदवई नगर से लेकर पनकी तक सड़कों को साफ-सुथरा कर दिया गया।

मुख्य सचिव लखनऊ से बाई रोड सबसे पहले बृहस्पति महिला महाविद्यालय, किदवई नगर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इसके बाद वे पनकी स्थित नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नई मेग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग मशीन और ऑपरेशन ब्लॉक का लोकार्पण करने पहुंचे। उनके दौरे से पहले नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी सड़क पर दौड़ते हुये नजर आये। हर प्रकार के अवैध निर्माण को हटा दिया गया है। होर्डिंग, बैनर तक हटा लिए गए।



पनकी-गंगागंज रोड को रातों-रात नगर निगम ने बना दिया। अमृत विचार

# आईआईटी से ऑनलाइन कोर्स भी कर सकेंगे युवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी से जल्द ही ऑनलाइन कोर्स भी युवा कर सकेंगे। इसके लिए बुधवार को आईआईटी कानपुर और स्काई स्किल एकेडमी के साथ समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इलेक्ट्रॉनिक वाहन टेक्नोलॉजी, पॉवरट्रेन सहित अन्य कोर्स संचालित किए जा सकेंगे।

आईआईटी कानपुर की ओर से स्थापित आईआईटीके फाउंडेशन फॉर एडवांस्ड कंसल्टिंग एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (आईएफएसीईटी) ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी और पावरट्रेन, ऑटोनॉमस व्हीकल और एडीएएस, एंबेडेड सिस्टम, व्हीकल डिजाइन और विश्लेषण, एएनएसवाईएस, सॉलिड वर्क्स और अन्य नए प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में युवाओं को कोर्स कराए जा सकेंगे। ईएंडआईसीटी अकादमी आईआईटी कानपुर मुख्य अन्वेषक, प्रो. फनी ने बताया कि उभरते उद्योगों में सीएडी और विश्लेषण, आईओटी, मशीन लर्निंग, एआई और एंबेडेड सिस्टम आदि जैसे तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग बढ़ रही है। यह समझौता प्रशिक्षित पेशेवरों की कमी को पूरा करने में मदद करेगा। युवाओं के लिए अन्य संस्थानों के मुकाबले सुलभ व सस्ती शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

इस मौके पर स्काई स्किल एकेडमी के सीईओ हिमांशु शेखर पांडा ने कहा कि यह सहयोग अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में सुलभ और किफायती शिक्षा प्रदान करने के लिए है। ये पाठ्यक्रम विभिन्न पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों की जरूरतों को पूरा करेंगे। जिनमें छात्र, पेशेवर और उत्साही लोग शामिल हैं जो भविष्य के उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में खुद को उन्नत या फिर अपने कौशल को अपडेट करना चाहते हैं। ऑनलाइन पाठ्यक्रम कुछ ही महीनों में शुरू होने की उम्मीद है। पंजीकरण विवरण और पाठ्यक्रम की जानकारी जल्द ही स्काई स्किल अकादमी और आईएफएसीईटी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।



ऑनलाइन कोर्स के लिए साझेदारी करते हुए स्काई स्किल एकेडमी के सीईओ हिमांशु शेखर पांडा व आईएफएसीईटी के सीईओ आर्कस श्रीनिवास। अमृत विचार

- संस्थान का स्काई स्किल एकेडमी के साथ हुआ समझौता
- इलेक्ट्रॉनिक वाहन टेक्नोलॉजी पॉवरट्रेन आदि कोर्स शामिल

# सचिव से शिकायत पर लिखी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास
- चकेरी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी में पड़ोसी युवक ने नशे में धुत होकर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर रिश्तेदारों के साथ मिलकर पीड़िता से मारपीट की। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने प्रदेश सरकार के गृह विभाग के प्रमुख सचिव से शिकायत की। जिनके आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

चकेरी निवासी महिला ने बताया कि पड़ोसी गोविंदा पिछले काफी समय से उन्हें परेशान कर रहा था। उन्होंने चकेरी पुलिस से शिकायत की थी। जिसके बाद से आरोपी उनसे खुन्नस रखने लगा था। आरोप लगाया कि 24 अक्टूबर 2023 को वह घर पर अकेली थीं, तभी आरोपी नशे की हालत में घर में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने जीजा भूपेंद्र व कुंदन के साथ मिल कर उनकी पिटाई कर दी। शिकायत चकेरी थाने व उच्चाधिकारियों से की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद उन्होंने गृह विभाग के प्रमुख सचिव को जानकारी दी।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में पिकअप चालक की मौत

**कानपुर।** रूरा निवासी सतीश के बेटे विनय (19) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह पिकअप चालक था। चाचा मनीष ने बताया कि मंगलवार रात सतीश पिकअप लेकर रनियां से फतेहपुर जा रहा था। भौंती बाईपास पर पिकअप में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पनकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### फोन पर बात करते ट्रेन की चपेट में आई महिला

**कानपुर।** काकादेव, लोहारन भट्ठा निवासी निरहू की बेटी अंजलि (30) की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। भाई अंकित ने बताया वह फोन पर बात करते हुए जीटी रोड स्थित रेलवे लाइन पार कर घर आ रही थी। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भाई के मुताबिक उसका विवाह हो चुका था। लेकिन पति से अनबन के कारण वह मायके में ही रहती थी। काकादेव पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### नकाबपोश लुटेरों ने मार्निंग वॉकर की चेन छीनी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में बुधवार सुबह बाइक सवार नकाबपोश लुटेरों ने मार्निंग वॉकर बुजुर्ग की चेन लूट ली। मदारपुर, अवधपुरी निवासी राजेश कुमार खन्ना सिंचाई एवं जल संस्थान विभाग से रिटायर्ड हैं। राजेश ने बताया कि बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के बाद वह घर का सामान लेकर लौट रहे थे। रास्ते में पीछे से बाइक सवार दो नकाबपोश आए और झपट्टा मार कर गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली और फरार हो गए। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर लुटेरों की पहचान कराई जा रही है।

# वृद्ध पिता को साथ रखने पर बेटे को मारापीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बैंककर्मी ने अपने परिजनों पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- चकेरी के आदर्श विहार इलाके का मामला

**अमृत विचार।** चकेरी में बैंककर्मी ने अपनी पत्नी, बेटे, बेटी व दामाद पर गला दबा कर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि वृद्ध पिता को साथ रखने का आरोपी उनका विरोध करते हैं और उनके साथ मारपीट करते हैं। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

आदर्श विहार निवासी उमाकांत सचान ने बताया कि वह एयरफोर्स से रिटायर हैं और वर्तमान में एक बैंक में लिपिक हैं। बताया कि उनके पिता जगन्नाथ सचान (90) उन्हीं के साथ रहते हैं। लेकिन पत्नी मनोरमा, बेटा रजत, बेटी सोनाली और दामाद अभिषेक पिता को अलग कर देने का उन पर दबाव बना रहे हैं।

आरोप लगााया कि आठ अप्रैल की देर रात आरोपी परिजन कमरे में घुस आए और सरिया व डंडे से पीटना शुरू कर दिया। साथ ही गला दबा कर हत्या का प्रयास किया। चकेरी पुलिस ने जबरन समझौता करवा दिया, जिसके बाद उक्त लोगों ने दोबारा धमकाना शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

# सचेंडी में आग से 25 बीघा फसल जलकर राख

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में मंगलवार दोपहर खेतों में आग से लगभग 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

सचेंडी आलमपुर गांव निवासी रामसेवक, अभिमन्यु यादव, धर्मपाल, रामपाल, शिवपाल, तारा सिंह और सुखवासी यादव के खेतों में मंगलवार दोपहर आग लग गई। कुछ ही देर में तेज हवा के कारण आग पूरे खेतों में फैल गई। आसपास के किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन लपटें बढ़ती गईं। इस दौरान कई किसान झुलस गए। बाद में फायर ब्रिगेड की चार गाड़िया मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# प्लेटफार्मों पर कड़ी निगरानी हो:एसपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीआरपी एसपी ने बुधवार को जीआरपी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी ने प्लेटफार्मों और सर्कुलेटिंग एरिया की ड्यूटी पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कहा कि यात्रियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विशेष ट्रेनों में स्काट होना चाहिए।

एसपी जीआरपी अष्टभुजा प्रताप सिंह दोपहर 12 बजे सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। गारद की सलामी के बाद उन्होंने प्लेटफार्मों पर घूमकर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था देखी। इसके बाद जवानों के आवास, भोजनालय और शौचालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने थाने में अपराध समीक्षा बैठक की। एसपी ने जीआरपी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा को निर्देश दिए कि प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया की ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त ड्यूटी पर लगे जवानों को समय-समय पर ब्रीफ करना चाहिए। इसके अलावा महत्वपूर्ण ट्रेनों में तेज तर्रार स्कॉट की ड्यूटी लगाई जाए। आउटर पर पिकेट जरूर लगे। चुनाव ड्यूटी में ड्यूटी पर जाने से पहले फोर्स को विधिवत प्रशिक्षित किया जाएगा।



निरीक्षण करते एसपी जीआरपी अष्टभुजा प्रताप सिंह। अमृत विचार

- जीआरपी एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

जय झूलेलाल | शहर में सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया चेट्रीचंड महोत्सव

# आकर्षक झांकियां निकलीं, मंदिरों में की गई सजावट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिंधी समाज ने बुधवार को प्रभु झूलेलाल का जन्मोत्सव (चेट्रीचंड) धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। विभिन्न स्थानों पर आयोजन हुए। मंदिरों की भव्य सजावट, श्रृंगार किया गया। आकर्षक झांकियां निकाली गई। रामबाग स्थित मंदिर से झूलेलाल की प्रभात फेरी निकाली गई।

झूलेलाल अखंड ज्योति ट्रस्ट की ओर से रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर में सजावट की गई। देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाकर सुबह छह बजे झूलेलाल की प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का समापन होने पर झूलेलाल की महाआरती हुई। बहराणा साहब का पूजन कर आर्शीवाद लिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक माखीजा ने बताया कि चेट्रीचंड का अर्थ है चैत्र मास की चंद्र तिथि। चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया के दिन सिंध प्रदेश में झूलेलाल ने अवतार लिया था। तभी से चेट्रीचंड मनाने की परंपरा है। इस अवसर पर झूलेलाल मंदिरों व सिंधी पंचायतों की ओर से पूजे गए बहराणा साहब का सामूहिक विसर्जन पनकी नहर में किया गया।

इस मौके पर अशोक माखीजा, धर्मपाल इसरानी, लक्ष्मन आडवानी, अशोक किशनचंद, इंदर पमनानी, दिलीप वलेचा, मनीष रमानी, विजय राजपाल, श्याम तलरेजा, अनिल खिलवानी, दीपक आहूजा आदि मौजूद रहे।

इसी तरह सिंधी पंचायत काकादेव में चेट्रीचंड महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पांडुनगर स्थित कापरेटिव सोसाइटी धर्मशाला में कार्यक्रम हुआ। मनोज आडवाणी, हंसराज भागवानी, नरेंद्र गोकलानी, जयकिशन मतलानी, दिलीप बजाज आदि रहे।

इसके अलावा गोविंदनगर चावला चौराहा से झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक अजय कपूर व पंडित विजय शर्मा, बांके बिहारी मंदिर के हरिदास महाराज ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। श्याम लाल मूलचंदानी ने भक्तों को भगवा वस्त्र पहनकर स्वागत किया। शाम छह बजे बहराणा साहिब की पूजा हुई। बलराम कटारिया, पूनम चुग, ज्योति गेरा, रोमा दावरानी, शीतल गेरा, प्रयंका आहूजा, गणेश बजाज, बंटी सिधवानी, सुरेश कटारिया, पूर्ण बजाज, राजकुमार लालवानी आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में महिलाओं ने डांस किया। अमृत विचार

# किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**कानपुर।** लाल बंगला में मंगलवार देर रात किराना दुकान में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। दुकान में सिलेंडर रखा होने की जानकारी पर हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने शटर तोड़कर आग बुझाई।

जेके कॉलोनी निवासी शांति देवी की फूलवाली गली लाल बंगला में सुनीता शुक्ला के मकान में किराने की दुकान है। मंगलवार देर रात शार्ट सर्किट से दुकान आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दुकान संचालक ने दुकान में गैस सिलेंडर रखे होने की जानकारी दी तो हड़कंप मच गया। थोड़ी देर में दुकान के सामने खड़ी एक बाइक में भी आग लग गई। शांति देवी ने बताया कि बेटे की शादी के लिये सिलेंडर और 50 हजार रुपये रखे थे, जो जल कर खाक हो गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनमोल सिंह का नाम बदलकर कार्तिक सिंह रख दिया है अब उसे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र सच्चिदानंद सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट संवरा, थाना व तहसील रसड़ा, जिला बलिया 221701**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना अब्दुल रहमान से बदलकर अब्दुल रहमान अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अब्दुल रहमान अंसारी पुत्र मुख्तार ग्राम बांसगांव राशिद टोला, पोस्ट दुधही, जिला कुशीनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Savir से बदलकर Sabir रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **साबिर पुत्र आस मोहम्मद ग्राम सोहसा पोस्ट बसुली फार्म, जिला महराजगंज 273163**

**सूचना**

सूचित हो कि प्लाट नं0 26 जिसका बही सं0 1 जिल्द सं0 7350 पृष्ठ सं– 181 से 126 पर क्रमांक 12315 में उपनिबन्धक कार्यालय में रजिस्टर्ड है। इसका मूल सेल डीड (Sale Deed) का आखिरी पन्ना कहीं खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **शाखा इंडियन बैंक डी जी मेडिकल सर्विसेस कैसरबाग लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Hifjurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Ikbal Ahmad Khan इकबाल अहमद खान से बदलकर Hifzurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Iqbal Ahmad इकबाल अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **हिफजुर्रहमान पुत्र इकबाल अहमद ग्राम रोहुडिला, टोला उमरानगर, पोस्ट बेल्टीकर रोहुडीला, शिवपतिनगर, जिला सिद्धार्थनगर 272206**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बबलू से बदलकर बबलू गौंड रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **बबलू गौंड पुत्र राजेन्द्र ग्राम बाल खुर्द, पोस्ट चौरी चौरा, जिला गोरखपुर 273201**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2001 व अनुक्रमांक 5156548 और यू0पी0 बोर्ड का इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2134942 वास्तव में कहीं खो गया है। **एखलाक अहमद पुत्र कोतवाल अली निवासी शाहपुर कला विकास खण्ड मिहिपुरवा तहसील मिहिपुरवा मोतीपुर जनपद बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपनी दोनों पुत्रियों दुलारी व रानी और पुत्र सूरज को उनके कार्यकलापों एवं व्यवहार व बर्ताव ठीक न होने के कारण उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ और किसी भी कृत्यों के लिये यह तीनों स्वयं जिम्मेदार होंगे और मेरी चल अचल सम्पत्ति के वारिस मेरे दोनों पुत्र कुलदीप व जयराम होंगे। **रामकुमारी पुत्री श्री छोटा निवासी ग्राम खेड़ा डीहा ढकवा भदवाना मलिहाबाद, लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या 1/75 सेक्टर–1 गोमती नगर विस्तार लखनऊ से संबन्धित मूल आवंटन पत्र दिनांकित 02/03.03.2005 एवं मूल विक्रय कि लेख संख्या–14527 दिनांकित 27.12.2008 का आखिरी पृष्ठ कहीं खो गया है जो बहुत खोजने पर भी नहीं मिला उक्त दस्तावेजों को किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का उपयोग असंवैधानिक होगा।

प्रार्थिनी
डा0 श्वेता सिंह पुत्री श्री विनोद कुमार सिंह
निवासिनी:–सेक्टर 8/401, इन्दिरा नगर, विमल पार्क के सामने, इन्दिरा नगर लखनऊ। मो0नं0:–9936907703

## तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघंटा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

**बीज मंत्र-ऐं श्रीं शक्तयै नमः।**

### आज का मौसम

तापमान में बढ़ोतरी की संभावना। तेज हवाएं चलेंगी।

| 38.2° | 21.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:49 | सूर्यास्त 06:31 |

### शहर में आज

- **प्रशिक्षण :** राजकीय पॉलीटेक्निक में कार्मिकों का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से।
- **उद्घाटन :** सीएचएस गुरुकुलम का शुभारंभ मेहरबान सिंह पुरवा मोहनपुरम में सुबह 10 बजे।
- **बैठक :** भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के चुनाव प्रबंधन समिति की नौबस्ता में बैठक सुबह 11 बजे।
- **ईद मिलन :** सपा व कांग्रेस कार्यालय में ईद मिलन कार्यक्रम दोपहर एक बजे।



आंधी से टूट गई गंगा बैराज की जाली। अमृत विचार



अचानक शुरू हुई बारिश से भीग गए राहगीर। अमृत विचार

# बेमौसम आंधी-पानी से घंटों बिजली गुल

## शहर के 47 इलाकों में लगभग चार घंटे नहीं रही बिजली, गंगा बैराज की जाली टूटी, उड़ा धूल का गुबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में बुधवार शाम अचानक मौसम ने करवट ले ली। आंधी व बारिश हुई। इससे तेज गर्मी से लोगों को थोड़ी देर के लिए राहत मिली लेकिन जनजीवन पर खासा असर पड़ा। धूल के गुबार से लोग परेशान हुए। गंगा बैराज की जाली टूट गई और शहर में 47 इलाकों में लगभग चार घंटे बिजली गुल रही। कई जगह पेड़ों की डालियां टूट गईं और यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग की मानें तो मौसम में 13 व 14 को दोबारा परिवर्तन संभव है।

शाम लगभग 4 बजे अचानक आए बादलों और उसके बाद आंधी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया। तेज आंधी की वजह से धूल का गुबार उड़ा। आंधी की वजह से शहर के 47 मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। इससे लगभग 5 लाख लोग चार घंटे तक प्रभावित रहे।



आंधी से धूल का गुबार उठा। अमृत विचार

शाम के समय बिजली गुल होने से घरों में कार्य प्रभावित हुआ।

नौबस्ता, सागरपुरी, लाजपत नगर, नौबस्ता गल्ला मंडी, ग्वालटोली, परमट, आर्य नगर, स्वरूप नगर, शिवपुरी, कृष्णा नगर, किदवई नगर, आवास विकास हंसपुरम, रावतपुर, बर्रा तीन, रानीघाट, गुजैनी, कर्मचारी नगर, दालमंडी, गांधी ग्राम, केडीए कॉलोनी, गंगा विहार, स्वर्ण जयंती विहार, सनिगवां सहित 47 इलाकों में बिजली गुल रही।

**दो दिन में कर लें कटाई:** मौसम विभाग की ओर से किसानों के लिए भी एडवाइजरी जारी की गई है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वह अपनी फसलों की कटाई मढ़ाई का काम शुक्रवार तक खत्म कर लें। अनाज को गोदाम व सुरक्षित स्थानों पर रख सकते हैं।

### हैलट में भी कटौती

- हैलट में बिजली गुल होने के चलते मरीजों को परेशानी हुई। हैलट प्रशासन की ओर से जनरेटर की सहायता ली गई। अस्पताल में अचानक बिजली गुल होने और आंधी पानी से अस्पताल के बाहर खड़े तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ी।

### 13 व 14 को भी आंधी-बारिश की संभावना

- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते 12 अप्रैल से उत्तर पश्चिमी भारत व 13 अप्रैल से उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव की संभावना है। 12, 13 व 14 अप्रैल को आंधी व बूंदाबांदी और कहीं-कहीं हल्की बारिश से लेकर मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# किशोरी से गैंगरेप, दो युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिठूर

- **बिठूर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम को हुई वारदात**
- **पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही दो युवकों पर केस**

**अमृत विचार।** बिठूर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ मंगलवार की शाम दो युवकों ने गैंगरेप किया। पीड़िता की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय ने गांव पहुंचकर पीड़िता के साथ परिजनों के भी बयान दर्ज किए।

17 वर्षीय किशोरी मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर के बाहर शौच के लिए गई थी। काफी देर तक किशोरी के नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन के लिए भाई निकला तो खेत में वह बदहवास हालत में मिली। भाई ने वहां मौजूद एक आरोपी को दबोच लिया, लेकिन इसी बीच उसके दूसरे साथी ने हाथ में डंडा मार दिया, जिससे वह जख्मी हो गया। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। किशोरी ने दोनों युवकों पर गैंगरेप का आरोप लगाया। परिवार वाले उसे लेकर थाने पहुंचे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी पहले से घात लगाए बैठे थे और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध पर उसका मुंह दबा दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के अभिषेक प्रजापति उर्फ बऊवालाल और कल्लू अवस्थी पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की। कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय ने पीड़िता के बयान दर्ज करने के साथ परिजनों से भी पूछताछ की। एसीपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# क्राइम ब्रांच बताकर युवक से ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर युवक से 3.75 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित ने जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोखरपुर निवासी फरहान अहमद ने बताया कि 18 मार्च को उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को कोरियर सर्विस से बताया आधार कार्ड का दुरुपयोग होने की जानकारी दी। इसके बाद उन्हें झांसे में लेकर एक ऐप डाउनलोड कराकर कॉल की, जिस पर कॉलर आईडी में मुंबई क्राइम ब्रांच नाम दिखा रहा था। बात करने वाले युवक ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए उनका नाम मानव तस्करी व मनी लांड्रिंग के केस में होने की जानकारी दी और नाम हटाने के एवज में रुपयों की मांग की। जिस पर उन्होंने खाते से 3.75 लाख रुपये भेज दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर शिकायत जाजमऊ थाने में की।

## एक नजर

### छात्रों को मिला तीन महीने का समय

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं को राहत देते हुए नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत छात्र की लॉगइन पर एबीसी-एपीएआर आईडी में नाम पता, मोबाइल नंबर गलत होने पर उसका संशोधन तीन माह में वे करा सकते हैं। तब तक परीक्षा में सम्मिलित होने पर कोई दिक्कत नहीं होगी। निर्धारित अवधि में संशोधन न होने पर विवि की ओर से छात्र-छात्राओं का परीक्षा, परिणाम रोका जा सकता है। यह निर्देश बुधवार को विवि के परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने जारी किया है।

### आयुध निर्माणी में बेसमेंट की शुरुआत

**कानपुर।** एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई आयुध निर्माणी कानपुर में बुधवार को अस्थाई कार्यभार अधिकारी संदीप कन्हाई ने नए शेल फोर्ज प्लांट के बेसमेंट की शुरुआत की। बताया गया कि पुराने शेल फोर्ज प्लांट की अवधि लगभग समाप्त हो गई है। उसके बाद भी उत्पादन कर रहा है। यह प्लांट 105 एमएम व 125 एमएम के तोप के गोलों का उत्पादन करता है। नया प्लांट अनुमान है कि 2025 तक पूर्ण रूप से उत्पादन शुरू कर देगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आरके सिंह, योगेंद्र कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक धर्मेंद्र सिंह, सुधीर यादव, सौरभ मिश्रा, मनीष सक्सेना, के साथ यूनियन के कार्यकर्ता व कर्मचारी मौजूद रहे।



बर्रा में दिव्यांशी गेस्ट हाउस अवैध रूप से बना है। अमृत विचार

# दिव्यांशी गेस्ट हाउस को फिर किया गया सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **इसके पहले बुलडोजर से गिराने की हो चुकी है कार्रवाई**
- **दोबारा बनाकर फिर से संचालित कर रहा है संचालक**

**अमृत विचार।** बर्रा बाईपास पर मानकों को ताक पर रखकर बना दिव्यांशी गार्डेन गेस्ट हाउस बुधवार को केडीए की टीम ने दोबारा सील कर दिया। इससे पहले भी केडीए की टीम गार्डेन को सील करने के साथ ही बुलडोजर से गिराने की कार्रवाई कर चुकी है। लेकिन, गार्डेन का मालिक सेटिंग-गेटिंग से फिर से संचालन शुरू कर देता है।

केडीए जोनल प्रभारी अधिकारी जोन 3 बुधवार को थाना बर्रा के अंतर्गत भवन संख्या-744 व 744ए में बने दिव्यांशी गार्डेन को सील करने पहुंचे। इस दौरान गार्डेन दोबारा संचालित होता पाया गया। केडीए के अवर अभियंता और अन्य प्रवर्तन स्टाफ के सहयोग से अधिकारियों ने गार्डेन को पूरी तरह से खाली कराकर बाहर से सील कर दिया और किसी भी तरह के संचालन पर रोक लगा दी।

**सितंबर 2022 में भी हुई थी कार्रवाई:** केडीए के विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला ने बताया कि जूही कलां डब्ल्यू ब्लाक के प्लाट नंबर 744 और 744ए करीब दो हजार वर्ग गज की जमीन केडीए की है, जिसपर विनोद प्रजापति फर्जी दस्तावेज बना कब्जा कर दिव्यांशी गार्डन के नाम से गेस्ट हाउस चला रहा था। गेस्ट हाउस सील भी किया गया था, लेकिन विनोद प्रजापति सील तोड़कर फिर गेस्ट हाउस संचालन करने लगे थे। उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था।

# कर्ज में डूबे प्रॉपर्टी डीलर ने गोली मारकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अंकित।

- पत्नी के मायके से लौटने के बाद वारदात की हुई जानकारी
- केशवपुरम में किराये के कमरे में तमंचे से सीने पर गोली मारी

### अंकित व महक की हुई थी लव मैरिज

- अंकित की सास रीता गुप्ता ने बताया कि बेटी महक की पहली शादी बड़ौदा निवासी प्रमोद कुमार से हुई थी। दोनों का एक बेटा सार्थक है। शादी के छह वर्ष बाद पति से अनबन होने के बाद महक सार्थक को लेकर मायके आ गई थी। इसके बाद महक ने अंकित के साथ लव मैरिज की थी।

### तमंचा दिखाकर करता था आत्महत्या की बात

- महक ने बताया कि अंकित नशे की हालत में अक्सर बच्चों के सामने तमंचा निकाल कर जान देने की बात करता था। कई बार उन्होंने अंकित को समझाया था। तमंचा रखने का विरोध भी किया लेकिन वह नहीं माना।

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलिंग व शेयर ट्रेडिंग का काम करने वाले युवक ने कर्ज के कारण मंगलवार देर रात कमरे में तमंचे से सीने पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त पत्नी मायके गई हुई थी और दोनों बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। रावतपुर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने कमरे से तमंचा व शराब की बोतल बरामद की। पत्नी के मुताबिक पति चलने फिरने में असमर्थ होने के साथ ही शराब के लती थे। अपने व पत्नी के नाम से कई फाइनेंस कंपनियों से लोन ले रखे थे लेकिन चुका नहीं पा रहे थे।

मूलरूप से श्याम नगर निवासी अंकित अग्रवाल (35) पत्नी महक गुप्ता व दो बच्चों सार्थक (11) व बेटी किंजल (3) के साथ कल्याणपुर, केशवपुरम में डॉ पीएन गुप्ता के मकान में किराये पर रहते थे।

महक के मुताबिक पति प्रापर्टी डीलिंग व शेयर ट्रेडिंग का काम करते थे, जबकि वह सिलेंडर चौराहे के पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर में काम करती है। मंगलवार को वह उरई स्थित मायके गई हुईं थीं। मंगलवार देर रात बगल के कमरे में बच्चे सार्थक व किंजल सो रहे थे। दूसरे कमरे में मौजूद अंकित ने देर रात सीने में तमंचे से गोली मार ली। बुधवार सुबह बच्चे सोकर उठे तो उन्होंने अंकित का दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर सार्थक ने मां को फोन पर जानकारी दी। महक मौके पहुंची और पड़ोस में रहने वाले मकान मालिक को जानकारी दी। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ने के बाद वह कमरे में दाखिल हुई तो पति का खून से लथपथ शव बेड पर पड़ा हुआ था। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय व रावतपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

### कई लोन लिए थे

- महक ने पुलिस को बताया कि पति बीमारी के कारण पति का एक पैर काफी समय पहले खराब हो गया था। चार माह पूर्व दूसरा पैर भी खराब होने पर डॉक्टर ने इलाज के लिए चार लाख रुपये की मांग की थी। आर्थिक तंगी के कारण उनका इलाज नहीं हो पा रहा था। तीन महीने पहले अंकित की मां की कैंसर से मौत हो गई थी, पिता का काफी समय पहले निधन हो गया था। परिवार में अंकित ही अकेला था। अंकित ने कार लोन, हाउसिंग लोन समेत कई लोन ले रखे थे, जिनकी हर माह 50 से 60 हजार रुपये किस्त जातीं थीं। बीते तीन महीने से किस्तें नहीं जा पा रही थीं, जिस कारण वह परेशान थे। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि युवक ने सीने में गोली मार कर आत्महत्या की है। इस घटना से घर में कोहराम मच गया है। लोग पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने के लिए जुटे रहे।

# कंगना रनौत पर अभद्र टिप्पणी में अधेड़ को जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कंगना रनौत।

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर अभिनेत्री और मंडी, हिमाचल प्रदेश से भाजपा लोकसभा चुनाव की प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर जूही लाल कालोनी निवासी अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भड़काऊ पोस्ट के साथ फिल्म अभिनेत्री के मंडी से चुनाव लड़ने पर आपत्तिजनक पोस्ट की थी।

किदवई नगर थाने के लाल कालोनी चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह राघव ने बताया कि सोशल मीडिया पर अतीक हाशमी नाम से बने एक अकाउंट से धर्म समुदाय के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट वायरल की गई थी। साथ ही फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ भाजपा से टिकट दिए जाने को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गईं थीं। जांच के दौरान जानकारी मिली कि यह पोस्ट जूही लाल कालोनी निवासी अतीक हाशमी (50) की आईडी से की गई है। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट, धार्मिक भावनाओं को भड़काने, राष्ट्रीय एकता के खिलाफ प्रभाव डालने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### अभद्र टिप्पणी पर पुलिस- प्रशासन सख्त

- लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद से किसी भी तरह की अभद्र या भड़काऊ टिप्पणी पर पुलिस-प्रशासन सख्त है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश के बाद से ऐसे मामलों पर पुलिस तुरंत सख्ती से कार्रवाई कर रही है।

# महामंडल विधान के 1500 महाअर्घ्य समर्पित किए गए

**कानपुर।** श्री 1008 प्रभु पार्श्वनाथ चैत्यालय के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को चैत्र शुक्ल द्वितीया को श्री 1008 कल्याण मंदिर महामंडल विधान का अभिषेक धूमधाम से किया गया। अभिषेक पहली बार श्रीमानस जैन के सुपुत्र की ओर से किया गया। कराचीखाना स्थित मंदिर में शांतिधारा कैलाश चंद्र जैन, निर्मला जैन, मोहित जैन, प्रियंका जैन, मंत्र जैन व चित्रांक जैन की ओर से की गई।

नित्य पूजन के बाद श्री 1008 कल्याण मंदिर महामंडल विधान के 1500 महाअर्घ्य समर्पित किए गए। श्रीजी की महाआरती, शास्त्र प्रवचन व बच्चों की नाटिका का मंचन हुआ। विधानकर्ता शशिप्रभा, अर्चना जैन ने बच्चों को पुरस्कृत किया। रितुराज जैन, चित्रांक जैन, सुनील जैन, त्रिभुवन चंद्र जैन, मानस जैन, अनूप जैन, समन्वय जैन, संशुद्ध जैन, केशवदेव जैन, संतोष जैन, अर्चना जैन, रितिका जैन आदि रहीं।

# 12 विभागों के 36 कर्मचारियों का वेतन रोका गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अपर नगर आयुक्त के निरीक्षण में कर्मचारी मिले थे गायब**

**अमृत विचार।** जनता के लिये नगर निगम में खोले गये नागरिक सुविधा केंद्र में भी कर्मचारी भी समय से नहीं पहुंच रहे हैं। अपर नगर आयुक्त तृतीय के निरीक्षण में नागरिक सुविधा केंद्र के नौ कर्मचारी गायब मिले। वहीं, अन्य 12 विभागों के 36 कर्मचारी नदारद मिले। सभी का वेतन रोकने के लिये कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

अपर नगर आयुक्त तृतीय अमित कुमार भारतीय द्वारा पिछले एक अप्रैल को किये गये निरीक्षण में नगर निगम के 12 अलग-अलग विभागों के कुल 36 नियमित व आउटसोर्स कर्मचारी गायब मिले थे। इसमें नागरिक सुविधा केंद्र के नौ, मार्ग प्रकाश के चार, स्वास्थ्य विभाग के दो, ऑडिट के सात, नागरिक सहायक कक्ष के एक, सामान्य प्रशासन के दो, सचिव नगर निगम के दो, कार्मिक के दो, लेखा के तीन, भंडार के दो, कैटिल कैचिंग और जनसूचना के एक-एक कर्मचारी अपनी सीट से गायब मिले।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त ने रजिस्टर भी चेक किया। अपर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुये सभी के खिलाफ कार्यवाही के लिये पत्र लिखा था। जिसके बाद बुधवार को प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने अनुपस्थित पाये गये सभी कर्मचारियों को एक दिन का वेतन काटने व रोकने के आदेश जारी कर दिये।

**कार्रवाई** | बिजली विभाग के रिटायर्ड लेखाकार से मांगी थी घूस, दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड औरैया का मामला

# 10 हजार रुपये घूस लेते एक्सईएन को गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग के रिटायर लेखाकार से पेंशन व अन्य देयों के भुगतान की फाइल पास कराने के नाम पर 10 हजार की घूस लेते अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ दबोच लिया। आरोप है कि मांगी गई रकम न देने पर मुख्यालय से स्वीकृत फाइल को एक्सईएन ने लटकाए रखा।



संदीप कुमार दुबे।

श्याम नगर, कंचन विहार निवासी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वह दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड औरैया में 10 मार्च 2016 से 30 जून 2023 तक तैनात रहे। 30 जून को वह लेखाकार पद से रिटायर्ड हुए थे। उन्हीं के कार्यालय में एक्सईएन के पद पर मूलरूप से भरथना, महावीर नगर व वर्तमान में रतनलाल नगर निवासी संदीप कुमार दुबे तैनात हैं। अनिल का आरोप है कि संदीप कुमार दुबे पेंशन के प्रकरण को आगरा मुख्यालय को प्रेषित नहीं कर रहे थे। चार माह का चिकित्सा अवकाश का वेतन जो मुख्यालय से स्वीकृत होकर तीन माह पहले ही आ गया था उसका भी भुगतान नहीं कर रहे थे। उन्होंने सभी भुगतान कराने के एवज में 40 हजार रुपये घूस की मांग की। मान-मनौव्वल के बाद 20 हजार रुपये में बात तय हुई। एक्सईएन ने पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये कार्यालय या घर आकर देने की बात कही। अनिल ने पांच अप्रैल को एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर जटा शंकर सिंह ने गोपनीय जांच इंस्पेक्टर चतुर सिंह को सौंपी। सात अप्रैल को अनिल कुमार शर्मा की शिकायत को सही पाया गया। इसके बाद घूसखोर एक्सईएन को जाल में फंसाने की योजना तैयार हुई। एंटी करप्शन टीम ने डीएम से मिलकर दो अधिकारियों की मांग की। जिस पर एडीएम की ओर से दो अधिकारी पंकज मिश्रा व अनिल कुमार द्विवेदी मुहैया कराए गए। 500 के 20 नोटों का नंबर नोट कर उनमें फिनॉफ्थलीन पाउडर लगाया गया। एंटी करप्शन टीम अधिकारियों के मुताबिक घूसखोर एक्सईएन को रिटायर्ड लेखाकार से मंगलवार को फोन कराया गया, जिस पर उसने रतनलाल नगर स्थित पेट्रोल पंप बुलाया। जिस पर टीम में शामिल इंस्पेक्टर जटा शंकर के साथ इंस्पेक्टर एकता त्यागी, दरोगा देव प्रकाश मिश्र, हेड कांस्टेबल आशीष प्रकाश कुशवाहा, बृजनंदन सिंह, प्रीतम सिंह, कांस्टेबल सतेंद्र ने जाल बिछा लिया। कुछ देर बाद एक्सईएन बाइक से आया, रिटायर्ड लेखाकार उसे पैसे देने लगे जिस पर उसने लेने से मना कर दिया। कुछ देर तक इधर उधर देखने के बाद आरोपी संदीप पीड़ित से बातचीत करते हुए दुकान पर ले गया। इसके बाद पैसा हाथ में लेने के बजाये जेब में डालने को कहा, जिस पर पीड़ित ने उसकी जींस में 10 हजार रुपये डाल दिए। इसके बाद आरोपी एक्सईएन ने जेब में हाथ डालकर पैसे गिने। टीम ने पहले ही पीड़ित को निर्देश दिए थे कि पैसे देने के बाद हाथ रगड़ना। टीम के अनुसार पीड़ित ने वही किया। दोनों हाथ आपस में रगड़ने का इशारा पाते ही टीम ने एक्सईएन को दबोच लिया। इसके बाद टीम आरोपी को गोविंद नगर थाने लेकर पहुंची। अधिकारियों ने एक्सईएन के हाथों की जांच की तो हाथों में केमिकल लगा पाया गया। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर जटा शंकर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# भाजपा पार्षदों को आज टिप्स देंगे पंकज सिंह

## महानगर प्रभारी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आएंगे शहर, संगठन के पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, विधायक एवं कानपुर महानगर प्रभारी पंकज सिंह गुरुवार को शहर में रहेंगे। वह सुबह 12 बजे प्रमिला सभागार मोतीझील में भाजपा पार्षद और पूर्व पार्षदों के साथ बैठक करेंगे। यहां वह पार्षदों को लोकसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।



विधायक पंकज सिंह।

भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष दोपहर 2.30 बजे सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष ,पूर्व जिलाध्यक्ष, महापौर, पूर्व महापौर के साथ भी बैठक करेंगे। दोपहर तीन बजे भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय कार्यालय, शास्त्री नगर में मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी, मंडल समन्वयक, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रभारी और शाम 4 बजे लोकसभा चुनाव संचालन समिति, कोर कमेटी, विधानसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी संगठन की तैयारियों, प्रत्याशी रमेश अवस्थी के नामांकन, संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारी के अलावा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। यहां से वह शाम पांच बजे आर्यनगर में गैंजेस क्लब में शहर के प्रमुख उद्योगपति, व्यापारी, चिकित्सक, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, शिक्षक आदि प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करेंगे। शहर के प्रबुद्ध जनों से चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील करेंगे। बैठक के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ रवाना हो जाएंगे।

## भाजपा 15 के बाद करेगी सामाजिक वर्ग के सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों के साथ की तैयारी बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बुधवार को जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। बैठक में चिकित्सक बैठक, व्यापारी एवं सामाजिक वर्ग सम्मेलन, प्रबंधक एवं प्रधाचार्यों की बैठक, अधिवक्ता बैठक, युवा एवं अनुसूचित सम्मेलन, लाभार्थी संपर्क, घर-घर संपर्क अभियान, बुजुर्ग मतदाता एवं दिव्यांग संपर्क, बूथ विजय अभियान पोलिंग एजेंट बैठक, नुक्कड़ सभा की तैयारियों के बारे में चर्चा हुई। 15 अप्रैल के बाद सामाजिक वर्ग सम्मेलन होंगे।

उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को मंडल स्तर पर एवं 12,13 अप्रैल को शक्ति केंद्र स्तर पर बैठकें होंगी। इन बैठकों में मंडल एवं शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल , रविवार को किदवई नगर एवं छावनी विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में सभी बूथ अध्यक्ष शामिल होंगे। इसी तरह सभी शक्ति केंद्रों पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। महिला सम्मेलन अनीता त्रिपाठी, युवा सम्मेलन अंकित गुप्ता ,अनुसूचित वर्ग सम्मेलन नरेश कठेरिया, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन जसविंदर सिंह,की वोटर्स बैठक विनोद मिश्रा, नुक्कड़ सभा राजन चौहान, व्यापारी सम्मेलन प्रवीण गुप्ता, एन जीओ सम्मेलन सोनी मिश्रा, प्रधान व बीडीसी बैठक ब्लॉक प्रमुख विजय रत्ना तोमर, प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य बैठक बी एल पांडे, अन्नदाता सम्मेलन हर्ष प्रताप सिंह, को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से राम बहादुर यादव, रामदेव शुक्ला, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह,अर्जुन बेरिया, पंकज कुशवाहा, नरेश कठेरिया, अनीता त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी, सोनी मिश्रा,हर्ष प्रताप सिंह, आदि मौजूद रहे।

### आज होगी चुनाव प्रबंध समिति की बैठक

**कानपुर।** गुरुवार को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की चुनाव प्रबंध समिति की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में दोपहर 11 बजे होगी। प्रबंध समिति के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि बूथ प्रबंधन से लेकर रैली सभाओं तक की जिम्मेदारी संभाल रहे पदाधिकारियों को चुनाव को गति देने के निर्देश दिए जायेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक होगी जो कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रबंधन की संचालन समिति के आवंटित कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में सभी लोकसभा क्षेत्रों से लगातार समन्वय स्थापित करेगी ।



बैठक में निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह। अमृत विचार

## आचार संहिता का पालन कड़ाई से हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टेटिक सर्विलांस टीमें चेक पोस्टों पर गहनता से जांच करें

**अमृत विचार।** व्यय लेखा (हिसाब-किताब) का सही ढंग से रखरखाव, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कड़ाई से होना चाहिए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को व्यय लेखा टीम के प्रभारी के साथ सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा टीम के सदस्य, स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के सदस्यों की बैठक ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए

उन्होंने कहा कि स्टेटिक सर्विलांस टीम की ड्यूटी मतदान की अधिसूचना के दिन से प्रारंभ होनी है, इसलिए दिए गए प्रशिक्षण में सभी नियमों और निर्देशों को समझकर पुलिस अधिकारियों से समन्वय करते हुए अपना काम तत्काल शुरू कर दें। स्टेटिक सर्विलांस टीम को चेक पोस्ट पर प्रत्येक वाहन की चेकिंग करनी है। 50 हजार से अधिक की नकदी व 10 हजार से अधिक की सामग्री ले जाने वाले वाहनों, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन न करने वालों पर कार्रवाई करें। चेकिंग के समय सभी के साथ उचित व्यवहार किया जाए। महिलाओं की जांच महिला अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। किसी के उत्पीड़न की शिकायत न मिले। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को निर्वाचन आयोग के विभिन्न पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों व निस्तारण की भी समीक्षा की। कहा कि सी विजिल पोर्टल पर प्राप्त 88 शिकायतों में सभी का निस्तारण किया गया है। नेशनल ग्रीवांस सर्विस पोर्टल (एनजीएसपी) पर प्राप्त शिकायतों में पाया गया कि पोर्टल पर 14 शिकायतें खुली है व 196 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। शिकायत के निस्तारण की स्पष्ट टिप्पणी पोर्टल पर अंकित कराएं। संक्षेप में निस्तारित या सूचित किया गया लिखने पर कार्रवाई की जाएगी।

## चुनावी प्रशिक्षण में नहीं आए 186 कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पॉलीटेक्निक में चल रहे कार्मिकों के प्रशिक्षण में तीसरे दिन बुधवार को दोनों पालियों में 1815 कार्मिको को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 93 और द्वितीय पाली में 93 कार्मिक गैरहाजिर रहे। गैरहाजिर कार्मिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों (पीओ) व मतदान अधिकारी प्रथम (पी-वन) को मतदान से संबंधित प्रथम प्रशिक्षण पॉलीटेक्निक में निर्धारित किए गए 25 कक्षों में दिया जा रहा है। बुधवार को प्रशिक्षण के तीसरे दिन दो पालियों में 2000 कार्मिको प्रशिक्षण दिया जाना था। लेकिन दोनों पालियों में मिलकार 186 कार्मिक गैरहाजिर रहे। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम, वीवीपैट का प्रशिक्षण भी कराया गया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण सुधीर कुमार ने बताया कि 13 अप्रैल को उन कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जो गैरहाजिर रहे हैं। कार्मिकों को प्रशिक्षण से पहले गैरहाजिर होने का स्पष्टीकरण देना होगा।



लोकसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर। अमृत विचार

## ड्यूटी लगने से प्रधानाचार्य नाराज

**कानपुर।** चुनाव ड्यूटी लगाए जाने का प्रधानाचार्य परिषद ने विरोध कर दिया है। प्रधानाचार्यों का तर्क है कि उनके स्कूलों में मतदान के लिए बूथ बनवाया गया है। ऐसे में उन लोगों के चुनावी ड्यूटी करने पर स्कूल में बने बूथ में समस्या आने पर समाधान नहीं हो सकेगा। वे जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे। माध्यमिक स्कूलों से जुड़े 113 ऐसे प्रधानाचार्य हैं जिनमें ज्यादातर की ड्यूटी चुनावों में लगा दी गई है। प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि स्कूलों की व्यवस्था प्रभावित होगी। स्कूल में सिर्फ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही मौजूद रह सकेगा।

## जनसंपर्क



गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा का स्वागत हुआ। अमृत विचार

### पीडीए सरकार में समस्याओं का होगा समाधान

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस से प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने बुधवार को कानपुर नगर लोकसभा के कई क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क किया। उसके बाद उन्होंने लाटूश रोड स्थित गुरुद्वारा के सामने दलित बस्ती में चाय बैठक की। बस्ती के लोगों ने प्रत्याशी के सामने बजबजाती नाली, टूटे घर, सीवर आदि समस्या के बारे में जानकारी दी। प्रत्याशी ने पीडीए सरकार बनने पर समस्याओं का समाधान होने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने नरेश पाठक से मुलाकात की। इस दौरान सपा के कार्यकर्ता सम्राट यादव, बालकृष्ण मिश्र, कानपुर स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. संजय कपूर, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, वरुण जायसवाल, मुकेश बाल्मीकी, सुरेश राका बाल्मीकी, प्रद्युम्य अवस्थी, अध्यक्ष पं.मदन गोपाल शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र यादव, आम आदमी पार्टी के गिरिजा शंकर कटियार, धनीराम पैंथर, सपा व्यापार सभा के पूर्व नगर अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल, डॉ. संतोष त्रिपाठी, आलोक, कपिल सब्बरवाल, नीरज पांडे, रवि व हमजा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सपा प्रत्याशी का स्वागत करते क्षेत्रीय लोग व साथ में कार्यकर्ता व पदाधिकारी ।

### सपा प्रत्याशी राजाराम पाल का स्वागत

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ने बुधवार को बिठूर विधानसभा क्षेत्र के खरगपुर, बनपुरवा, इमलीपुर, कसिगवां, धोबिनपुरवा, पिपरगवां, बेनीपुरवा, कोरिया, गुलाबपुर, नयापुरवा परसौली व तुलसियापुरवा लोगों से संपर्क किया। जगह-जगह लोगों ने सपा प्रत्याशी राजाराम पाल का स्वागत किया। संपर्क के दौरान लोगों ने कई समस्याएं सपा प्रत्याशी को अवगत कराई। सपा प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए जनता की आवाज को दबा रही है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष केके कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह यादव समेत आदि कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## ईद आज, खुशियां बांटें, शांति से मनाएं त्योहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। मौलानाओं ने अपील की है कि लोग आस-पड़ोस में खुशियां बांटे। अमन-चैन की दुआ करें, गरीबों में फितरा और जकात करना न भूलें।

इमामे जुमा जूही के मौलाना अलमदार हुसैन ने बताया ईद का दिन अल्लाह से इनाम पाने का है। इस दिन किसी का दिल न दुखाएं। मौलाना सेराज हुसैन ने कहा कि रमजान का आखिरी अशरा कराकर अपने गुनाहों की माफी करा लें। एक दूसरे के गले लगें और मुबारकबाद दें। ईद की नमाज अदा करें। मुल्क की तरक्की और अमन-चैन की दुआ मांगे।

**जामा मस्जिद ग्वालटोली में सुबह आठ बजे नमाज:** जामा मस्जिद मकबरा ग्वालटोली, मस्जिद अहलेबैत बेकनगंज, मकतब इमामिया अजीतगंज में सुबह आठ बजे नमाज अदा की जाएगी। इसी प्रकार सूटरगंज मस्जिद में सुबह नौ बजे, मस्जिद फूलवाली गली में सुबह नौ बजे, बड़ी कर्बला नवाबगंज में सुबह 11 बजे ईद की नमाज होगी। सकेरा इस्टेट में सुबह 07:15 बजे, मस्जिद मीर जाफरी पटकापुर में सुबह नौ बजे, मस्जिद विक्टोरिया मिल में सुबह नौ बजे, रोशननगर में सुबह नौ बजे और मकतब इमामिया समिति जूही सफेद कालोनी में 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।

### नमाज का समय

- बड़ी ईदगाह बेनाझाबर व बगाही ईदगाह में आठ से 9 :30 बजे, छोटी ईदगाह नई सड़क पर सुबह 6 :10 और 07 बजे, बड़ी ईदगाह गद्दियाना में 8 :30 बजे, मछरिया ईदगाह में सुबह 8 :15 और 9 :10 बजे, चांदमारी ईदगाह में सुबह 8 :15 बजे, मसवानपुर में सुबह नौ बजे, जाजमऊ ईदगाह में 8 :30 बजे, उस्मानपुर ईदगाह में आठ बजे, ईदगाह फेथफुलगंज व अहले हदीस में 07 :30 बजे, ईदगाह शुजातगंज, अहले हदीस में 6 :45 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।



मौलाना अलमदार हुसैन।



मौलाना सेराज हुसैन।



चांद निकलने की तस्दीक होने पर दुआ मांगते रोजेदार। अमृत विचार



ईद पर फितरे और जकात के जरिये गरीबों की मदद करें। ईद के दिन गरीब के घर में खुशियों का भी ख्याल रखें। जितनी हो सके नेकियां करें। पर्व की खुशियों के साथ देश की तरक्की, अमन-चैन की दुआ करें।

–नायाब आलम, शिया युवा यूनिट



ईद पर साफ कपड़े पहनकर नमाज अदा करें। फितरा की रकम ईद की नमाज से पहले गरीबों व जरूरतमंदों में बांट दें। नियमों का पालन करें। निर्धारित स्थान पर ही नमाज अदा करें। शांति व्यवस्था बनाएं रखें।

दानिश रिजवी



आस-पड़ोस के लोगों के साथ मिलकर खुशियां बांटे। यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई सभी मिलजुल रहते हैं। यही हमारे मुल्क की खूबसूरती है। हमारा फर्ज है कि हम भाईचारा कायम रखें।

शहाब रिजवी, रोजेदार



ईद पर ज्यादा दिखावे से परहेज करें। उन लोगों को भी याद रखें जो जुल्म और आतंकवाद में शहीद हुए हैं। दुआ करें कि दुनिया से जुल्म और आतंकवाद का खात्मा हो जाए।

–शारिब अब्बास, जूही हरी कालोनी

## साली से दुष्कर्म में दो दोषियों को हुई सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे 13 की अदालत ने सुनाया फैसला
- वर्ष 2017 में काकादेव थाने में दर्ज कराया था मुकदमा

**अमृत विचार।** नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म करने वाले उसके दो जीजा को एडीजे 13 की कोर्ट ने 10-10 साल की सजा सुनाई। किशोरी को उसके सौतेले जीजा घुमाने के लिए फर्रूखाबाद ले गए थे, जहां चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया था।

काकादेव थानाक्षेत्र निवासी महिला ने चार मार्च 2017 को एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी छोटी नाबालिग बहन को फर्रूखाबाद, बीबीगंज निवासी सौतेले जीजा सर्वेश कुमार यादव छह नवंबर 2016 को अपने साथ घुमाने के लिए ले गए थे। इस दौरान सर्वेश ने किशोरी को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। जिससे बहन की तबियत बिगड़ गई। तबियत बिगड़ने पर सर्वेश छोटी बहन को कल्याणपुर लक्ष्मी हॉस्पिटल के पास रहने वाले दूसरे जीजा मोहित यादव के घर लाए। जहां पर दोनों ने शराब के नशे में धुत होकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान दोनों ने किशोरी का अश्लील वीडियो बना कर हत्या करवाने की धमकी दी थी। घर लौटने पर किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई, जिस पर उन्होंने किशोरी का उर्सला अस्पताल में जांच कराई। जिस पर पता चला कि किशोरी गर्भवती है। किशोरी की बहन की तहरीर पर काकादेव थाने में मुकदमा उसके सौतले जीजा व बहनों के खिलाफ दर्ज किया गया था। मामला एडीजे 13 सुरेद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने दोनों जीजाओं सर्वेश व मोहित को दुष्कर्म व धमकाने का दोषी मान कर 10-10 साल की सजा व 22-22 हजार जुर्माना लगाया, दोनों की पत्नियों को बरी कर दिया।

**जरा ध्यान दें** सुबह 5 बजे से नमाज खत्म होने तक कई इलाकों में आने-जाने पर रहेगी रोक

## ईद पर आज बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईद के चलते गुरुवार को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में कुछ परिवर्तन रहेगा। गुरुवार सुबह बड़ी ईदगाह बेनाझाबर में नमाज के चलते हर्ष नगर पेट्रोल पंप से बजरिया थाना तक दोनों तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद रहेगा। सुबह पांच बजे से नमाज खत्म होने तक रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी।



### इस प्रकार होगा रूट डायर्वट

- लाल इमली चौराहे की तरफ से आने वाला ट्रैफिक कर्नलगंज चौराहा से बांए मुड़कर बजरिया चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। सभी वाहन कर्नलगंज चौराहे से शनिदेव मंदिर तिराहा होते हुए जाएंगे।
- गोल चौराहा, हैलट की ओर से आने वाले वाहनों पर बेनाझाबर से सीधे ईदगाह चौराहा जाने पर रोक रहेगी। ऐसे वाहन बेनाझाबर तिराहे से बाएं मुड़कर चांदनी नर्सिंग होम के सामने से जा सकेंगे।
- जरीब चौकी, पी रोड की ओर से आने वाला ट्रैफिक रामबाग चौराहे से बजरिया चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। वाहन रामबाग चौराहे से बांए मुड़कर ब्रह्मनगर चौराहे की ओर से जाएंगे।
- 80 फीट रोड की ओर से आने वाले वाहन ब्रह्मनगर चौराहे से बाएं मुड़कर ईदगाह चौराहे की ओर नहीं जा पाएंगे, ऐसे वाहन ब्रह्मनगर चौराहे से आगे रामबाग तिराहे से दाहिने मुड़कर पी रोड की ओर जाएंगे।
- छह बंगलिया चौराहा की ओर से आने वाले वाहन मकराबर्टगंज ढाल से दाहिने ईदगाह चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मकराबर्टगंज ढाल से आगे शनिदेव मंदिर तिराहे से बाएं मुड़कर जा सकेंगे।
- हलीम कॉलेज चौराहे (नाला रोड) की ओर से आने वाला ट्रैफिक बजरिया चौराहे की ओर नहीं जाएगा। ऐसे वाहन सीसामऊ चौराहे से बाएं मुड़ कर जाएंगे।
- लकड़मंडी रोड की ओर से आने वाले वाहन कायस्थाना चौराहा से आगे बजरिया, बकरमंडी ढाल की ओर नहीं जाएंगे।

### यहां रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- लाल इमली चौराहे की तरफ से आने वाले नमाजी अपने वाहनों को चुन्नीगंज चौराहे से आगे शनिदेव मंदिर तिराहे वाली रोड पर सड़क के दोनों ओर पार्क करेंगे।
- गोल चौराहा, हैलट की ओर से आने वाले नमाजी वाहनों को वीरेंद्र स्वरूप मैदान में पार्क करेंगे।
- जरीबचौकी की ओर से आने वाले नमाजी वाहनों को रामबाग तिराहे से पहले पी रोड पर सड़क के दोनों ओर खड़ा कर सकेंगे।
- 80 फिट रोड आने वाले नमाजी अपने वाहनों को ब्रह्मनगर चौराहा से पहले 80 फीट रोड पर दोनो ओर पार्क कर सकेंगे।
- छह बंगलिया चौराहे की ओर से आने वाले नमाजी वाहनों को मकराबर्टगंज ढाल से आगे शनिदेव मंदिर तिराहे तक सड़क के दोनों ओर पार्किंग हो सकेंगी।
- हलीम कॉलेज चौराहे की ओर से आने वाले नमाजी सीसामऊ चौराहे से पहले नाला रोड सड़क पर दोनों ओर वाहनों को पार्क कर सकेंगे।
- लकड़मंडी रोड की ओर से आने वाले नमाजी वाहनों को कायस्थाना तिराहे से पहले लकड़मंडी रोड पर सड़क के दोनो ओर वाहन पार्क कर सकेंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर




पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

**अर्थात- इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथों में शस्त्र आदि हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए तैयार रहने जैसी है। इनके घंटे की भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव, दैत्य सभी डरते हैं।**

नवरात्रि के तीसरे दिन मां चन्द्रघण्टा करती है भक्तों के भाग्य को समृद्ध

तृतीय रूप में मां चन्द्रघण्टा नियंत्रित रखती हैं मन - नवरात्रि के तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा, घंटे के कम्पन के समान मन की नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित कर भक्तों के भाग्य को समृद्ध करती है। चन्द्र हमारी बदलती हुई भावनाओं, विचारों का प्रतीक है, घण्टे का अभिप्राय मंदिर में स्थित घण्टा एवं उसकी ध्वनि-कंपन से उत्पन्न सकारात्मक ऊर्जा है। असफल व्यक्ति प्रायः अपने मन में ही उलझा रहता है। मन के नकारात्मक विचार एवं उर्जा दुःखों को बढ़ावा देता है। अस्त-व्यस्त मानव मन जो विभिन्न विचारों-भावों में उलझा रहता है, मां चंद्रघंटा की आराधना कर सांसारिक कष्टों से मुक्ति पाकर दैवीय चेतना का साक्षात्कार करता है।

मां चंद्रघंटा का स्वरूप - इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इनके दस हाथ हैं, जिनमें एक हाथ में कमल का फूल, एक में कमंडल, एक में त्रिशूल, एक में गदा, एक में तलवार, एक में धनुष और एक में बाण हैं। इनका एक हाथ हृदय पर, एक हाथ आशीर्वाद मुद्रा में और एक अभय मुद्रा में रहता है। ये रत्न जड़ित आभूषण धारण करती हैं। गले में सफेद फूलों की माला रहती है। चंद्रघंटा का वाहन बाघ है। देहधारियों में इस शक्ति रूप का स्थान मणिपुर चक्र है। साधक इसी मणिपूर चक्र में अपना ध्यान पहुंचाता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं में दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और दिव्य ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं।

मां चंद्रघंटा की उपासना से लाभ - मां चंद्रघंटा सच्चे और एकाग्र भक्त को बहुत जल्दी फल देती हैं और उनके कष्टों का निवारण तुरंत करती है। इनका स्वरूप दानव, दैत्य, राक्षसों को कंपाने वाला तथा इनकी प्रचंड ध्वनि नकारात्मक शक्तियों की हिम्मत को पस्त कर देने वाली होती है। इनकी चंड घंटे की-सी ध्वनि बुरी शक्तियों को भगाने पर मजबूर करती है। इसके विपरीत साधकों और भक्तों को इनका स्वरूप सौम्य, शांत और भव्य दिखाई देता है। इनकी आराधना से साधक में न केवल साहस और निर्भयता का बल्कि सौम्यता और विनम्रता का भी विकास होता है। उनकी देह और स्वर में दिव्य कांति और मधुरता का समावेश हो जाता है। उनके शरीर से तेज-सा निकलता जान पड़ता है। मां के विग्रह पर जो दृष्टि डालते हैं उन्हें अद्भुत शांति और सुख का अनुभव होता है।

मां चंद्रघंटा का भोग एवं साधना मंत्र - नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इस रूप को दूध या इससे बने पदार्थों का भोग लगाने तथा दान करने से सभी दुखों का नाश होता है। इनकी उपासना के लिए भक्त 'ॐ देवी चन्द्रघण्टायै नमः।।' मंत्र का जाप कर सकते हैं। चंद्रघंटा की आराधना करने वालों का अहंकार नष्ट होता है और उनको सौभाग्य, शांति और वैभव की प्राप्ति होती है।

**मंत्रः**

सरल मंत्र : ॐ एं ह्रीं क्लीं
माता चंद्रघंटा का उपासना मंत्र
पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
महामंत्र -
'या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नसस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः'

ये मां का महामंत्र है जिसे पूजा पाठ के दौरान जपना होता है।

मां चंद्रघंटा का बीज मंत्र है- 'ऐं श्रीं शक्तयै नमः'

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
द पनेशिया
ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस
Come Home to Wellness...
यहां ब्रेन सर्जरी का इलाज संभव है
समय रहते इसका कराये इलाज और पाएँ निदान
हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।
117/473, एल-ब्लॉक, काकादेव
(नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य)
कानपुर
सम्पर्क करेः 7897997634
9889556689, 7897997361

24 घंटे लैब सेवा
पालीवाल डॉयग्नोस्टिक्स (प्रा.) लि.
सहयोग डॉ. लाल पैथलैब्स
21 उत्कृष्ट लैब्स | 158 + कलेक्शन सेंटर्स | 173 + पिकअप पॉइंट्स | 9.99 लाख कुल पेशेंट प्रतिवर्ष (2021-22) में
पालीवाल डायग्नोस्टिक्स मेडिकेयर प्रा. लि.
मुख्य लैब : 117/एच-1/02, पाण्डु नगर, जे.के. मन्दिर के सामने, कानपुर-05
फोन : 0512-2335500, 2235821, 2232962
हमारे विभिन्न किफायती हेल्थ पैकेजेस में से आज ही चुनें, अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन पर संपर्क करें।
होम कलेक्शन / हेल्पलाईन नं.
9305028499, 7311130006, 9336843141
customercare.pdpl@lalpathlabs.com
www.paliwaldiagnostics.in
सभी जाँचें एक छत के नीचे
सी.टी. स्कैन, एक्सरे (डिजिटल), पैथोलॉजी, कलर डॉप्लर, अल्ट्रासाउन्ड, टी0एम0टी0, ई0ई0जी0, आई एण्ड ईयर, ओ0पी0जी0, ऑडियोमेट्री, इको कार्डियोग्राफी, पी0एफ0टी0
स्वस्थ सुपर-1 (27 Tests) OFFER PRICE 1050/-
स्वस्थ सुपर-2 (47 Tests) OFFER PRICE 1350/-
स्वस्थ सुपर-3 (29 Tests) OFFER PRICE 2050/-
स्वस्थ सुपर-4 (49 Tests) OFFER PRICE 2350/-
स्वस्थ फिट कम्पलीट OFFER PRICE 3500/-
मुख्य शाखा लैब परख डायग्नोस्टिक सेन्टर
सी.टी. स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउन्ड व सभी पैथोलॉजी जाँचें
37/17 वेस्टकॉट बिल्डिंग कैम्पस, द मॉल, कानपुर
फो.: 0512-2363605, 2304005, 9919406571
साउथ ब्रान्च
मातृ छाया बिल्डिंग 621/37, W-2 बर्रा
निकट सचान गेस्ट हाउस
फोन: 9335093357, 9838900770

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
MHPL India
Design To Bulid Company Innovative Infra Projects

!! हर हर महादेव !! रोग मुक्त भारत ! शोक मुक्त भारत ! !! माँ कामख्या की जय !!
करौली शंकर महादेव धाम
पूर्वज मुक्ति हेतु यज्ञ/ अनुष्ठान/ संकल्प/ प्रार्थना
श्री करौली शंकर महादेव धाम में प्रत्येक माह की "अमावस्या" को निःशुल्क श्री करौली शंकर (गुरुजी) द्वारा किये जाने वाले उपरोक्त कार्यक्रम में आपका हार्दिक स्वागत है




निवेदक शंकर सेना
सुबोध चोपड़ा प्रदेश अध्यक्ष
धर्मेश द्विवेदी प्रदेश महासचिव
विशाल बाजपेई जिला प्रमुख, कानपुर नगर
विनय वर्मा जिला प्रमुख, युवा शाखा
मीना द्विवेदी एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा

# आंधी-पानी से फसलों को भारी नुकसान

## सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित, बिजली गुल होने से गांवों में शाम ढलते ही छाया अंधेरा

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचारः** बुधवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया और आसमान में बादल छा गए। शाम होते-होते बारिश के साथ तेज आंधी आने से कई गांवों में बिजली के तार टूट गए और पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए, जिससे कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। धूल भरी आंधी और बारिश से भले ही तपिश से थोड़ी राहत मिली, लेकिन गेहूं और दलहन की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।



आंधी से भारी भरकम पेड़ गिर गया। अमृत विचार



अंधड़ के दौरान तार टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अमृत विचार

- आंधी से उड़ गई खेतों पर कटी रखी फसल, भीगने से कटाई का काम प्रभावित

शिवराजपुर क्षेत्र में बुधवार को आंधी-बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी। आंधी की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि पेड़ों पर लगे आम गिर गए। इस समय गेहूं की कटाई का समय है। किसानों ने अगैती गेहूं की फसल काटना शुरू कर दी है, जबकि पिछैती गेहूं की फसल अभी खेत पर खड़ी है। तेज आंधी के कारण गेहूं की फसल खेतों पर गिर गई। खेत पर फसल गिरने से जहां उसे कीड़े नुकसान पहुंचाएंगे, वहीं दाना काला पड़ जाएगा और जल्दी खराब हो जाएगा।

इस समय अमूमन बारिश और आंधी आने से फसल प्रभावित हो जाती है, जिसका असर उत्पादन पर भी पड़ता है। जिन किसानों की खेत पर गेहूं की कटी फसल पड़ी थी, वह आंधी में उड़ गई। जो कटने लायक फसल तैयार थी, वह बारिश से गीली हो गई है, जिससे कटाई का काम टल गया। गेहूं के साथ ही दलहनी फसलों को भी खासा नुकसान हुआ है।

आंधी में जगह-जगह पेड़ धराशायी होने और बिजली के तार टूटने से दर्जनों गांवों की बिजली गुल हो गई है। वहीं सड़क पर पेड़ टूटकर गिर जाने से यातायात बाधित रहा। शिवराजपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में आंधी के चलते बिजली गुल हो गई। एसडीओ अतुलेन्द्र कुमार ने बताया कि कई जगहों पर विद्युत लाइन के ऊपर पेड़ गिर जाने के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। जल्द ही लाइनों की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की जाएगी।

# बादलों ने बढ़ाई किसानों की धड़कन

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र में बुधवार शाम तेज हवा और गरज चमक के साथ हुई हल्की बारिश नें किसानों की धड़कन बढ़ा दी है। अचानक मौसम के इस रुख से चिंतित किसान आसमान की ओर नजरें गड़ाए रहे। किसानों के अनुसार इस समय बारिश होने की दशा में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचेगा।

क्षेत्र में बुधवार अपराह्न अचानक मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में छाए घने काले बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। कस्बा समेत आसपास के कई गांव में तेज हवाओं व गरज चमक के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम के इस रुख नें किसानों को परेशानी में डाल दिया। इस समय की बारिश से चना व अरहर की फसल को भी क्षति पहुंचेगी। बताया कि जहां-जहां यह हल्की बारिश हुई है, वहां गेहूं की कटाई मड़ाई का कार्य कुछ दिनों के लिए रुक जाएगा।

**माथे पर लकीरें**

- बुधवार शाम क्षेत्र में हुई हल्की बारिश से किसान चिंतित
- गेहूं के साथ चना और अरहर की फसल पर मंडरा रहा संकट



बुधवार की शाम घने बादल छाए रहे। अमृत विचार

क्षेत्र के हृदयपुर निवासी आधार सिंह, नंदन सिंह, गोगूमऊ के संजू दीक्षित, मुंशीलाल, नाढूपुर के दिलीप, अंशू तिवारी, मालौं गांव के श्यामू त्रिवेदी व गुड्डू मिश्रा आदि किसानों ने बताया कि इस समय रबी की मुख्य फसल गेहूं पूरी तरह पकी खड़ी है। कई जगह गेहूं की कटाई व मड़ाई का काम भी शुरू हो चुका है। ऐसे में बारिश होने की दशा में फसल को भारी नुकसान पहुंचेगा। इसी से किसान चिंतित हैं।

# एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, दो लोगों की मौत

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** अरौल कस्बे से गुजरे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात साढ़े आठ बजे सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता-पुत्री शामिल हैं। कार सवार लोग आगरा से पश्चिम बंगाल लौट रहे थे।

अरौल एसओ अखिलेश कुमार पाल के मुताबिक आगरा एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या 218 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कार पलट गई। कार चालक गुरलीन सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी कम्युनिटी सेंटर पनागढ़ बाजार पनागर जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल, उनकी पत्नी राजपाल कौर, बेटा अरनील (3) और पांच वर्षीय बेटी अशनूर कार पर सवार थीं। घायलों को एंबुलेंस के जरिए बिल्हौर सीएचसी भिजवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने गुरलीन सिंह (35) और पांच वर्षीय अशनूर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक गुरलीन सिंह बीते दिनों परिवार सहित आगरा घूमने गए थे। घूम कर वापस पश्चिम बंगाल लौट रहे थे। हादसे में घायल पत्नी राजपाल कौर और बेटे अरनील को कानपुर के हैलट अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**घाटमपुर।** जहांगीराबाद गांव निवासी हुसैन अली उर्फ कादर खान अपने घर के पास ही बाइक लेकर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार कार के चालक ने सामने से आए ट्रक को बचाने के प्रयास में कादर खान की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कादर खान हाइवे पर जा गिरा और बुरी तरह से घायल हो गया। इलाकाई लोगों ने घायल को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया।

## डंपर ने खड़े लोडर को मारी टक्कर

**चौबेपुर।** क्षेत्र के इंदलपुर जुगराज गांव में मंगलवार रात दरवाजे के सामने रोड किनारे खड़े लोडर में डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर से लोडर क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास सो रहे लोग बाल-बाल बचे। लोडर के मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

क्षेत्र के संडीला निवासी शशि पत्नी मोहित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका मायका इंदलपुर जुगराज गांव में है। मंगलवार को वह अपना लोडर लेकर मायके गई थी। रात में लोडर घर के सामने रोड किनारे खड़ा था। रात करीब दो बजे मिट्टी ढो रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने लोडर में टक्कर मार दी, जिससे लोडर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घर के बाहर सो रहे कई लोग डंपर की चपेट में आने से बचे। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# बिल्हौर में स्टैंड संचालक ने टैक्सी चालक को पीटा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** कस्बे में डग्गामार वाहन चालकों और अवैध स्टैंड संचालकों की एक बार फिर दबंगई सामने आई। वाहन चालकों और स्टैंड संचालक ने एक बाहरी टैक्सी चालक को सवारी बैठाने पर जमकर पीटा। इसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। टेंपो चालकों ने दो माह पहले कुछ स्कूली छात्रों की डंडों से पिटाई की थी।

कस्बे में अवैध वाहन स्टैंड संचालकों और डग्गामार वाहन चालकों की गुंडई थमने का नाम नहीं ले रही है। कस्बे में ककवन रोड से लेकर बीआरडी कालेज तक दिन भर जाम की स्थिति पैदा करने वाले डग्गामार वाहन चालकों और अवैध स्टैंड संचालकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह आए दिन किसी न किसी के साथ मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पुलिस की पनाह मिलने की वजह से आसानी से छूट जाते हैं।

**दबंगई**

- बिल्हौर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुई घटना
- सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल



टैक्सी चालक को पीटता स्टैंड संचालक। अमृत विचार

बुधवार को एक टैक्सी चालक के साथ भी यही हुआ। मरम्मत के लिए कानपुर जा रहे गुरसहायगंज (कन्नौज) के एक चालक को कन्नौज से बिल्हौर के बीच दो सवारी बिठाना यहां के टेंपो चालकों को नागवार गुजरा। उन्होंने स्टैंड संचालक को फोन कर दिया। टैक्सी के बिल्हौर पहुंचते ही कन्नौज-बिल्हौर स्टैंड संचालक के भाई ने टेंपो चालकों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और लात-घूंसों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। पिटाई के दौरान चालक बार-बार गलती हो जाने की दुहाई देता रहा, लेकिन स्थानीय चालक उसे बेरहमी से पीटते रहे। बेचारा टैक्सी ड्राइवर अकेला था, सो वह पिटता रहा। कुछ लोगों के बीच बचाव करने के बाद उसे छोड़ा गया। वह कानपुर चला गया।

### बस स्टाप से बिजलीघर तक दिन भर लगता जाम

बस स्टॉप से लेकर बिजलीघर तक दो सौ मीटर के दायरे में बिल्हौर से कन्नौज, अरौल और बांगरमऊ के एक साथ तीन स्टैंड संचालित होने से दिन भर टेंपो चालकों की धमाचौकड़ी मची रहती है, जिस कारण लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। अगर कोई एतराज जताता है तो टेंपो चालक एकजुट होकर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। शासन की रोक के बावजूद धड़ल्ले से अवैध वाहन संचालित हो रहे हैं। अवैध स्टैंड के आसपास अराजकता और जाम से जूझने के बाद लोग कहते हैं कि यह सब पुलिस और अफसरों की सरपरस्ती में चल रहा है।

### बस और टेंपो चालकों में होती भिड़ंत

रसूलाबाद रोड पर ककवन जाने वाले टेंपो स्टैंड संचालकों और बस चालकों के बीच आए दिन जूता-लात होती है। कभी बस संचालक बदतमीजी करते हैं तो कभी टेंपो चालकों को गालीगलौज करते हैं। चंद दूरी पर ही सहायक पुलिस आयुक्त और उप जिलाधिकारी कार्यालय है, इसके बावजूद टेंपो स्टैंड संचालकों की गुंडई कम नहीं हो रही है।

> घटना की जानकारी हुई है। बिल्हौर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।
>
> – विजय ढुल, डीसीपी वेस्ट

# बेहतर प्रणाली है कैंब्रिज पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में बुधवार को कैंब्रिज पाठ्यक्रम का उद्घाटन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जयपुरिया निदेशक ध्वनि रहीं। विशिष्ट अतिथि दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय निदेशक कैंब्रिज इंटरनेशनल महेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर भारत कैंब्रिज इंद्रपाल सिंह, निदेशक सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल डॉ. नीता बाली और निदेशक आईटी अनुसंधान व मानव संसाधन हरीश संदुजा की उपस्थिति रही।

बच्चों ने नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। महेश श्रीवास्तव व इंद्रपाल सिंह ने अभिभावकों को कैंब्रिज विवि और पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी। बताया कि कैंब्रिज पाठ्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त शिक्षा प्रणाली है जो आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान और रचनात्मकता पर जोर देती है।

**पढ़ो, आगे बढ़ो**

- सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में पाठ्यक्रम की शुरुआत
- बच्चों ने प्रस्तुतियां देकर मेहमानों की वाहवाही लूटी



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं निदेशक। अमृत विचार

विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी, उप प्रधानाचार्य गणेश तिवारी, उप प्रधानाचार्या मधुश्री भौमिक, कैंब्रिज समन्वयक ममता गोविल, हेड मास्टर महेश कुमार मिश्रा, विद्यालय के जीएम शैलेन्द्र अग्निहोत्री, विद्यालय प्रबंध तंत्र के समस्त सदस्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी ने अतिथियों को धन्यवाद दिया।

## लोडर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास बुधवार को बाजार से घर वापस जा रहे साइकिल सवार वृद्ध को तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। वृद्ध को फौरन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उधर, टक्कर मारने के बाद लोडर चालक मौके से भाग निकला।

सजेती क्षेत्र के बांध गांव निवासी भोला प्रजापति (62) मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार देर शाम वह साइकिल से बाजार करने आया था। सब्जी और सामान खरीदने के बाद वह घर लौट रहा था। अनूपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार लोडर ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। बुजुर्ग को पुलिस ने एंबुलेंस से हमीरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने कहा कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

# फसल काटने में दो पक्षों के बीच विवाद

संवाददाता ,चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गंगा तटवर्ती वाजीदपुर गांव के सामने कटरी क्षेत्र की करीब डेढ़ सौ बीघा भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल मंगलवार रात चोरी से काट ली गई। जानकारी मिलते ही दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस में शिकायत की गई है। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है।

क्षेत्र के गंगा तटवर्ती वाजिदपुर गांव के सामने गंगा कटरी की लगभग डेढ़ सौ बीघा भूमि पर कब्जे को लेकर गंगा पार के सफीपुर क्षेत्र के मरौंदा गांव के किसानों के मध्य लंबे समय से विवाद चला रहा है। इधर उक्त भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल मंगलवार रात मौका पाकर कुछ लोगों द्वारा काट ली गई।

- वाजिदपुर और गंगा पार मरौंदा के किसानों ने एक दूसरे पर लगाया आरोप

जानकारी मिलते ही दोनों गांव के लोग आमने-सामने आ गए।बताया गया है कि इस दौरान फायरिंग भी गयी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक विवाद में शामिल लोग इधर-उधर हो चुके थे। मामले में वाजीदपुर के किसानों ने जहां मरौंदा गांव के लोगों पर फ़सल काट ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। वहीं मरौंदा गांव के लोगों ने सफीपुर थाने में वाजीदपुर के किसानों के विरुद्ध मामले की शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि विवाद की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर गई थी। फायरिंग की बात सामने नहीं आई है। मामले की जांच जांच कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### छह लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**बिल्हौर।** ककवन थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के चिह्नित अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। सरिगवां निवासी हरिओम पुत्र रामसिंह, अरुण कुमार पुत्र रामप्रताप निवासी औरोताहारपुर, विनोद पुत्र रामेश्वर हरीपुरवा विषधन, सूरज पुत्र बाबूलाल हरीपुरवा, छुन्ना पुत्र हीरालाल हरीपुरवा और रामसिंह पुत्र बाबूलाल हरीपुरवा के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। इससे पहले भी कई अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जा चुकी है।

### छप्पर में लगी आग, मवेशी जिंदा जले

**बिल्हौर।** ककवन क्षेत्र के कोठी पुरवा गांव में रामबाबू पाल के घर आग लगने से कई मवेशी जिंदा जल गए। बताते हैं कि परिवार की सभी सदस्य खेत पर काम करने गए थे, तभी अचानक से आग लगने से तीन बकरियां और पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम रश्मि लांबा ने लेखपाल को नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### प्राथमिक विद्यालय के छात्र का नवोदय में हुआ चयन

**शिवराजपुर।** विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कंठीपुर सखरेज के छात्र गोपाल शुक्ला पुत्र अमित कुमार निवासी सुज्जापुर का चयन नवोदय विद्यालय सरसौल में हुआ है। चयन होने पर विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चे को विदाई दी। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि गोपाल शुक्ला का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है। इसकी खुशी में बच्चे को विद्यालय बुलाकर उसे विदाई दी गई।

### व्याकरण के बगैर भाषा का ज्ञान अधूरा

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्याल के दीनदयाल शोध केंद्र में बुधवार को 7 दिवसीय कर्मकांड एवं ज्योतिष में व्याकरण शास्त्र की उपादेयता की शुरुआत हुई। शुरुआत प्रति कुलपति व दीनदयाल शोध केंद्र के निदेशक प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने की। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा का समुचित ज्ञान बिना उस भाषा के व्याकरण बोध के सम्भव नहीं है। राजस्थान से आए प्रो. उमेश कुमार शुक्ल ने कहा कि बिना व्याकरण ज्ञान के कर्मकाण्ड एवं ज्योतिष विषयों को अच्छे प्रकार से नहीं समझा जा सकता। कार्यक्रम में वीएसएसडी कॉलेज के संस्कृति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो प्रदीप कुमार दीक्षित, कर्मकाण्ड विभाग के आचार्य डॉ श्रवण द्विवेदी, ज्योतिष विभाग के प्रमुख आचार्य स्वयंप्रकाश अवस्थी, डॉ दुर्गेश सिंह चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

### पीएस नेगी बने एलआईसी के क्षेत्रीय प्रबंधक

**कानपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के उत्तर- मध्य क्षेत्र का नया क्षेत्रीय प्रबन्धक पीएस नेगी को बनाया गया है। एलआईसी का उत्तर- मध्य क्षेत्र का आफिस कानपुर में है। इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड राज्य भी शामिल है। वर्तमान क्षेत्रीय प्रबंधक के सेवानिवृत्त होने के बाद वे कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### साढ़ में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**भीतरगांव :** साढ़ कस्बे में कानपुर रोड से सटे फार्म हाउस के पास जंगल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिस समय आग लगी, उसी समय तेज हवा चलने से आग की लपटें भड़क गईं। दुकानदारों और पास खड़ी गेहूं खेत के मालिकों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों और किसानों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड के जवानों ने दुकानदारों के सहयोग से आग पर काबू पाया। विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिसे बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### आग से तीन बीघा गेहूं जलकर राख

**घाटमपुर।** तहसील के सवाईपुर गांव में बिजली के तारों से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग से दो बीघा गेहूं की फसल व एक बीघा गन्ना की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों और दमकल गाड़ी ने मौके पर पहुंच पर आग पर काबू पाया। सवाईपुर गांव निवासी लालजी सचान ने बताया कि उसके खेतों से निकली एलटी लाइन के तार आपस में टकरा जाने से निकली चिंगारी से खेत पर गेहूं की फसल में आग लग गई। आग पर जब तक काबू पाया गया, तब तक दो बीघा गेहूं की फसल व एक बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई।

### चौबेपुर के शिक्षक राजनलाल का हुआ सम्मान

**कानपुर।** चौबेपुर के प्राथमिक विद्यालय बंसठी प्रथम के सहायक अध्यापक राजनलाल को गिजूभाई बधेका शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। राजनलाल को यह सम्मान स्कूल में बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिए दिया गया है। इस मौके पर शिक्षाविद दिनेश प्रताप सिंह, डॉ. रामप्यारे प्रजापति, प्रमोद मलय दीक्षित आदि रहे।

## युवक को बंधक बनाकर पीटा

**कानपुर।** बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों में एक कमरे में दो युवकों को कुछ लोग पीटते हुए नजर आ रहे हैं। पिटने वाला युवक जनेऊ दिखाते हुए कह कर रहा कि भाइया मैं ब्राह्मण हूं, मुझे मत मारो। इसके बाद भी युवक को पीट रहे हैं।

गुजैनी एसओ विनय तिवारी ने बताया कि जांच में पता चला कि युवक रतनलाल नगर निवासी रोहित द्विवेदी है। रोहित ने बताया कि तीन माह पूर्व मित्र के जन्मदिन पार्टी में वह शामिल होने गया था, जहां पर पूर्व परिचित बर्रा 80 फीट निवासी विक्रम व पनकी के पतारा निवासी पंकज से उसका विवाद हो गया था। दो माह पूर्व पंकज व विक्रम उसे अगवा कर तात्याटोपे नगर ले गए और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान वह एक अन्य युवक को भी पीट रहे थे, जिसे वह नहीं जानता। उन्हीं लोगों ने वीडियो बनाया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ तहरीर नहीं मिली है।

**नवरात्र की धूम** दूर-दूर से भक्त आकर करते दर्शन, दिन भर गूंजते रहे जयकारे

# कूष्मांडा देवी मंदिर में उमड़ रही आस्था

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** कस्बे के मां कूष्मांडा देवी मंदिर में आस्था उमड़ रही है। नवरात्र के दूसरे दिन बुधवार को दूरदराज से आए भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेककर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच दिन भर जयकारे गूंजते रहे। भीड़ को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात रहा।

कूष्मांडा देवी मंदिर की दूर-दूर तक मान्यता है। यहां दूर-दराज से भक्त दर्शन करने को आते हैं। नवरात्र के दूसरे दिन देवी के दर्शन करने मंदिर में भक्तों की सुबह से ही कतार लगी रही। दर्शन करने पहुंचे भक्तों ने बताया कि मां कूष्मांडा के दरबार में जो भी सच्चे मन से हाजिरी लगाता है, मां उसकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। मान्यता है कि मां कूष्मांडा के पिंडी से निकलने वाला नीर लगाने से आंखों का मर्ज सही होता है और रोशनी बढ़ती है।

मां कूष्मांडा के दर्शन करने के लिए आसपास जनपदों से भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर में नवरात्र के बाद 15 दिन तक मेला चलता है, जिसमें दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां पर लोग अपने बच्चों का मुंडन संस्कार, कर्ण छेदन कराते हैं और शादियों के शुभ कार्य की शुरुआत करते हैं। इसीलिए यहां पर नवरात्र में भक्तों की भीड़ उमड़ती है।



कूष्मांडा देवी मंदिर में दर्शन के लिए भीड़ लगी रही। अमृत विचार

### फूलों के दाम बढ़े

- नवरात्र शुरू होते ही फूलों के दाम आसमान छू रहे हैं। फूल विक्रेता रामकुमार ने बताया कि नवरात्र में फूलों की कीमतें बढ़ जाती हैं। गुलाब का फूल 200 से 300 रुपये किलो, जाफरी फूल 140-160 रुपये प्रति किलो, गेंदा 120 से 180 रुपये प्रति किलो, सफेद गुलाब 220 से 240 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिल रहा है, जिससे महंगा फूल बेचना मजबूरी है।

### नारियल भी महंगा

- प्रसाद विक्रेता रामकुमार ने बताया कि आम दिनों में नारियल 20 से 25 रुपये का मिलता है, मगर नवरात्र में नारियल महंगा आता है। इस समय नारियल 30 से 40 रुपये तक बिक रहा है। मिठाइयों के रेट भी 300-400 से बढ़कर 500 प्रति किलो हो गए हैं।

### एसडीएम-सीओ पहुंचे

- मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह बैस और एसीपी रंजीत कुमार सिंह, थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने मंदिर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराने के निर्देश दिए। मेले में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है।

## 5 एकड़ जमीन पर बनेगा मेंटिनेंस डिपो

**कानपुर।** इलेक्ट्रिक बसों के लिए पीएम ई-बस सेवा पार्ट-1 योजना के तहत भौंती-रनियां व नौबस्ता-घाटमपुर मार्ग पर मेंटिनेंस डिपो बनेगा। 100 ई-बसों के संचालन और चार्जिंग के लिये 5 एकड़ जमीन मांगी गई है। शासन के निर्देश पर डीएम ने नगर निगम और केडीए से भूमि आवंटित करने के लिये पत्र भेजा है। प्री-फेसिबिलिटी सर्वे के लिये कमेटी भी गठित कर दी गई है।

नगरीय परिवहन निदेशालय ने नगर निगम को पत्र लिखकर कहा था कि नगरीय परिवहन को बढ़ावा देने के लिये तीन से 40 लाख की आबादी वाले शहरों में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जानी है। सबसे बड़ी बाधा बसों के मेंटिनेंस की है। शहर में डिपो बनाना प्रस्तावित है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि 100-ई-बसों के संचालन के लिये भौंती-रनियां व नौबस्ता-घाटमपुर मार्ग पर मेट्रोलेटन क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम और केडीए के मध्य 5 एकड़ जमीन भूमि जरूरी है।


# बारिश होने की संभावना ने बढ़ा दी किसानों के दिल की धड़कन

## तेज हवा उड़ा ले गई आकाश में छाए बादल, जिले के कुछ हिस्सों में हुई हल्की बारिश

कार्यालस संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दोपहर से आसमान पर आज फिर काले मेघ छाने का सिलसिला शुरू हो गया। साथ ही वातावरण में गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगा। हालांकि शहर में बिना बरसात किए ही बादल आगे बढ़ गए, लेकिन कुछ स्थानों पर हल्की व मध्यम बारिश कर गए। बेमौसम बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अभी जहां खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है। वहीं अगैती उपज लेने वाले भी अभी थ्रेसरिंग की शुरुआत ही करा सके हैं।

सुबह आम दिनों की तरह ही चटक धूप निकली, जो दोपहर तक लोगों का राह चलना दुश्वार किए रही, लेकिन दोपहर करीब ढाई बजे से आसमान पर बारिश से भरे बादलों का मड़राना शुरू हो गया। इसी के साथ गर्मी का प्रभाव भी बढ़ने लगा। इससे लोग मंगलवार को बिना बरसे निकल गए मेघ बुधवार को बरस कर ही जाने की


आसमान पर छाए काले मेघ।

संभावना जताते रहे। हालांकि शहर में शाम के समय काफी तेज हवा के साथ बहुत मामूली बूंदें गिरी और हवा आसमान पर छाए बादलों को उड़ा ले गई। हालांकि जिले के कुछ हिस्सों से मामूली बारिश होने की जानकारी मिली है। आंधी-बारिश की आशंका से खेतों में पकी खड़ी फसल को नुकसान पहुंचने को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। किसानों का कहना है उर्वरक व सिंचाई मद में खासी लागत खर्च कर तैयार हुई फसल बर्बाद होने पर परिवारों को भरण-पोषण मुश्किल हो जाएगा। कुछ साधन संपंन लोगों को छोड़कर बड़े कास्तकार भी अभी फसल कटा रहे हैं। बारिश के साथ हवा चलने पर पौधे जमीन पर आ जाएंगे, जिससे कटाई व थ्रेसरिंग का कार्य पिछड़ जाएगा। साथ ही उपज का वाजिब मूल्य मिल पाने की संभावना भी कम होगी। इसीलिए चिंतित किसान भगवान से मौसम को अनकूल बनाए रखने की प्रार्थना कर रहे हैं।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, शाम के समय अचानक आसमान पर काले घने बादल देखकर किसानों के दिलों की धड़कनें तेज हो गईं। तेज आंधी के साथ बारिश होने पर वह खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फ़सल बर्बाद होने की आशंका को लेकर अपना सिर पकड़ने को मजबूर हो गए।

आसमान पर काले घने बादल छाने के साथ ही तेज हवाएं भी चलने लगी। मौसम के मिजाज बिगड़ते देख किसानों की सांसें फूलने लगीं। क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर कस्बा निवासी किसान रंजीत कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने करीब सात-आठ बीघा खेत में बीते नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में गेहूं की फसल बोई थी। अब गेहूं की फ़सल पक चुकी है और दो-चार दिनों में फसल की कटाई व थ्रेसर से मड़ाई कराना बाकी है। आसमान में घने काले बादल छाने के साथ तेज हवा भी चल रही है। ऐसे में आंधी के साथ तेज बारिश होने पर फ़सल खेत में ही सड़कर बर्बाद होने की संभावना है। चहलहा गांव निवासी किसान देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि करीब चार बीघा खेत में तैयार गेहूं की फसल की कटा चुके हैं, लेकिन थ्रेसरिंग नहीं करा सके हैं। खेत में कटने के बाद पड़ी फसल बारिश होने पर पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी, जिससे उबरना मुश्किल होगा। बहुतायत किसानों ने बताया कि इस समय हल्की बारिश होने पर भी गेहूं के दाना बदरंग हो जाएगा, जिससे उचित मूल्य नहीं मिल सकेगा और लागत की रकम खड़ी करना मुश्किल साबित होगा।

## डंपर की टक्कर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत दीवानी कोर्ट के सामने डंपर की टक्कर में घायल हुए वृद्ध की मौत हो गई। बेटे की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया जिसमें सेफ्टीसिमिया बीमारी से मौत की बात सामने आई है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली के भीखमपुर निवासी रामधार (72) बीती 18 अक्टूबर किसी काम से पुरवा कस्बा गए थे। जहां वह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से घायल हो गया। उसे पहले सीएचसी फिर जिला अस्पताल और बाद में कानपुर हैलट में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

हालत में सुधार होने के बाद परिजन उसे घर ले आए थे। बुधवार सुबह उसकी हालत फिर बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लेगे, लेकिन इससे पहले उसकी मौत हो गई। परिजनो की की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया इसमें बीमारी से मौत की पुष्टि हुई। वृद्ध की मौत से पत्नी और दोनों बेटे कमलेश कुमार व सुनील बेहाल रहे।

# हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी खेत में गिरी, फसल हो गई खाक

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली के नाथीखेड़ा गांव में एचटी लाइन की चिंगारी से दो किसानों की 10-10 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। दमकल की गाड़ियों के न पहुंचने पर ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी है।

नाथीखेड़ा गांव में बुधवार सुबह बिजली के तार से निकली चिंगारी से गांव के ही नरेंद्र शुक्ला व राजेश की खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गयी। लपटे उठती देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सभी खेतो की ओर दौड़े और सूचना देकर सब स्टेशन से आपूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब दोनों किसानों की लगभग 10-10 बिस्वा गेहूं की फसल खाक हो गई।

सूचना बाद दमकल की गाडियां नहीं पहुंची। इसको लेकर लोगों में आक्रोश भी रहा। प्रधान के जानकारी देने पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश चंद्र ने बताया कि दोनों का करीब 15-15 हजार रुपये का नुक़सान हुआ है। जिसकी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी। वहीं जली हुई फसल देख किसानों की आंखों में आंसू छलक उठे।

### खर-पतवार में लगी आग से किसानों में हड़कंप

**परियर उन्नाव।** सदर तहसील क्षेत्र के परियर से बिठूर मार्ग स्थित माना बंगला जाने वाले रास्ते में बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे विद्युत लाइन में शार्टसर्किट के बाद उठी चिंगारी से नीचे खड़े खर पतवार में आग लग गई। उधर से निकले मरौंदा गांव के लेखपाल दीपचंद ने पहले बालू डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिलने पर ग्रामीणों को बुलाया। निजी संसाधनों से ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। समय रहते ग्रामीणों के प्रायस से आसपास खेतों में खड़ी फसल आग की चपेट में आने से बच गई।


पतवार में लगी आग को बुझाता लेखपाल।

# किशोरी ने फंदे से लटक जान दी

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली के मुन्नी खेड़ा गांव में एक किशोरी ने अपने कमरे में साड़ी का फंदा बना कर लटक गई। पिता ने उसका शव लटका देख बेहाल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई।

हसनगंज कोतवाली के मुन्नी खेड़ा गांव निवासी दयाशंकर की 15 वर्षीय बेटी ने मंगलवार शाम अपने कमरे में लगे हुक में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गई। बिजली जाने पर पीछे कमरे में मौजूद पिता जब बाहर निकला तो टार्च की रोशनी में बेटी का शव लटका देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी में भिजवाया। जहां बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पिता दयाशंकर के मुताबिक खेती के साथ मजदूरी करता था। उसकी पत्नी चंपाकली की मौत बीमारी से


किशोरी की मौत के बाद गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

● दो बड़ी बहनें पहले ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर चुकीं

काफी पहले हो चुकी थी। उसके पांच बेटी थी। आठ साल पहले एक हादसे में उसके पैर में आई गंभीर चोट के बाद से वह घर में ही रहता था। सबसे बड़ी बेटी प्रिया की शादी हो चुकी है। एक बेटी शीतल ने प्रेम विवाह कर लिया था। इसके बाद से उसने उससे संबंध विच्छेद कर लिए थे। करीब पांच साल पहले उसकी चंडीगढ़ में मजदूरी करने गई तीसरे नंबर की बेटी काजल ने वहीं फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। बाद में चौथे नंबर की बेटी सुधा ने घर में ही फंदे से लटक कर जान दे दी। आंचल सबसे छोटी थी और वही इस समय पिता के साथ रहती थी। मंगलवार उसने भी अपनी बड़ी बहनों की तरह आत्महत्या का रास्ता चुन लिया। ग्रामीणों में तीन बेटियों के फांसी लगाकर जान देने को लेकर अलग-अलग चर्चाएं है। एसएचओ चंद्रकांत मिश्रा ने बताया प्रथम दृष्टया मामला फांसी का लग रहा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डंपर पलट जाने से लगा जाम, राहगीर हुए हलकान

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इससे आवागमन अवरुद्ध हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर हटवा कर वाहनों को निकलवाया। इस दौरान लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

थानाक्षेत्र के कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर बुधवार सुबह पर हिंदूपुर पुलिया के पास पत्थर लेकर आ रहा डंपर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच पलट गया। साथ ही पत्थरों के फैलने से यातायात अवरुद्ध हो गया। कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से डंपर को किनारे करवाया। इसके बाद एक-एक कर वाहनों को निकाला गया। डंपर हटने के बाद यातायात सुचारु हो सका।

# मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन को मंदिरों में लाइन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को सुबह से ही दर्शानार्थियों की राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में भारी भीड़ रही। देर रात लोग माता के दर्शन करते रहे। मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। दिनभर मां के जयकारे लगते रहे।

मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। जिसके बाद भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, गांधीनगर स्थित काली मंदिर, कंचननगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी मंदिरों समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा पाठ किया गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। जहां भक्तों ने माता को फूल, माला, मिठाई का भोग लगाया। सुबह शाम मंदिर में हुई महाआरती के दौरान भारी भीड़ रही। इसके अलावा अन्य देवी मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली।


दुर्गा माता का किया गया श्रृंगार।


दुर्गा मंदिर में मां के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।। अमृत विचार

### मेले में खोई बच्ची मिली, पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

**नवाबगंज उन्नाव।** कुशहरी देवी माता मंदिर में दर्शन करने आयी महिला की 4 वर्षीय बेटी अचानक मेले में गुम हो गयी। सुरक्षा व्यवस्था में लगी अजगैन कोतवाली पुलिस ने तत्काल खोजबीन कर सकुशल बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भागियाखेड़ा मजरा केवाना निवासी रेखा पत्नी रवि अपनी बेटी सुहानी को लेकर कुशहरी देवी मंदिर में बुधवार दोपहर को दर्शन करने आयी थी। मंदिर में दर्शन करने के बाद मेले में बेटी अचानक गुम हो गया। दंपति ने काफी देर खोजबीन की लेकिन उसका पता न चला तो थकहार कर मेला कमेटी को अवगत कराया। मेला मालिक गौरव सिंह ने बताया कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था में लगे आरक्षी दीपक गिरी व शिवानी ने तत्काल बच्चे की खोजबीन शुरू की और सुहानी को सकुशल खोजकर मा रेखा के सुपुर्द किया। महिला ने मेला व पुलिस प्रशासन का धन्यवाद को दिया।



परिजनों को बच्ची सौंपती पुलिस।

# चांद के दीदार के साथ बधाई का सिलसिला शुरू, बाजारों में भीड़

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** चांद रात पर आसमान पर ईद का चांद दिखते ही मुस्लिम भाइयों ने आतिशबाजी छुड़ाते हुए एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देना शुरू कर दिया। वहीं ईद की नमाज अदा करने सहित त्योहार मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लोग बाजार पहुंचने लगे, जिससे बाजारों में देर रात समाचार लिखे जाने तक जबरदस्त रौनक बनी रही।

बुधवार को 30वां रोजा होने से आज चांद रात होना तय था। इससे शाम गहराने के साथ लोगों ने ईद चांद के दीदार के लिए छतों पर पहुंचना शुरू कर दिया। दूर आसमान पर चांद दिखते ही लोगों ने आतिशबाजी छुड़ाते हुए एक-दूसरे को ईद की बधाइयां देने का सिलसिला शुरू कर दिया। साथ ही बाद ईद नमाज घरों पर पहुंचने वाले मेहमानों खातिर दस्तरखान सजाने में रह गई कमी पूरी करने को बाजार के लिए दौड़ पड़े। इस दौरान न सिर्फ पकवान तैयार करने के लिए लोग खरीदारी करते रहे, बल्कि क्राकरी, कुर्ते-पैजामे व सैंडल आदि की दुकानों पर भी भीड़ बनी रही।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, ईद उल फितर का चांद नजर आते ही रोजदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। चांद का दीदार करने के बाद उन्होंने एक-दूसरे को ईद की अग्रिम बधाइयां देनी शुरू कर दीं। काजी शहर सैय्यद जियाउल आरफ़ीन ने बताया कि गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे बिल्हौर बाईपास मार्ग के पास टीले पर स्थित ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अता की जाएगी । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित समय पर पहुंच कर सभी लोग ईदगाह में ही ईद की नमाज अता करें।


बाजार में ईद के लिए कपड़ों की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### सड़कों पर नमाज अता करने से बचें : शहर काजी

शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिस्बाही ने बताया कि शहर स्थित ईदगाह में सुबह साढे.सात बजे ईद-उल-फितर की नमाज अता होगी। उन्होंने मुस्लिम भाइयों से समय से ईदगाह पहुंचकर नमाज अता करने के लिए स्थान सुरक्षित करने की सलाह दी है। शहर काजी ने कहा कि कोशिश भर किसी भी भाई को ईदगाह सहित मस्जिद परिसरों के बाहर नमाज नहीं अता करनी चाहिए। किंहीं कारणों से विलंब होने वह किसी अन्य मस्जिद में जाकर नमाज अता कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज अता कराई जाएगी। स्टेशन रोड स्थित बुद्धनशाह बाबा मस्जिद में साढ़े आठ बजे नमाज अता होगी।


लोगों को मतदान के लिये जागरूक करते समिति के लोग। अमृत विचार

## मतदान के लिये किया जागरूक

**परियर उन्नाव।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति व केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. द्वारा सदर तहसील के कटरी मरौंदा मझवारा के ललतू पुरवा गांव में घर घर जाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। ललतू पुरवा गांव में समिति के लोगों द्वारा घर-घर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए कहा। रविशंकर मिश्रा, रामप्रकाश यादव, राहुल पाल, अनिल, लवकुश आदि रहे।

## नगर पालिका ने मुस्लिम इलाकों में कराई सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को होने वाली ईद को देखते हुये एक दिन पहले पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मियों की फौज मुस्लिम क्षेत्रों में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कराने के साथ ही चूने का छिड़काव किया।

बुधवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मी मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, गोताखोर, मदनी नगर आदि मुस्लिम इलाकों में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नाला-नाली की साफ सफाई की। इसके साथ ही चूने का छिड़काव कराया गया। वहीं मुस्लिम क्षेत्रों में सुअर न घूमे, इसके लिये सुअर पालको को भी निर्देशित किया। पालिका कर्मियों ने सुअर पालको को हिदायत दी कि यदि सुबह खुले में घूमते मिले तो कार्यवाही होगी।

चैत्र नवरात्र

दुर्लभ चंद्रमौली वृक्ष के नीचे विराजमान मूर्ति के पूजन को नवरात्र भर रहती भीड़

# शंकरी माता भर देती हैं सबकी झोली

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित मां शंकरी देवी क्षेत्र की अधिष्ठात्री व आराध्यदेवी के रूप में स्थापित हैं। मंदिर परिसर में दुर्लभ चंद्रमौली प्रजाति के वृक्ष के नीचे एक प्राचीन पाषाण रूप में मातारानी विराजमान थी। मंदिर के पुजारी देवकी नंदन ने दावा किया यह मंदिर सदियों प्राचीन है। इसीलिए आमदिनों में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रहती है, जबकि पूरे नवरात्र स्थानीय सहित बाहर के श्रद्धालुओं के पहुंचने से यहां भारी भीड़ बनी रहती है।

**मंदिर का इतिहासः** पुरातत्व व पुरावशेष विभाग लखनऊ द्वारा इस पाषाण पत्थर को सैकड़ों वर्ष पुराना 12वीं सदी का बताया गया है। किवदंती है कि देवी रानी ने नगर के ही एक महंत को सपना दिया था कि तालाब से मूर्ति निकाल कर आसपास ही कहीं स्थापित किया जाए। नागरिकों ने महंत के स्वप्न की जानकारी पाकर तालाब में तलाश कर पाषाण मूर्ति निकलवाई, जिसे सर्वसम्मति से पास में ही स्थित चंद्रमौली वृक्ष के नीचे स्थापित कर दिया गया। बाद में आस्था बढ़ने के साथ मंदिर का निर्माण और सौंदर्यीकरण होता रहा। माना जाता है कि मां के दरबार से कोई भक्त खाली हाथ वापस नहीं लौटता है। वह सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।


मंदिर में स्थापित माता शंकरी की मूर्ति की पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### माता के जगराता में सबका रहता सहयोग

मंदिर की देखरेख करते हुए व्यवस्थाओं के संचालन में शामिल अनिल तिवारी, संदीप तिवारी, गौरी शंकर, सुनील चौरसिया व अमित कुशवाहा आदि नवरात्र के दिनों में सजावट कराते हैं। नवरात्र संपंन होने के अगले दिन दशमी को यहां सभी भक्त मिलकर विशाल दुर्गा जागरण भी कराते हैं, जिसमें बाहर से आने वाले गायक कलाकार आदि लगभग पूरी रात भजन-कीर्तन सुनाते हुए श्रद्धालुओं को आनंदित करते रहते हैं।

### मंदिर की विशेषता

कहा जाता है मां सच्चे मन से अराधना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करते हुए गोद भर देती हैं। मातारानी की कृपा से संतान सुख प्राप्त करने वाले परिवार उसके संस्कार कराने यहां आते हैं। कस्बा सहित क्षेत्रवासी शंकरी माता को अपनी कुल देवी के रूप पूजते हैं। इसीलिए तमाम आस्थावान परिवारों में आने वाली बहुओं को ब्याह कर ला पहले माता रानी के दरबार में उतारकर पूजन-अर्चन कराया जाता है। यहां शादी संबंध के लिए लड़कियों की दिखाई व गोद भराई की रश्म अदा कराई जाती हैं। लोगों का विश्वास है कि मां की कृपा से शादी के बाद दंपत्तियों का जीवन सुखमय गुजरता है। नवरात्र के अंतिम दिन यहां भंडारा आयोजित कराते हुए समापन होता है।

# देवी मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़, गूंजते रहे माता के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने देवी के द्वितीय ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना की। सुबह देवी मंदिरों सहित घरों में देवी अराधना का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तगण रात शयन आरती तक मातारानी के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते रहते हैं, जिससे सुबह से रात मंदिर के कपाट बंद न होने तक आसपास इलाकों में चहल-पहल बनी रहती है।

आचार्य करुणा शंकर ने बताया कि नवरात्र प्रारंभ के अगले दिन माता ब्रह्चारिणी का दर्शन-पूजन व ध्यान बहुत ही फलदायी होता है। सृष्टि के सृजनकर्ता भगवान ब्रह्मा के कमंडल से आपकी उत्पत्ति मानी जाती है। इसीलिए मां के इस स्वरूप को ब्रह्मचारिणी के रूप में जाना जाता है। मातारानी ब्रह्मा जी शक्ति भी धारण करती हैं। माना जाता है कि मानस पुत्रों से सृष्टि सृजन न हो पाने पर शक्ति स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया। देवी ब्रह्मचारिणी ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की अधिष्ठात्री हैं। मां इस स्वरूप में जहां एक हाथ में कमंडल धारण करती हैं तो दूसरे में रुद्राक्ष माला लिए रहती हैं। करमाला, स्फटिक व ध्यान योग मातारानी की अधिष्ठापन शक्तियां हैं। नवरात्र के दूसरे दिन देवी के स्वरूप का ध्यान और मंत्र जप श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं को पूर्ण कराता है। देवी मंदिरों से भोर पहर से ही देवी गीतों की स्वर लहरियां वातावरण को भक्तिमय बनाती रहीं। देवी भक्तों ने स्नान के बाद घरों पूजन करने के साथ मंदिरों में पहुंचकर शीश नवाया।


स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

● देर रात तक देवी मंदिरों में लगा रहा श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला

# संविदा कर्मी की मौत, पालिका में शव रख हंगामा

## मुआवजे को लेकर घंटों नगर पालिका में रखा रहा शव, पूर्व सभासद और ईओ में हुई तीखी नोक-झोंक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ऋषि नगर निवासी पालिका संविदा कर्मी मंगलवार दोपहर खराब लाइट की मरम्मत करने के दौरान हाइड्रोलिक बकेट टूटने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। गुस्साएं परिजन शव लेकर पालिका पहुंचे और मुआवजे, नौकरी की मांग को लेकर शव रखकर घंटों हंगामा काटा। इस दौरान ईओ और पूर्व महिला सभासद के बीच तीखी नोक झोंक हुई।

ऋषि नगर निवासी 48 वर्षीय श्रवण कुमार मंगलवार दोपहर पालिका कर्मियों के साथ गोपीनाथपुरम के सामने हाइड्रोलिक बकेट में खड़े होकर मरम्मत कार्य कर रहा था, तभी बकेट टूट गया और श्रवण उससे नीचे गिरकर घायल हो गया। साथी कर्मियों ने उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार सुबह सात बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाये। जिसके बाद मृतक की पत्नी सुमन देवी, बेटा राजकमल (17), नीलकमल (13) रिश्तेदारों और साथी कर्मियों के साथ शव लेकर पालिका पहुंची। जहां पालिका में शव रखकर मुआवजे और नौकरी की मांग करने लगी। इस दौरान गुस्साएं लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुये हंगामा काटा। इस दौरान ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने गुस्साएं लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। इस बीच सभासद योगेश मिश्रा और अभिलाषा मिश्रा ने 11-11 हजार रुपये पीड़ित परिवार को दिया। वहीं ईओ बोले इतने पैसे से क्या होगा। जिस पर अभिलाषा भड़क गई और काफी देर तक तीखी नोंक झोंक हुई। जिस पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। इसके साथ ही लेखपाल अशोक सैनी ने भी लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान ईओ ने लिखित में परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के वादे के बाद मामला शांत हुआ। साथ ही सरकार से मिलने वाली राशि भी दिलाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पीएम के लिये भेजा है। पालिका कर्मियों ने बताया कि एक साल के भीतर ऋषि नगर निवासी श्रवण कुमार, इसी मोहल्ले के कृपाशंकर, आदर्श नगर के अभिषेक और लाइनमैन विनोद की हादसे में मौतें हो चुकी हैं लेकिन पालिका की ओर से विनोद और कृपाशंकर के परिजनों को आज तक कोई भी मदद नहीं दी गई है।


परिजनों को समझाते ईओ, अध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य। अमृत विचार


ईओ से हाथ जोड़कर मदद मांगती मृतक की पत्नी। अमृत विचार


श्रवण।

### अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप

राजधानी मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि सुबह तक श्रवण ठीक थे, इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से पांच हजार रुपये देकर शव उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### दस साल पुरानी है हाइड्रोलिक मशीन

साथी कर्मियों ने बताया कि हाइड्रोलिक मशीन दस साल पुरानी हो चुकी है। कई बार पालिका प्रशासन से मरम्मत कराने की बात भी कही लेकिन प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे श्रवण की मौत हो गई।


ईओ व पूर्व सभासद में होती नोकझोंक। अमृत विचार

# ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से 24 घंटे गुल रही तीन मोहल्लों की बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग दुर्गा मंदिर के सामने रखा ट्रांसफार्मर मंगलवार शाम ओवरलोड के कारण फुंक गया। जिस कारण सैकड़ों घरों की चौबीस घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं बालूघाट मोड़ के पास ट्रांसफार्मर में आग लगने से लीड जल गई। इसी तरह अन्य मोहल्लों में भी फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रही। जिससे गर्मी में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

राजधानी मार्ग दुर्गा मंदिर के सामने रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार शाम ओवरलोड होने के कारण फुंक गया। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी जानकारी विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने मरम्मत करने का प्रयास किया लेकिन नहीं ठीक हो सका। जिस कारण गांधी नगर, रशीद कालोनी, राजमार्ग, निषाद मार्केट क्षेत्र की बिजली पूरी रात गुल रही। चौबीस घंटे तक बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बुधवार शाम करीब छह बजे नया ट्रांसफार्मर लाया गया। जिसके बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। इसी तरह बालूघाट मोड़ के पास रात करीब दस बजे 400 केवीए टांसफार्मर के पास पड़े कूड़े में आग लग गई। आग की विकराल लपटों के बीच टांसफार्मर की लीड जलने के कारण दो घंटे बिजली गुल रही। वहीं फेस उड़ने से श्री नगर तिरंगा चौराहा, डाकतार कॉलोनी, शक्ति नगर में सैकड़ों घरों की सुबह से दोपहर तक बिजली गुल रही। इसके अलावा अन्य मोहल्लों में भी फाल्ट होने से कई-कई घंटे बिजली गुल रही।


बालूघाट पर धू-धूकर जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार


राजधानी मार्ग पर लाया गया नया ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

- **शाम करीब छह बजे नया ट्रांसफार्मर लाकर लगाया गया, तब आपूर्ति शुरू हुई**

# तीनों शव पहुंचे गांव, मचा कोहराम

अमृत विचार फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के मैता गांव से सोमवार रात 48 श्रद्धालुओं को लेकर मिर्जापुर के विंध्याचल धाम गई बस के प्रतापगढ़ जिले में दुर्घटनाग्रस्त होने पर किशोरी सहित तीन मौत हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। बुधवार को ही सभी का अंतिम संस्कार किया गया। राजनैतिक दल के लोगों ने गांव पहुंच कर दुखी परिवारों को ढाढस बंधाया। तीनों की मौत से दुखी कई परिवारों में बुधवार को चूल्हा तक नही जला।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के मैता गांव से सोमवार शाम छह बजे 48 लोग मिर्जापुर जिले के विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने के लिए बस बुक कराई थी। सोमवार देररात बस लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां थानाक्षेत्र के फूलमती गांव के पास ट्रक की टक्कर लगने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई थी। पुलिस ने सभी को कुंडा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसे में मैता गांव निवासी अवधेश का बेटा अनुराग उर्फ वासू (20), कृष्ण कुमार (45) और इसी गांव निवासी रामनारायण की बेटी संध्या (12) की मौत हो गई थी। वहीं प्रियांशु, विमलेश, सचिन, संदीप, मथुरा, हीरालाल, अनिल उनकी पत्नी व बेटा, महादेव राकेश, सराय कटियान गांव रामबिलास व उनकी बेटी पूजा, आनंद, सुरेंद्र और उनकी पत्नी घायल थे। मंगलवार देर रात पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। मृतकों के दरवाजे ग्रामीणों की भीड़ लग गई। बुधवार सुबह सांसद साक्षी महाराज, पूर्व विधायक उदयराज यादव, ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता ने गांव पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक जताया। दोपहर बाद परिजनों ने तीनों के शव का अंतिम संस्कार किया। वहीं घायलों में मैता गांव के सचिन व प्रियांशु को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सरांय कटियान गांव की पूजा का कानपुर में इलाज चल रहा है।


संध्या।


अनुराग।


कृष्ण कुमार।

- **विंध्याचल जाते समय प्रतापगढ़ जिले में हुआ था हादसा**

# क्रिकेट टीम में चयन का झांसा देकर ठगे 10 लाख

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच**

**अमृत विचार।** यूपी की अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन कराने का झांसा देकर एक खिलाड़ी से 10.45 लाख रुपए जालसाजों ने ठग लिए। चयन नहीं हुआ तो उसके रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। सदर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

बता दें कि गोरखपुर जिला के पुरासपार उनवल निवासी सत्यप्रकाश यादव ने आठ अप्रैल-2024 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह क्रिकेट का अच्छा खिलाड़ी है उसने यूपीसीए के अंडर-14, 16, 19 व 23 में कैंप किया लेकिन उसका चयन यूपी टीम में चयन नहीं हो पाया। सन-2021 में उसकी मुलाकात सदर कोतवाली के बसंत विहार कांशीराम कालोनी निवासी अनुराग मिश्रा से हुई। अनुराग क्रिकेट अकादमी चलाता था। उसने चयन न होने की चर्चा अनुराग से की। इस पर उसने अपने संबंध जिला क्रिकेट एसोसिएशन सहारनपुर के चेयरमैन अकरम सैफी से होने का दावा किया। उसने क्रिकेटर को झांसे में लेकर अकरम सैफी से मुलाकात भी कराई थी। इस पर चयन के लिए उसने 10 लाख रुपए दिए। लेकिन उसका चयन टीम में नहीं हुआ तो रुपए वापस मांगे। इस पर जान से मारने की धमकी दी गई। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि सत्यप्रकाश की तहरीर पर अनुराग मिश्र उनके भाई अनुभव मिश्र व अकरम सैफी के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# रैली निकलवा रहे सहायक शिक्षक को आया चक्कर

**उन्नाव।** बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय ओसिया के सहायक अध्यापक विद्यार्थियों की रैली निकलवाते समय चक्कर खाकर गिर पड़े। इसकी जानकारी पाकर खंड शिक्षा अधिकारी ने अपनी गाड़ी भेजकर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के सहयोग से शिक्षक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उपचार के बाद शिक्षक को घर भेज दिया गया।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल चलो अभियान की रैलियां निकलवा रहे हैं। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय ओसिया का स्टाफ बुधवार को बच्चों की रैली निकलवा रहा था। रैली में शामिल सहायक शिक्षक राजेंद्र बाबू अचानक चक्कर खाकर गिर गए।

## सार-संक्षेप

### रेलवे लाइन किनारे दीवार बनने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवाबगंज उन्नाव।** विकासखंड क्षेत्र के गांव सेमरा के सामने रेलवे लाइन किनारे बन रही दीवार का विरोध करने के साथ लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। एक ज्ञापन तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी को देकर रास्ता दिलवाने की मांग की। बता दें कि विकासखंड क्षेत्र का गांव सेमरा रेलवे लाइन के दोनों ओर बसा है। इसकी आबादी करीब 1500 है। गांव के लोगों का कहना है कि यहां पहले गेट नं-16 के नाम से था। लेकिन, समय के साथ यह गेट बंद हो गया तो गांव के लोग रेलवे लाइन के किनारे चलते रहे। लेकिन, अब जब रेलवे लाइन किनारे दोनों ओर दीवार खड़ी की जा रही है। जिससे गांव का आवागमन बंद हो जायेगा और लोगों को करीब 5 किमी चलकर आना पड़ेगा। इसे लेकर गांव निवासी सुनील लोधी के नेतृत्व में करीब एक सैकड़ा ग्रामीण धरने पर बैठ गये। उनकी मांग थी कि गेट नं-16 दोबारा बनाया जाये और इस पर एक अंडरपास बनाया जाए। तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी पहुंची और ज्ञापन लेकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

### ब्लाक प्रमुख चुनाव में हिंसा फैलाने के 32 आरोपी हुए बरी

**उन्नाव।** बीघापुर ब्लाक प्रमुख चुनाव सन-2010 सत्ता दलीय प्रत्याशी द्वारा मतदान के दिन विपक्षी प्रत्याशी के 32 नामजद और दो सैकड़ा से अधिक अज्ञात समर्थको पर मारपीट व उनके उपर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई। एडीजे कोर्ट संख्या तीन ने बुधवार को सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया। बता दें कि सन-2010 में बीघापुर ब्लाक प्रमुख पद का चुनाव में तत्कालीन सत्ता दलीय बीएसपी के प्रत्याशी रवि शंकर पांडेय व विपक्ष के प्रत्याशी राम चंद्र सिंह के बीच कांटे की टक्कर थी। हालांकि बीएसपी प्रत्याशी चुनाव हार गए थे। इसके बाद बीएसपी प्रत्याशी रवि शंकर पांडेय ने बीघापुर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि वह मतदान के दिन पांच गाड़ियों से अपनी पुत्र वधू प्रियंका पांडेय पत्नी दीपक पांडेय व अन्य सहयोगियों के अपने गांव से बीघापुर को निकले थे। मतदान स्थल के पास स्थित पावर हाउस के सामने दोपहर करीब एक बजे चुनावी रंजिश को लेकर सुरजन सिंह, दीपक सिंह, रिंकू सिंह, संजय सिंह, ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, सोमू सिंह, बच्चा सिंह, रमेश सिंह, डाक्टर मनीष सिंह, उदय प्रताप सिंह, लाल मास्टर, गुड्डू सिंह, राजा यादव, राजन सिंह, रामेश्वर सिंह, भूरे सिंह, पप्पू सिंह, महेंद्र सिंह, रामकरन, संदीप सिंह, राहुल सिंह, मंगला प्रसाद, पंकज सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनीष सिंह, आनन्द प्रताप, रामराज सिंह, बिधून, विनोद सिंह, शैलू सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह व शरद सिंह ने लाठी डंडों व ईट पत्थरों से उन पर जानलेवा हमला बोल दिया आईओ एसआई तेजीराम वर्मा 23 सितंबर-2011 को सभी आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। एडीजे-3 ममता सिंह ने नामित 32 आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

### डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर रूरी निवासी अखिलेश (18) पुत्र बुद्धी लाल बुधवार को बाइक से नसिरापुर जा रहा था। तभी रास्ते में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर गांव खंभौली के सामने तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और अखिलेश गंभीर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### मंदिर मार्ग पर भर रहा गंदा पानी, भक्तों में नाराजगी

**पुरवा उन्नाव।** क्षेत्र पंचायत की सेमरीमऊ स्थित पौराणिक देवी मंदिर मार्ग की सफाई न कराए जाने से नवरात्र पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मुश्किलें हो रही हैं। ग्रामीणों का दावा है कि सेमरीमऊ स्थित मंदिर तकरीबन 300 वर्ष पुराना है। इसीलिए क्षेत्र में इस देवी मंदिर को पौराणिक महत्व का बताया जाता है, जिससे यहां नवरात्र पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ती है। ग्राम पंचायत की ओर से मंदिर मार्ग की सफाई नहीं कराई गई।

### युवक की जेब काटकर पार किये 30 हजार रुपये

**औरास।** थानाक्षेत्र के सरौंद गांव निवासी विजय शंकर द्विवेदी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह सोमवार सुबह संडीला स्थित पोस्ट ऑफिस से 30 हजार रुपये निकालकर ऑटो से घर आ रहा था। वह अभी थानाक्षेत्र के गांव पंडित खेड़ा के पास पहुंचा था कि बगल में बैठे एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पैंट की जेब काटकर रुपये चोरी कर लिये और अपने साथी के साथ बीच रास्ते में उतरकर रफूचक्कर हो गया। वह अपनी कटी जेब देख सन्न रह गया। पीड़ित ने अज्ञात जेबकतरे के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### अजगैन क्षेत्र में 13 से 20 तक रोज 7 घंटे गुल रहेगी बिजली

**नवाबगंज।** अजगैन विद्युत उपकेंद्र के सभी फीडरों अजगैन, नवाबगंज, रायपुरगढ़ी, नवई, बनी, आशाखेड़ा, बजेहरा, सोहरामऊ, ई-स्पेश, सी हाक, आंनदी मैजिक वर्ड, कत्था फैक्ट्री में 13 से 20 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से 5 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान एचटी लाइन बदली जानी है। यह जानकारी एसडीओ रुद प्रताप सिंह ने दी।

### 80 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पुरवा।** ज़िला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक पुरवा निशांत सिंह ने आबकारी व पुलिस टीम के साथ तहसील क्षेत्र के गांव चित्ताखेड़ा व बहवा में दबिश दी। इसमें 80 लीटर कच्ची शराब के साथ ब्रजपाल पुत्र राजाराम निवासी बहवा थाना मौरावां को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। आबकारी निरीक्षक ने दबिश के दौरान मौके पर 300 किलो महुआ लहन भी नष्ट करवाया।

### उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

**औरास।** थानाक्षेत्र के अलीपुर मिचलौला गांव निवासी श्यामलाल गुप्ता होली में अपने बेटे के पास लखनऊ गया था। तभी चोरों ने उसके घर में घुसकर आलमारी का लाक तोड़कर करीब एक लाख के सोने के जेवरात व 40 हजार नगद उठा ले गए। परिजनों ने शिकायती पत्र देकर थाना पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन, घटना के एक माह बाद भी कार्रवाई न करने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। लोगों का कहना है कि थानाक्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कई घटनाओं में तो रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की जाती है।

# रोड किनारे बेहोश पड़ी मिली महिला

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ब्लाक रोड पर एक महिला बेहोश पड़ी मिली। महिला को बेहोश पड़ा देख आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी पहचान कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

नगर के मोहल्ला सरांय सूबेदार पश्चिमी के ब्लाक रोड पर कई घंटों तक एक महिला बेहोश पड़ी रही। यह देख आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। किसी अनहोनी की आशंका से दूकानदारों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराई और उसे परिजनों को सौंपा। उसकी पहचान मोहल्ला चालाकन टोला निवासी कमलेश की पत्नी के रूप में हुई। लोगों में चर्चा रही कि महिला आए दिन नगर की सड़कों पर बेहोश पड़ी रहती है।

### रेल ट्रैक के बीच युवक बेहोश

**सफीपुर।** बुधवार शाम करीब छह बजे कोतवाली क्षेत्र की कानपुर-बालामऊ अप व डाउन रेलवे लाइनों के बीच एक युवक को घायल पड़ा देख लोगों में अफरा-तफरी मची रही। ग्रामीणों ने एसे सफीपुर सीएचसी पहुंचाया।

# अनुमति से अधिक खनन, ठेकेदार पर रिपोर्ट

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- **कार्यदायी संस्था व ठेकेदार पर एफआईआर**
- **पुलिस बोली, राजस्व विभाग के कहने पर डंपर छोड़े गए**

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में आठ डंपरो को पकड़ने के बाद छोड़ दिए जाने का मामला सुर्खियों में आने के बाद लेखपाल ने पाली गांव पहुंच कर जांच की। इसमें अनुमति से अधिक मिट्टी खनन की बात सही पाई गई। इस पर निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की कार्यदाई संस्था व ठेकेदार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही डंपरों के खाली होने की वजह से उन्हे छोड़ दिए जाने का तर्क दिया गया है।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में 8 बीघा के तालाब से दो मीटर मिट्टी खोदने का पट्टा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य में लगी कंपनी को दिया गया था। ठेकेदार ने तालाब के करीब से तीन मीटर खुदाई की थी। लोगों की शिकायत को नजरंदाज किया गया। इसके बाद जब बंजर पड़ी जमीन पर खनन शुरू हुआ इस पर ग्रामीणों से शिकायत की। उनके आदेश लेखपाल शंशाक शेखर और कानूनगो संजय कुमार पहुंचे जहां 8 डंपर पकड़कर कोतवाली में खड़े कराए गए। बताया जाता है कि सभी डंपर मिट्टी से भरे थे लेकिन कोतवाली वो खाली पहुंचे थे। मामला डीएम के संज्ञान में पहुंचा तो लेखपाल ने जांच कर निर्माण कंपनी व ठेकेदार पर 5820 घन मीटर अवैध रुप से मिट्रटी खोदने की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई। एसएचओ अवनीश कुमार ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामले की जांच चल रही है। जुर्माना तो खनन विभाग ही करेगा। डंपर छोड़ने के मामले मे कहा कि राजस्व विभाग उन्हें लाया और उनके कहने पर ही छोड़ा गया, सारे डंपर खाली थे।

नई व्यवस्था | गुरुजन सहित पूरे स्टाफ की देखरेख में बच्चों को पीना होगा पानी

# रोज तीन बार बजेगी वाटर ब्रेक बेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अब परिषदीय विद्यालयों के गुरुजनों को प्रति दिन तीन बार वाटर ब्रेक की घंटी बजवानी होगी। साथ ही सभी बच्चों को पानी पिलवाने की जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। यही नहीं छात्र-छात्राओं को पानी पीने की उपयोगिता का पाठ भी पढ़ाना पड़ेगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने बुधवार को सभी बीईओ को यह आदेश जारी किया है, जिसमें छात्र-छात्राओं को गर्मी के मौसम में पानी की कमी की समस्या से बचाने को कहा गया है। बीईओ को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक कार्य दिवस पर विद्यालय संचालन के बीच सुबह साढ़े नौ, 12 और डेढ़ बजे वाटर ब्रेक की घंटी बजवाई जाए। साथ ही प्रधान शिक्षक, सहायक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व सहचर अपनी देखरेख में सभी बच्चों को पानी पिलवाना सुनिश्चित करें। अनुचर को छोड़कर अन्य स्टाफ इस दौरान बच्चों को पानी पीने की उपयोगिता भी बतानी होगी, जिससे बच्चे न सिर्फ स्वास्थ्य के लिहाज से जरूरी मात्रा में पानी के उपयोग की आदत डालें, बल्कि जीवन में पानी का महत्व भी समझें।

विभागीय अधिकारी ने मातहतों को जारी आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे गर्मियों में डीहाईड्रेशन की समस्या न खड़ी हो सके। गौरतलब हो कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस बार मौसम अधिक प्रतिकूल मानकर सभी को बहुत जरूरी होने पर ही दोपहर के समय घरों से निकलने की सलाह दी थी। प्राधिकरण ने अधिक से अधिक पानी का उपयोग करते हुए ढीले सूती कपड़ों के इस्तेमाल और धूप में बाहर निकलते समय सिर ढककर रखने की सलाह दी थी। पिछले गर्मी के सीजन में सदर तहसील क्षेत्र के परियर इलाके के एक विद्यालय एक साथ कई बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी, जिससे उन्हें शिक्षकों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकीय देखरेख में बच्चों के स्वास्थ्य में जल्दी ही सुधार होने पर घर भेजा गया था।

### कब-कब बजेगी घंटी

- 9:30 बजे सुबह बजेगी पहली घंटी
- 12:00 बजे दूसरी बार बजाई जाएगी घंटी
- 1:30 बजे वाटर ब्रेक की तीसरी घंटी बजेगी


आंधी के कारण राजधानी मार्ग पर पलटी नारियल की दुकान। अमृत विचार

# तेज आंधी के साथ बारिश फसलों को पहुंचा नुकसान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को शाम के समय अचानक मौसम बदला, जिसके बाद अंधेरा छा गया और तेज धूल भरी आंधी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। इसी बीच तेज झमाझम बारिश हुई। जिससे नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के निचले इलाकों में फिसलन हो गई। वहीं बेमौसम बारिश होने से किसानों को नुकसान पहुंचा है।

शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक मौसम बदला और आसमान में काले बादल छा गये। इसी शाम करीब पांच बजे तेज आंधी आई, आंधी के दौरान अंधेरा छा गया। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया और आने जाने वाले लोग जहां के तहां रूक गये। आंधी आने के कारण बैराज मार्ग, फोरलेन, नवीन पुल, हाइवे पर लगी बड़ी होर्डिंग और बैनर उड़ गये। आंधी पानी से कुछ स्थानों पर पेड़ की टहनिया टूट गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। वहीं कई किसानों ने खेतों में मड़ाई और कटाई का काम कर रहे थे, जिससे उनकी फसलें भीग गई।

# 43 लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड श्रीनगर मोहल्ले में तीन दिन पहले दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमें दो सगे भाइयों को चोट आई थी। पुलिस ने तीन दर्जन से अधिक लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

श्री नगर निवासी सत्यम शुक्ला ने बताया कि सोमवार रात लगभग साढ़े दस बजे पड़ोस में रहने वाले मित्र आयुष कश्यप के घर गया था। वह घर के अंदर था, तभी बाहर मारपीट की आवाजें आई तो वह बाहर निकला। जहां उसके भाई शिवम शुक्ला को तीन दर्जन लोग मारपीट रहे थे। जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि उसे भी मारा पीटा और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फटने के साथ ही एक कान कट गया। पुलिस ने शिवम शुक्ला और सत्यम शुक्ला की तहरीर पर प्रताप साहू, अमन दीक्षित, टोनी साहू, अजय साहू, शिवम साहू, छोटू साहू, दिलीप साहू, संतोष साहू, 35 अज्ञात समेत 43 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पीएमटी पास कर पीजीआई में लिया एडमिशन, वहीं बना साजिशकर्ता

## रवि अत्री ने हरियाणा पीएमटी की परीक्षा उत्तीर्ण करते समय भी पर्चा आउट कराया था

**पेपर लीक मामला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक कराने वाला मुख्य साजिशकर्ता रवि अत्री ने वर्ष 2006 में श्रीराम इंटर कॉलेज थोरा, जनपद गौतमबुद्धनगर से इंटर की परीक्षा पास की थी।

वर्ष 2007 में एलन कोचिंग सेंटर, कोटा, राजस्थान में मेडिकल की तैयारी करने के लिए गया और वहीं पर परीक्षा माफियाओं के संपर्क में आ गया। वह भी इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बनकर बैठने लग गया। वर्ष 2012 में हरियाणा पीएमटी की परीक्षा पास करने के बाद रवि का पीजीआई एमएस, रोहतक में एडमिशन हो गया था। वर्ष 2018 में तृतीय वर्ष पास किया तथा चौथे वर्ष की परीक्षा नहीं दी।

- वर्ष 2007 में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने पहुंचा था कोटा

### सालों से लीक करा रहा पर्चा कई बार जा चुका जेल

- रवि अत्री 2012 में नीट पीजी की परीक्षा का पेपर लीक मामले में दरियागंज क्राईम ब्रान्च दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2012 में ही एसबीआइ की परीक्षा का पेपर आउट कराने में थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2015 में एआईपीएमटी का पेपर आउट कराने में थाना पीजीआईएमएस, रोहतक से अपने साथियों के साथ जेल गया था।

### यहां से हुई प्रश्नपत्र लीक की शुरुआत

- अंकित मिश्रा नामक व्यक्ति ने रवि अत्री को बताया था कि वह टीसीआई, गति, ब्लू डाट ट्रांसपोर्ट कम्पनी में नौकरी लगवाता है। रवि अत्री को पता था कि इसी प्रकार की ट्रांसपोर्ट कम्पनी में पेपर आता है और इसे इस प्रकार के व्यक्ति की आवश्यकता थी तो इसने उससे दोस्ती कर ली और आपस में मुलाकात व बात होने लगी। रवि अत्री ने अंकित मिश्रा से कहा कि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा के पेपर आते-जाते हैं। अंकित को अपने व्यक्तियों से कोई भी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर आने की सूचना से अवगत कराने व इसकी एवज में काफी धन देने की बात कही। अंकित ने ही बताया था कि प्रतियोगी परीक्षा के पेपर सम्बन्धी कागजों पर कॉन्फिडेंशियल मटेरियल लिखा रहता है तथा बॉक्स पर भी स्टील की टेप व कॉन्फिडेंशियल की मोहर लगी रहती है। अंकित ने फोन पर रवि अत्री की बात टीसीआइ कम्पनी में काम करने वाले अभिषेक शुक्ला से कराई थी और यह अभिषेक शुक्ला से बातचीत करने लगा और उसे हर माह 20-30 हजार रुपये देने लगा तथा अब तक रवि अत्री दोनों को लगभग 10-15 लाख रुपये दे चुका है।

# म्यांमार में फंसे युवक के परिजनों ने मोदी योगी से लगाई गुहार

**जैदपुर, बाराबंकी :** नौकरी करने म्यांमार गए तीन इंजीनियर दोस्तों को बंधक बना लिया गया है। इन तीन में से एक अजय कुमार जैदपुर थाना क्षेत्र के बम्भौरा लोधी गांव का निवासी है। अजय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि वह 26 मार्च को दोस्त सागर के साथ जॉब के लिए मलेशिया निकला था। अजय ने बताया कि हम लोगों को फंसाने में डीलर का हाथ है। उसने हम लोगों को किसी दूसरी कंपनी को बेच दिया है। अजय के परिजन काफी परेशान हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बेटे की सुरक्षित वतन वापसी की की गुहार लगाई है। अजय कुमार के पिता अमरनाथ ने बताया कि मेरा बेटा अपने साथियों के साथ मलेशिया काम करने के लिए गया था। लेकिन उसे म्यांमार में बंधक बना लिया गया है। वहां पर मेरा बेटा बहुत परेशान है।

# कार ने एक-एक कर दो बाइकों में मारी टक्कर, तीन की हुई मौत

संवाददाता, बावन, हरदोई

- जगदीशपुर-शाहाबाद रोड पर तेरिया के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** जगदीशपुर-शाहाबाद रोड पर बुधवार की सुबह क्रेटा कार एक के बाद एक कर दो बाइकों में टक्कर मारते हुए उनमें फंस गई। हादसे में अलग-अलग बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि कार सवार मां-बेटे ज़ख्मी हो गए। ज़ख्मी लोगों को सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच-पड़ताल शुरु कर दी।

बताया गया है कि बरेली के सिद्ध नगर निवासी अमित परचानी पुत्र राजेश परचानी बुधवार को क्रेटा कार से अपनी मां सोनी परचानी को ले कर जगदीशपुर-शाहाबाद रोड से होते हुए बरेली जा रहा था। उसी बीच लोनार थाने के गदाईपुर गांव की मोड़ पर सामने से आ रही कार ने गदाईपुर निवासी 35 वर्षीय रामनरेश पुत्र रामबक्श की बाइक में टक्कर मार दी,जिससे रामनरेश बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। हादसा होने से कार चला रहा अमित घबरा गया और उसी घबराहट में सामने से आ रही दूसरी बाइक मे. टक्कर मार दी,जिससे उस पर सवार 45 वर्षीय सर्वेश पुत्र भूंसेलाल निवासी शाहपुर बिहगावां थाना बेहटा गोकुल और 23 वर्षीय उसका चचेरा भाई अशोक पुत्र बरातीलाल के अलावा कार के बाइक में फंसने से अमित और उसकी मां सोनी भी ज़ख्मी हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने गांव वालों की मदद से सभी को एम्बुलेंस-108 से बावन सीएचसी पहुंचाया, जहां सर्वेश की मौत हो गई,जबकि रामनरेश ने मेडिकल कालेज पहुंचते ही दम तोड़ दिया। अशोक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### दुल्हन के लिए कपड़े खरीदने जा रहे थे चचेरे भाई

**हरदोई।** अशोक की टड़ियावां थाने के भुड़िया मजरा अटवा कटैय्या से 18 अप्रैल को शादी होना तय थी। बुधवार को वह अपने चचेरे भाई सर्वेश के साथ बाइक से दुल्हन के लिए कपड़े खरीदने जगदीशपुर की बाज़ार जा रहा था।

### नौकरी के लिए जाते हुए रास्ते में निगल गई मौत

**हरदोई।** गदाईपुर निवासी रामनरेश के पिता रामबक्श की लोनार थाने में चौकीदार रहते हुए कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। रामनरेश ने पिता की नौकरी के लिए आवेदन किया था। उसी सिलसिले में उसे बुधवार को थाने बुलाया गया था, रामनरेश नौकरी की चाहत में बाइक से लोनार जा रहा था,उसी बीच रास्ते में तेज़ रफ्तार की शक्ल में मिली मौत ने उसे निगल लिया।

# बलरामपुर की बेटी रागिनी बनीं मिसेज उत्तर प्रदेश

संवाददाता, बलरामपुर

- क्वींस ऑफ एक्सीलेंस 2024 सीजन -2 कॉन्टेस्ट

**अमृत विचार।** बलरामपुर की बेटी रागिनी सोनी ने मिसेज उत्तर प्रदेश बनने का गौरव हासिल किया। उसने बताया कि बचपन से मेरा सपना मिस इंडिया बनने का था लेकिन सही मार्गदर्शन न मिलने की वजह से मैं वहां तक नहीं पहुंच सकी। एक समय ऐसा लगा शायद मेरा यह सपना एक सपना ही रह जायेगा। फिर बीते वर्ष मेरी शादी हो गई और इस कॉन्टेस्ट के बारे में मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि मिस इंडिया की तर्ज पर आप मिसेज उत्तर प्रदेश बन सकती हैं और अपने सपनों को सच कर सकती हैं। फिर मैंने डा. आकांक्षा गोगना द्वारा आयोजित मिसेज उत्तर प्रदेश क्वींस आफ एक्सीलेंस 2024 सीजन -2 कॉन्टेस्ट में हिस्सा लिया और कई महीनों की मेहनत के बाद मुझे इसमें सफलता मिली।

इस कॉन्टेस्ट को जीतने के बाद मैं रुकने वाली नहीं, अब मैं मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट और मिसेज वर्ल्ड कॉन्टेस्ट में हिस्सा लूंगी और अपने जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन करूंगी। इसके साथ मैं सभी महिलाओं को ये संदेश देना चाहती हूं, आपको अपने जीवन में कभी रुकना नहीं चाहिए बल्कि अपने पंखों को उड़ान देना चाहिए। इस तरह के कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेके आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा बढ़ता है, और आप समाज में अपनी खुद की एक नई पहचान बना सकती हैं। कभी ये नहीं सोचना चाहिए कि आप जीतेंगे या हारेंगे, हमें बस अपना शत प्रतिशत देना है और नया कुछ सीखना है। ऐसे प्लेटफार्म को पाने के बाद आप या तो जीतते या सीखते हैं। कहा मैं डा. आकांक्षा गोगना और उनकी टीम को धन्यवाद देना चाहूंगी।

# सुलतानपुर पहुंच गई बुलेट रानी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** जिले के एक निजी गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान बुलेट रानी राजलक्ष्मी ने दावा किया कि एक समृद्ध भारत के लिए नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने जा रहे हैं। देश भर में लहर है। साथ ही इस बार तो पीएम मोदी दक्षिण को भी जीत रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में पहुंची बुलेट रानी के नाम से मशहूर राजलक्ष्मी मंदा का बुधवार को बीजेपी के नेताओं ने स्वागत किया। बताते चलें कि 12 फरवरी को तमिलनाडु के मदुरै से दिल्ली की यात्रा बुलेट से करते हुए राजलक्ष्मी मंदा अपने बुलेट पर ही तिरंगा लिए सुलतानपुर पहुंची। उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। राजलक्ष्मी ने बताया कि वह तमिलनाडु से राजधानी दिल्ली तक की 21 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली हैं और बुलेट से ही यात्रा कर रही हैं। यात्रा के दौरान लोगों का स्नेह और प्रेम खूब मिल रहा है। राजलक्ष्मी 17 हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा तय कर सुलतानपुर पहुंची हैं। यहां एक निजी गेस्ट हाउस में उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि जहां भी जा रहे हैं, हर जगह पीएम मोदी के प्रति लोगों में प्रेम देखने को मिल रहा है।



सुलतानपुर पहुंचने पर राजलक्ष्मी मंदा का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### सनातन धर्म पर दिया करारा जवाब

- उन्होंने बताया कि पहले अखंड भारत था। इसलिए तो आज भी ईराक, ईरान, बांग्लादेश में खुदाई पर शिव जी की मूर्ति, शिवलिंग, त्रिशुल आदि मिल रहा है। लोग अपने स्वार्थ के लिए अलग अलग कर लिए है। चर्च और मस्जिद में भी हिंदुओं के चिन्ह मिलेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी राजलक्ष्मी मंदा द्वारा नरेंद्र मोदी के लिए 115 दिन यात्रा की थी। तभी से वह चर्चा में आई थी। बताते चलें कि इनके नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज है। वर्ष 2015 में साढ़े नौ टन वजन हाथ से खींचकर रिकार्ड बनाया था। वैसे तो राजलक्ष्मी मंदा पीएम नरेंद्र मोदी के रीतियों व नीतियों से प्रभावित हो कर उनके लिए वोट मांग रही है। उनके काफिले में कुल 22 लोग साथ चल रहे हैं। आगे उनकी बुलेट तो पीछे ट्रक चल रहा है

# मानसिक बीमार से दुष्कर्म में 14 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- आठ साल पूर्व घर में घुसकर दिया था घटना को अंजाम

**अमृत विचार।** करीब आठ साल पूर्व मानसिक बीमार युवती के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने दोषी को 14 साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक अवध नरेश सिंह चंदेल ने बताया कि राठ थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने दी तहरीर में बताया था कि 11 अक्तूबर 2015 को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसकी 18 वर्षीय बेटी घर में अपनी दादी के साथ अकेले थी जो मानसिक विक्षिप्त है। वहीं दादी को भी कुछ न दिखाई देता है और न वह कुछ सुन सकती थी। वह पत्नी व बच्चों के साथ दुकान में था। तभी पड़ोस की एक महिला ने फोन में सूचना दी कि उसके घर में कोई घुसा है। वह मौके पर पत्नी सहित पहुंचा और देखा कि लींगा गांव निवासी कल्लू उर्फ लाल सिंह राजपूत उसकी बेटी (पीड़िता) का मुंह व गला दबाकर दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्जकर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी कल्लू उर्फ लाल सिंह राजपूत को 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही जुर्माना की धनराशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया है।



# अमित शाह के मामले में परिवाद खारिज

**सुलतानपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने परिवाद खारिज कर दिया है। बुधवार को परिवादी की तरफ से तलबी बहस होना था। परिवादी व उसके दो गवाहो का साक्ष्य कोर्ट में दर्ज हो चुका था।

अधिवक्ता के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए बुधवार को तलबी बहस के लिए मौके का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दिया गया। कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने प्रार्थनापत्र नामंजूर कर परिवाद पत्र व उसके साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए खारिज कर दिया है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

# 24 घंटे बिजली-पानी, मशीनों से होगी सफाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद रामनवमी मेले में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। व्यवस्था में पहली बार बहुत कुछ बदला दिखेगा। युध्दस्तर पर तैयारी के साथ कई नए इंतजाम किए जा रहे हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए जिला प्रशासन के साथ नगर निगम व्यापक स्तर पर तैयारी करवा रहा है।

खास बात यह है कि पहली बार रामनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को इस तरह के इंतजाम दिखेंगे। रामनवमी मेले में नगर निगम ने अपनी पूरी ताकत लगाई है। संसाधनों को झोंक दिया है। नगर निगम से पूरे मेला क्षेत्र में खास तौर पर विभिन्न पथों पर 1500 वाटर टैप लगाए जा रहे हैं जहां बोरिंग से अनवरत 24 घंटे जलापूर्ति की जाएगी। निर्बाध जलापूर्ति के लिए नगर निगम से इन वाटर टैपों की निगरानी के लिए कर्मी तैनात किए गए हैं। 955 इंडिया मार्का हैंडपंप और 322 स्टैंड पोस्ट स्थापित किए गए हैं। पेयजल का संकट न हो इसके लिए साठ वाटर टैंकर रामपथ, भक्तिपथ, दर्शनपथ और घाट वाले क्षेत्रों में मोबाइल रहेंगे।



अयोध्या में रामपथ से गुजरते श्रद्धालु। अमृत विचार

### मेले के लिए ये इंतजाम हुए

- 12 अतिरिक्त स्वच्छता निरीक्षक तैनात, 30 मशीनें बाहर से आईं
- मेला क्षेत्र में 1500 वाटर टैप, 60 टैंकरों से होगी जलापूर्ति

### सफाई व्यवस्था में लगे 2500 स्वच्छता दूत

नगर निगम से रामनवमी मेले में यहां कार्यरत स्वच्छता निरीक्षकों के अतिरिक्त गैर जनपदों के 12 अतिरिक्त स्वच्छता निरीक्षकों की तैनाती की गई है। स्वच्छता निरीक्षक मेले की सफाई व्यवस्था के साथ खाद्य पदार्थों की बिक्री पर भी नजर रखेंगे। 2500 स्वच्छता दूत अनवरत सफाई व्यवस्था को आठ-आठ घंटे की पालियों में अंजाम देंगे। फैजाबाद नगर में भी निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि ओवरहेड की क्षमता अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

> रामनवमी मेले को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। निगम अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए कृतसंकल्प है। बड़े पैमाने पर जलापूर्ति, सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।
>
> -संतोष शर्मा, नगर आयुक्त

# संगम में बिना ड्रेस व आईडी के नहीं होगी पार्किंग वसूली

**प्रयागराज।** संगम में प्रतिदिन देश भर से श्रद्धालु स्नान व दर्शन करने के लिए आते हैं। लेकिन यहां पार्किंग शुल्क के नाम पर उनसे दुर्व्यवहार किया जाता है। साथ ही मनमानी वसूली की जाती है। आए दिन इसको लेकर विवाद होते रहते हैं। दो दिन पहले एक बार फिर बस चालक और यात्रियों के साथ मारपीट की गई। अब प्रशासन यहां सख्ती कर रहा है। पार्किंग शुल्क लेने वाला जो भी कर्मचारी यहां होगा उसे आई कार्ड समेत ड्रेस पहनना होगा। एक स्थान तय होगा कि जहां पर पार्किंग शुल्क लेना होगा। मनमानी वसूली करने पर कार्रवाई होगी। मामले में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी मो. समीर इस्लाम ने पार्किंग शुल्क वसूलने वाली एजेंसी बालाजी इंटरप्राइजेज की संचालिका सुनीता को तलब किया था।

# भुखमरी से अतीक के 'डैनी' की मौत

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** माफिया अतीक अहमद की हत्या के बाद उसका कुनबा बिखर चुका है। मंगलवार रात उसके सबसे वफादार कुत्ते डैनी ने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि भुखमरी के शिकार डैनी की तड़पकर मौत हो गई। किसी समय अतीक के इशारे पर डैनी दुश्मनों घायल कर देता था। अतीक की हत्या के बाद उसके दो कुत्तों की भी इसी तरह मौत हो गई थी। अब उसके दो कुत्ते बचे हैं जिन्हें पशु प्रेमियों ने पनाह दी है। अतीक अहमद ने ग्रेड डेन नस्ल के पांच कुत्ते पाल रखे थे। इसमें दो फीमेल और तीन मेल थे। इनका अतीक से बेहद खास लगाव था। कोठी में रहने के दौरान ये कुत्ते हर वक्त अतीक के आसपास ही रहते थे।

पुलिस के मुताबिक प्रतिबंधित व खूंखार नस्ल के इन कुत्तों को पालने के लिए अतीक ने लंबे समय तक कोई लाइसेंस नहीं लिया था। बहुत आपत्ति होने पर उसने कुत्तों का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन करवाया था। उसमें डैनी को बैच नंबर 452 दिया गया था। जबकि सैम और कल्लू को 453 और 460 नम्बर अलॉट हुआ था। अतीक की हत्या के बाद उसके कुत्ते सदमे में आ गए। उसके सबसे करीब रहने वाले ब्रूनो और ब्राउनी टाइगर ने अतीक की हत्या के कुछ दिन बाद ही दम तोड़ दिया था। बचे हुए तीन कुत्ते खानाबदोश हो गए। उनकी देखभाल तो दूर दो वक्त का निवाला देने वाला भी कोई नहीं रह गया। कुछ समय बाद नगर निगम ने इन्हे संरक्षण दिया। लेकिन बेहद लाड-प्यार से पले इन कुत्तों की नगर निगम ठीक से परवरिश नहीं कर सका। इसकी वजह से मंगलवार को डैनी की मौत हो गई।



अतीक का कुत्ता।

### 5 किलो चिकन थी खुराक सूखी रोटी के भी पड़े लाले

- पुलिस व स्थानीय लोगों के मुताबिक अतीक कुत्तों की देखभाल के लिए नौकरों की फौज रहती थी। इन्हें मंहगे शैंपू से नहलाया जाता था और दोनों वक्त परफ्यूम लगता था। खाने में हर रोज की डाइट फिक्स थी। इन्हें रोजाना पांच किलो चिकन और सप्ताह में दो दिन मटन दिया जाता था। लेकिन माफिया के अंत के साथ ही इन बेजुबानों के खाने के लाले पड़ गए। चिकन, मटन तो दूर सूखी रोटी भी मयस्सर नहीं हो रही थी।

# जन्मभूमि परिसर में शेषावतार मंदिर,सप्त मंडप की भरी नींव

अयोध्या कार्यालय

- तीन चरणों में निर्माण, मंदिरों में भी लगेंगे राजस्थानी पत्थर

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर की तर्ज पर भगवान लक्ष्मण के शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप का भी निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण इसलिए किया जा रहा है कि परिसर की सुरक्षा एक हजार वर्ष तक बनी रहे।

इन मंदिरों का निर्माण भी तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सीमेंट, मोरंग और कंक्रीट से नींव को तैयार किया जा रहा है, जिस पर बलुआ पत्थर को लगाकर प्लिंथ को तैयार किया जाएगा। फिर राजस्थान के पत्थरों से मंदिर का स्ट्रक्चर खड़ा होगा। राम मंदिर को पूर्ण करने का कार्य तेजी से चल रहा है। परकोटा और उसमें बनने वाले 6 देवी देवताओं के मंदिर का भी निर्माण हो रहा है। अब मंदिर परिसर में राम मंदिर के दक्षिण दिशा की ओर शेषवतार, महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि, अगस्त्य, निषाद राज, अहिल्या का भी मंदिर बन रहा है।

### दो हजार वर्कर लगे

श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर के प्रथम, द्वितीय तल और अन्य मंदिरों के कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। ऐसी योजना एलएंडटी ने तैयार की है, जिसके लिए बड़ी संख्या में वर्करों को उतार कर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए लगभग 2000 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं।

**अयोध्या** | वीआईपी दर्शन ने बढ़ाई प्रशासन की मुश्किल, उनके लिए अब अलग से कर्मचारियों की टीम लगानी पड़ी

# हैलो सर! वीआईपी दर्शन के लिए आ रहे हैं, व्यवस्था करा दीजिए

राजेंद्र कुमार पांडेय

- दूर-दूर से वीआईपी अतिथि आने शुरू हुए
- 22 जनवरी के बाद वीआईपी दर्शन में बढ़ोतरी

**अयोध्या।** हैलो सर, विभाग के वीआईपी राम लला के दर्शन के लिए आ रहे हैं। व्यवस्था करा दीजिए। गाड़ी का नंबर भेजिए। फोन घनघनाते हैं। व्हाटस एप मैसेज गिरते हैं। मेला और चुनाव के दौर में वीआईपी दर्शन ने प्रशासन की मुश्किल बढ़ा दी। संख्या इतनी बढ़ गई कि प्रशासन को इसके लिए अब अलग से कर्मचारियों की टीम लगानी पड़ी।

22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। फिर राम दर्शन यात्रा शुरू हुई। ट्रेनों से विभिन्न प्रातों के लोग दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। बसों से श्रद्धालुओं की आमद हुई। फिर देश के विभिन्न प्रांतों की सरकारों के आने का दौर शुरू हुआ। भाजपा शासित लगभग सभी प्रदेशों की सरकारें राम लला के दरबार में मत्था टेक चुकी हैं। चुनाव आचार संहिता लागू हुई तो आस्था स्पेशल ट्रेनों और सरकारों के आने का दौर थमा। प्रशासन ने सोचा कि अब शायद कुछ राहत मिले लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वीआईपी दर्शन की व्यवस्था का दबाव और बढ़ गया। जब तक स्पेशल ट्रेन और सरकारों के आने का दौर था। केंद्र और प्रदेश की सरकारों के वीआईपी इंतजार कर रहे थे। अधिसूचना जारी हुई तो विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल की आमद शुरू हुई। अब तक लगभग दर्जन भर प्रदेशों के राज्यपाल रामलला के सामने मत्था टेक चुके हैं। अब केंद्र और प्रदेशों के अफसरों के साथ सरकारी वीआईपी मुलाजिमों की आमद तेज हो गई।

सूत्रों की मानें तो प्रतिदिन केंद्र और प्रदेशों के विभिन्न विभागों से आने वाले वीआईपी की संख्या लगभग साढ़े चार से पांच हजार हो गई। लगातार वीआईपी दर्शन ने प्रशासन की मुश्किल बढ़ा दी है। चैत्र राम नवमी मेले के साथ चुनाव चल रहा है। ऐसे में मुश्किल और बढ़ गई।

### वीआईपी दर्शन की व्यवस्था

- राज्यपाल के साथ तो प्रशासनिक अमला दर्शन कराता है। बड़े अफसरों के साथ भी दर्शन के लिए प्रशासन के अफसर की तैनाती की जाती है। उससे छोटे वीआईपी के लिए भी संबंधित विभाग का कोई कर्मचारी लगाया जाता है। प्रभारी प्रोटोकाल अफसर सिटी मजिस्ट्रेट के यहां से या फिर पुलिस सेल से वीआईपी वाहन का नंबर मैसेज किया जाता है। इसके बाद उस वाहन को रंगमहल गेट सहित मंदिर के अन्य मार्ग तक जाने दिया जाता है। अन्यथा की स्थिति में दो किमी पैदल चलना पड़ता है।



> रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन पूजन के लिए विशिष्टजनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए 12 विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है।
>
> -रमेश कुमार मिश्र
> सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी प्रोटकाल अयोध्या

### रोजाना औसतन साढ़े चार हजार वीआईपी दर्शन

- रोज औसतन साढ़े चार से पांच हजार लोगों के वीआईपी दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि वीआईपी जत्थों में पहुंच रहे हैं। दूसरे वीआईपी को छोड़ विभागों के वीआईपी की कई-कई टीम पहुंच रही है। एक टीम में इनकी संख्या 40 से 50 और उससे ज्यादा भी होती है।

### व्यवस्था में लगाई 12 कर्मचारियों की टीम

- वीआईपी की भीड़ बढ़ी तो फोन, व्हाटसप पर आने वाली सूचना और दर्शन की व्यवस्था के लिए प्रभारी प्रोटोकाल अफसर के कार्यालय में 12 प्रमुख विभाग के कर्मचारियों को संबद्ध किया गया। इनमें वन, चिकित्सा, पावर कारपोरेशन, सीवीओ, डीडीओ, समाज कल्याण, सिंचाई, नलकूप, लोक निर्माण सहित अन्य विभाग है। यह सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशन में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था कराते हैं। मुश्किल कम करने के लिए विभाग के लोग और व्यवस्था की बात अफसरों से कह रहे है।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्‌गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# सहयोग बढ़ाना जरूरी

दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला भारत स्वास्थ्य के कई मसलों से जूझ रहा है। हालांकि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की राह की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें संक्रामक रोगों से लेकर गैर संक्रामक बीमारियां शामिल हैं। टीबी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां तो बनी ही हुई हैं। इनके साथ साथ जीवनशैली से जुड़े रोगों जैसे कि डायबिटीज़ और दिल की बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बना हुआ है। वास्तविक स्वास्थ्य समानता, गरीबी, भेदभाव, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, स्वस्थ आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा और आवास जैसी स्वास्थ्य असमानताओं के मूल कारणों को संबोधित करती है तथा स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्रदान करती है। स्वास्थ्य समानता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम स्वास्थ्य क्षमता प्राप्त करने का समान अवसर मिले, चाहें उनकी परिस्थितियां कुछ भी हों। यह स्वीकार करते हुए कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं, यह विचार आनुवंशिकी तक सीमित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मिशन विभिन्न सामाजिक और आर्थिक श्रेणियों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान अनुचित एवं निवारण योग्य असमानताओं को समाप्त करना है।

भारत सरकार ने 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की थी। इसकी रूपरेखा में पहले यानी 2005 में स्थापित किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 2013 में शुरू किए गए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य की तमाम चुनौतियों के बावजूद जनता की सेहत को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया में स्वास्थ्य की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत दो मुख्य कार्यक्रमों-हेल्थ ऐंड वेलनेस केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए देश के 50 करोड़ कमजोर लोगों को वित्तीय संरक्षण देना है। फिर भी भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में विशेष रूप से स्वास्थ्य समानता की राह कठिनाइयों से भरी है जिसमें गहराई तक व्याप्त सामाजिक अन्याय से लेकर वैश्विक प्रणालीगत स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। भारत के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि आम लोगों को उचित कीमत पर स्वास्थ्य की देख-रेख की अच्छी सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के मूलभूत ढांचे में निवेश और कर्मचारियों की तादाद बढ़ाने और सरकारी संस्थाओं, नागरिक संगठनों और निजी भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है।

# पूरक आहार के सेवन से भी होती है विषाक्तता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था।

जर्नल ऑफ़ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी के सन 2017 के अंक 13 में छपे हुए एक शोधपत्र से मालूम हुआ है कि सन् 2000 से 2012 तक के अरसे के बीच अमरीका में पूरक आहार (डाइटरी सप्लीमेंट्स) का सेवन करने से हुई विषाक्तता के 2,74,998 व्यक्ति-मामले 'पाइजन कण्ट्रोल सेंटर्स' में रिपोर्ट हुए थे। सन् 2000 से 2002 के बीच के तीन वर्षों के समय में अमेरिका में प्रति एक लाख व्यक्तियों में विषाक्तता के मामलों में पिछले आंकड़ा के दृष्टिगत 46.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अगले चार वर्षों में यह घटकर 8.8 प्रतिशत हुई लेकिन 2005 से लेकर 2012 के बीच यह फिर आश्चर्यजनक रूप से अधिक होकर 49.3 प्रतिशत हो गई।

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था। शरीर में पहुंचने के बाद रासायनिक विघटन होकर इनके पदार्थ जब विलग हो जाते हैं और चयापचयी प्रक्रिया-एब्जॉर्प्शन और एडजॉर्प्शन, शुरू हो जाती है तब इनके घटक विषाक्तता पैदा करते हैं।

भारत में पूरक आहार (हेल्थ फ़ूड सप्लीमेंट्स-न्युट्रास्युटिकल्स) का सेवन करने की प्रवृत्ति तेज़ हो चुकी है। 1850 आदि दशक से ही अमीर परिवारों में बच्चों को इसे दिया जाता रहा है, लेकिन प्रोटीन और विटामिन रिच न्युट्रास्युटिकल्स का इस्तेमाल खिलाड़ियों (पहलवान, वेट लिफ्टर्स, धावक) में अब अधिक है। इनमें ग्लुटामीन और ट्रिप्टोफेन जैसे एमिनो एसिड्स, एनाबोलिक एण्ड्रोजैनिक स्टेरॉयड्स एवं एम्फिटामीन्स जैसे स्टिमुलैंट्स के अलावा संश्लेषित 'ब्रांच्ड-चेन एमिनो एसिड्स' शामिल हैं। विज्ञापनों के प्रभाव में संभावित कुपोषण के दुष्प्रभाव से बचाने या फिर तेज़ी से शारीरिक वृद्धि होने एवं खेल और अध्ययन दोनों में मेधावी बनाने के लिए पेरेंट्स में किशोर वय के अपने बच्चों को

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं।

पूरक आहार और न्युट्रास्युटिकल्स देने का चलन बढ़ा है। ट्रेंड डॉक्टर या फिजिशियन की सलाह के बिना या एक समय बाद सलाह की उपेक्षा करके जो जहां मिला या जिसने बता दिया, प्रकार के फ़ूड सप्लीमेंट्स खरीदकर बच्चों को दिए जा रहे हैं। यह द्रुतगति से बढ़ कर अब चिंताजनक स्तर तक पहुंचा हुआ है। देश में ही नहीं दुनिया भर में न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स का कारोबार और सेवन कुलांचे भर रहा है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं। परन्तु विज्ञापन और घरेलू स्टार की डायरेक्ट मार्केटिंग का पुश इतना जबरदस्त है कि लोगों में पूरक आहार को एक चिकित्सकीय जरूरत के हिसाब से इन्हें न लेने या हिदायतों की उपेक्षा करके दीर्घावधि तक इनका नियमित सेवन या आवृत्ति बढाकर सेवन करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ कर एक दिन महामारी की रूप धर लेगी, ऐसी आशंका शोधकर्ताओं द्वारा निकाले गए नतीजों के आधार पर व्यक्त की जा चुकी है। संबंध में भारत में टॉक्सिकोलॉजी से संबंधित केस रिपोर्टिंग और डेटा मिलने और जमा होने की बाबत कुछ अधिक एनालिसिस उपलब्ध नहीं है, लेकिन पेस्टिसाइड, इंसेक्टिसाइड और अन्य प्रकार के अनेक जहर और जहरीले जीव-जंतुओं द्वारा शरीर में एक्सीडेंटल स्थिति में जहर प्रवेश हो जाने मामले तो रिपोर्ट होते हैं, जैसे कि सांप और बिच्छू का दंश। इसके अलावा विषाक्त प्रभाव पैदा करने वाली धातुओं जैसे कि वायु, पानी और खाद्य प्रणाली के जरिये मरकरी, लेड, आर्सेनिक और चाय बनाने वाले बर्तन के जरिये से भी एल्युमिनियम टॉक्सिसिटी होने के केस अस्पताल के डाक्टरों द्वारा दर्ज किये जाते रहे हैं। अस्पताल से यह जानकारी डेटा कलेक्शन सेंटर की मार्फ़त नई दिल्ली के एम्स में नेशनल पाइजन्ज़ इनफार्मेशन सेंटर के संग्रह में चली जाती है जिसकी स्थापना सन् 1995 में की गई थी। इसका काम देश में ज़हर से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के संबंध में सभी किस्म की सूचना यथा, ज़हर की किस्म, इसका प्रभाव, ज़हर के स्रोत और इसकी किस्म, मात्रा, और प्रत्येक किस्म की विषाक्तता को तोड़ने वाले बायो-केमिकल मेथड्स और उपचार पद्धितियों पर काम करना भी है।

समस्याएं विकट है और अनेक प्रकार की हैः आमजन को ऐसा आभास जर्राभर नहीं है कि भारत सरकार के स्तर पर अनजानी और अनदेखी समस्याओं की पूर्ति और समाधान के लिए ही नहीं बल्कि शोधकार्य के लिए भी करोड़ों रुपया खर्च करके एक बड़ा तंत्र खड़ा किया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए अमरीका ने सन 1994 में 'डाइटरी सप्लीमेंट हेल्थ एंड एजुकेशन एक्ट ऑफ़ 1994-पब्लिक लॉ 103-117' को कांग्रेस के 103-वें सत्र में पास कर दिया था। भारत में इस एक्ट जैसी कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड आर्गेनाईजेशन के अंतर्गत ली जाती है। लेकिन ग्राउंड स्तर पर यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि फ़ूड इंडस्ट्री के लिए आगे बढ़ने और नियंत्रित और कंट्रोल करने की दो परस्पर जुड़वां स्थितियों के मद्दे नज़र भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ इनका आपस में 'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' अनेक नुक्तों पर मौजूद है जिसके लिए फिलहाल कोई समाधान नहीं है। अर्थात जिसकी जैसी मर्जी है वैसा चलेगा या दौड़ेगा। पाइजनिंग और एंटीडॉट्स (विषहर) के मामले में बिना जानकारी के, अनुमान भर से, निंदा कार्य में लगे रहना अब आमजन की मानसिकता हो गयी है, जबकि ऐसे ही और अन्य छिपे-दबे कार्य के लिए देश में बहुत ही कम एक्सपर्ट्स हैं। बावजूद इसके, बड़े अस्पतालों में क्रिटिकल केयर में दक्ष फिजिशियन इस कार्य के लिए उपलब्ध हैं जो कोशिश करके विषाक्तता की चपेट में आये व्यक्तियों की जान बचाने की कोशिश तो करते ही हैं।


शोध के नतीजों के अनुसार न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स के सेवन से स्वास्थ्य के लिए सीमित फायदे हासिल होते हैं। इनकी कम्पोजीशन में खनिजों का मिश्रण करके यह आभास दिया जाता है कि इनके नियमित सेवन से शारीरिक ताकत और क्षमता, अर्थात स्टेमिना बढ़ाया जा सकता है। जिस पैकेट या डिब्बे में ये पेश किये जाते हैं इनके लेबल पर इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में कुछ खास नहीं लिखा जाता और न ही यह सूचना होती है की सेवन से अगर गड़बड़ महसूस हो तो उपचार क्या हो सकता है। 'न्यूट्रीएंट्स' जर्नल के सन् 2002के अंक-14 में प्रकाशित लेख 'मिनरल कंपोजीशन ऑफ़ डाइटरी सप्लीमेंट्सः एनालिटिकल एंड कीमोथेरेपी एप्रोच' में बताया गया है कि न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स एक सघन कंसंट्रेट में सूखे, दानेदार या अवलेह के रूप में बाज़ार में मिलते हैं जिनमें 22 मिनरल एलिमेंट्स, जैसे कि सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, सिल्वर, सेलेनियम, जिंक, कॉपर, आर्सेनिक, निकल, मोलिब्डेनम, एल्युमीनियम, मैंगनीज, लिथियम, पारा और कैडमियम की मिलावट हो सकती है। मिनरल्स के नाम पर यह मिलावट उन वानस्पति स्रोतों से आती है जो खेत की धरती से इन्हें ग्रहण करते हैं। विषाक्तता पैदा करने का संबंध न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स में इनकीमात्रात्मक मौजूदगी से होता है जिसे जानने या टेस्ट करने के लिए कीमो-मीट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है। तत्पश्चात यह निर्धारित किया जाता है मनुष्य उपभोग हेतु ये सुरक्षित हैं। अगर उक्त वैल्यूज (मात्रात्मक) मनुष्य के लिए 'रिक्मेंडेड डाइटरी अलाउंसेस' (आरडीए) के भीतर हैं तो चिंता की बात नहीं। लेकिन भरोसा तभी होता जब ऐसे प्रोडक्ट्स को देश में फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी जैसी एजेंसी सत्यापित करे।

## प्रसंगवश

# जश्न-ए-ईद

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9 वां महीना है। इस दृष्टि 10 वां महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10 वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है।

इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें तो रमजान का महीना व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है। 10 वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने हेतु रमजान महीने के कुछ नियम बने ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। इस समय में शरीर की तंत्रिका प्रणाली आंतरिक सफाई का काम करती हैं। उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त भी बहुत महत्वपूर्ण है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं। रमजान महीने में रात को एशा के नमाज में कुरान पढ़ी और सुनी जाती है। इसमें तीस "पारे", छोटी -बड़ी 114 "सूरतें", 6640 'आयतें' और 540 'रकूअ' हैं। एक रकूअ में एक बार खड़े होकर बैठने तक शामिल है जिसमें 2 सजदे (जमीन पर माथा टेकना) भी किए जाते हैं। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमजान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें जिससे वह जहां रहे और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

ईद की नमाज़ के वक्त दिए जाने वाले खुतबे में 'या अल्लाह-नेकी में लगाओ और बुराइयों से बचाओ' का को संकल्प दिलाया जाता है, उसे लागू करना भी त्योहार का मकसद है। संकल्पों को सुनकर भूल जाना नींद की स्थिति है और अपना लेना ईद पर्व का जश्न है।

# हथियारों के निर्यात में भारत की कूटनीतिक पहल



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने रक्षा निर्यात के मामले में 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। पिछले एक वर्ष में इसमें 32.5 प्रतिशत और पिछले नौ वर्षों में इसमें लगभग तीन हजार प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने कुल मिलाकर 21 हजार 83 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया है। जबकि पिछले साल भारत ने 15920 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया था। हमारा देश दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है।

इस सूची में भारत से सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत हथियार म्यांमार खरीद रहा है तो वहीं 19 प्रतिशत श्रीलंका, 12 प्रतिशत मॉरीशस, 6 प्रतिशत नेपाल, 5.1 प्रतिशत अर्मेनिया, 4.3 प्रतिशत वियतनाम, 4.2 प्रतिशत मालदीव और 2.2 प्रतिशत अफगानिस्तान खरीद रहा है। इसके अलावा भारत जिन हथियारों को दूसरे देशों को बेच रहा है उनमें सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत समुद्री युद्धपोत हैं, 20 प्रतिशत लड़ाकू विमान तेजस हैं, 14 प्रतिशत सेंसर्स हैं, 2.9 प्रतिशत बख्तर बंद गाड़ियां, 1.1 प्रतिशत तोप और 0.9 प्रतिशत मिसाइल्स हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय दुनिया के 42 से ज्यादा देश भारत से आर्टिलरी गन्स, ब्रह्मोस मिसाइल्स, आकाश मिसाइल्स सिस्टम, पिनाका रॉकेट्स एंड लॉन्चर्स, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर्स और तेजस जैसे लड़ाकू विमान खरीदने की डील करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस समय रक्षा निर्यात में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की प्राइवेट कंपनियों की है और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों की है। भारत की 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) इस क्षेत्र में दुनिया की 41 वीं सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है। भारत जिन देशों को अपने हथियार निर्यात कर रहा है उनमें से कुछ हमारे पड़ोसी देश हैं। जबकि बाकी के छोटे-छोटे देश हैं।

अमेरिका और रूस जैसे पश्चिमी देश बड़ी डील्स पर नजर लगाकर रखते हैं, क्योंकि उन्हें ज्यादा पैसा और ज्यादा लाभ का सौदा चाहिए होता है। इसलिए वे बड़े देशों को अपना ग्राहक (क्लाइंट्स) बनाने की सोचते हैं जिसके फलस्वरूप वो इन छोटे देशों को कभी इतना ज्यादा महत्व नहीं देते और न ही इन छोटे देशों को उनसे कोई अच्छी डील मिलती है। यानी कि जो बड़ी शक्तियां (अथवा बड़े देश) हैं, जो कि हथियारों के बड़े निर्यातक अथवा सौदागर हैं, वे इन छोटे देशों को कभी भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसलिए यहां पर हथियारों के व्यापार के स्तर पर एक बड़ा खालीपन (गैप) बन जाता है।

हथियारों के बाजार में इन छोटे देशों को भी ऐसे लोग चाहिए, जो इन्हें गंभीरता से लें और इन्हें सस्ते दामों पर अच्छे हथियार दे सकें और अब भारत इस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनिया में हथियार बनाने और बेचने वाले सिर्फ 48 देश हैं और इनमें से भी प्रमुख पांच देश ही हैं, जो कि दुनिया के लगभग 76.5 प्रतिशत हथियार निर्यात करते हैं जिसमें पूरी दुनिया के बाजार में अमेरिका 40 प्रतिशत, रूस 16 प्रतिशत, फ्रांस 11 प्रतिशत, चीन 5.2 प्रतिशत और जर्मनी 4.2 प्रतिशत हथियारों का निर्यात करता है। जबकि भारत इन 48 देशों की सूची में वैसे तो अभी 40 वें स्थान पर है और अभी भी हम दुनिया के 0.0003 प्रतिशत हथियार ही निर्यात कर पा रहे हैं।

ये आंकड़ा वैसे तो अभी काफी हद तक कम ही माना जाएगा, लेकिन जिस देश ने यूपीए की दस वर्षों की सरकार के दौरान सिर्फ 4300 करोड़ हथियार ही निर्यात किए थे वो देश अब अगर सिर्फ एक साल के भीतर 21 हजार करोड़ से ज्यादा के हथियार निर्यात कर रहा है और इस वर्ष 35 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का लक्ष्य तय करने वाला है तो ये उस देश के लिए वाकई में एक अभूतपूर्व बात है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा 11 प्रतिशत हथियार खरीदे, लेकिन इसी के साथ वर्ष 2013 से 2017 के मध्य एवं 2018 से 2022 के मध्य भारत ने अपने रक्षा आयात को 11 प्रतिशत तक कम कर लिया है और ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि भारत अब अपने स्वनिर्मित हथियार बना रहा है। जिसे हमारी सेनाएं भी इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही हम इन हथियारों को दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भारतीय संस्कृति के गुण

पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है, वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है।

भारतीय संस्कृति के चार मुख्य गुण हैं-निरंतरता, पुनर्रचनात्मकता, आलोचनात्मक समावेशिकता और नवोन्मेष। इन गुणों को पहचाने बिना भारतीय संस्कृति को जाना नहीं जा सकता। इस देश की संस्कृति सिर्फ प्राचीन नहीं है। इसने अपने को बार-बार रचा है। इसका शुद्धतावाद की जगह ज्ञान की विभिन्न धाराओं से संबंध बना है। वह एक या दो परंपराओं में कैद रहने वाली न होकर विविधतापूर्ण, परिवर्तन-संवेदी और नवोन्मेषशील है। रामकथा भवभूति और तुलसीदास के यहां बिल्कुल वही नहीं है, जो वाल्मीकि की रामायण में थी। भारत का मनुष्य गहरा है। निश्चय ही वह अपने 'प्राचीन' से विच्छिन्न होना नहीं चाहता, पर वह नवोन्मेषों को पसंद करता रहा है। किसी प्रदेश में नवोन्मेषों की ग्राह्यता ज्यादा रही है, किसी में कम। दरअसल भारत की सांस्कृतिक बहुलता किसी डिपार्टमेंटल स्टोर या कबाड़खाने की बहुलता नहीं है। उसमें संवाद, अंतर्क्रिया और अंतर्मिश्रण की प्रवृत्तियां पहले भी रही हैं और अब भी है। भारत एक देश भर नहीं है। वह एक विजन है जिसमें हमेशा खुलापन रहा है। हम जानते हैं कि हमारे देश ने पुनर्निर्माण की अपनी क्षमता का परिचय ध्वंसावशेषों पर खड़ा होकर भी दिया है। इसने शून्य से भी शुरू किया है। भारत लंबे-लंबे समय तक बौद्धिक मूर्च्छा में रहा हो, पर इसने बार-बार उठकर नया इतिहास रचा है। पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है, वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है। इसमें सभी धर्मों के प्रति आदर भाव है। पहले भी उदारवादी भारतीय संस्कृति में मनुष्य और मनुष्य के बीच 'कृत्रिम भिन्नता' का विरोध हुआ। आज भी जहां भारतीय संस्कृति के गुण बचे हैं, वहां कृत्रिम भिन्नता का विरोध किया जा रहा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

# कम्युनिकेशन का बदलता चरित्र



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार, अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं।

इंटरनेट आने के साथ ही मीडिया और कम्युनिकेशन का समूचा परिवेश बुनियादी रूप से बदल गया है। इससे मानवीय व्यवहार में बुनियादी बदलाव भी आ रहे हैं। पुरानी दूरियां घटी हैं। नई दूरियों ने जन्म लिया है। पुरानी पहचान नष्ट हुई है। नई पहचान सामने आई है। बातचीत की पुरानी आदतों को नई आदतों ने अपदस्थ करना आरंभ कर दिया है। कहने का अर्थ यह है कि नए संचार माध्यमों ने नए मानवीय व्यवहार, आदतें, संस्कार, एटीट्यूड आदि को जन्म दिया है। इसने संचार के नए असंख्य नए संकेतों को जन्म दिया है। संकेतों के कम्युनिकेशन को नई ऊंचाईयां दी हैं। कैरोलिन मारविन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 'इलेक्ट्रॉनिक संचार का इतिहास संचार में तकनीकी क्षमताओं के विकास के बजाय सामाजिक जीवन के व्यवहार संबंधी प्रश्नों पर विचार अधिक करता है। इन प्रश्नों में शामिल हैं, कौन बोल सकते हैं और कौन नहीं, किसके पास अधिकार हैं और किस पर विश्वास करना चाहिए, इत्यादि जैसी समस्याएं।'

कैरोलिन दर्शाती हैं कि टेलीफोन के प्रयोग से मात्र दूर-स्थित लोगों के बीच बातचीत ही संभव नहीं हुई : इससे परस्पर बातें करने वालों के बीच की सीमाएं समाप्त होने लगीं अर्थात् कौन किससे बातें कर सकता है और किससे नहीं और इस प्रकार वर्तमान वर्ग-संबंधों पर खतरा पैदा हो गया। इसने प्रेम-संबंध स्थापित एवं विकसित करने के तौर-तरीकों में भी परिवर्तन ला दिया। इसी प्रकार बिजली के बल्बों ने जन-पैमाने के मनोरंजन के स्वरूपों एवं संस्कृति में बदलाव ला दिए। उदाहरण के लिए इन बल्बों के कारण रात में खेलों का आयोजन संभव हुआ जिसका जन-संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉनिक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न खड़े करता है। मारविन ने लिखा नई इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य हमारी सामान्य सामाजिक गतिविधियां बढ़ाना, उन्हें सरल बनाना और अधिक चुस्त-दुरुस्त करना होता है, लेकिन वे उन्हें इस प्रकार पुनर्गठित करते हैं कि वे स्वयं ही नई घटनाएं बन जाते हैं। मारविन की उपरोक्त धारणाएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन संचार माध्यमों के स्वामित्व के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

संकेत, संचार और व्यवहार के अंतस्संबंध की खोज करते हुए मार्क पोस्टर ने लिखा है "हर युग में संकेतों के विनिमय के अपने आंतरिक और बाहरी ढांचे होते हैं तथा संकेतीकरण के माध्यम व संबंध भी। सूचना पद्धति की निम्नलिखित मंजिलें दर्शायी जा सकती हैं। आमने-सामने मौखिक विनिमय, छपाई के जरिए लिखित विनिमय और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए विनिमय। पहले वाले में संकेतों का आदान-प्रदान होता है तो दूसरे में संकेतों के प्रतिनिधि का, तीसरे में सूचना का चित्रण होता है। प्रथम, मौखिक मंजिल में आत्म का निर्माण आमने-सामने के संबंधों की संपूर्णता में उसके स्थान के निर्णय से होता है। दूसरी अर्थात् छपाई की मंजिल में आत्म का निर्माण तार्किक काल्पनिक स्वायत्तता के माध्यम के रूप में होता है, लेकिन तीसरी अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक मंजिल में व्यक्ति का मनोगत अस्तित्व निरंतर अस्थिरता में विकेंद्रित, छितराया हुआ और संख्या में बढ़ता हुआ होता है।" प्रत्येक मंजिल में भाषा और समाज, विचार और कार्य, आत्म (अस्तित्व) तथा इतर-अस्तित्व के परस्पर संबंध अलग-अलग होते हैं। संचार माध्यमों की खूबी है कि इसमें हमेशा वर्तमान काल में रखकर विचार कर सकते हैं। मसलन आप कितनी ही पुरानी किताब पढ़ें, पढ़ते समय बार-बार वर्तमान के नजरिए से पढ़ते हैं। यानी कम्युनिकेशन के रूप एक ही साथ ऐतिहासिक और वर्तमान दोनों ही स्थितियों से बंधे होते हैं। संचार के नए और पुराने रूप एक ही साथ वर्तमान में अवस्थित रहते हैं। संचार रूपों पर विचार करते समय यह भी ध्यान रहे कि नया रूप हमेशा पुराने रूप के पूरक के रूम में जन्म लेता है, वह पुराने को अपदस्थ या नष्ट नहीं कर देता। इस तरह संचार रूपों में निरंतरता बनी रहती है। एक-दूसरे के बीच में अंतर्क्रिया चलती रहती है।

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार, अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं। सूचना को समकालीन जीवन की सफलता की कुंजी के रूप में पेश किया जाता है। समाज को सूचना में धनी और सूचना में गरीब के बीच विभाजित किया जाता है।

# उत्तराखंड कला जगत को आघात



प्रह्लाद मेहरा जो की अपनी जड़ों से बेहद गहराई से जुड़े कुमाऊं के प्रसिद्ध लोक गायक थे, मात्र 53 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। इस समय दुखद समाचार के साथ ही सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय रहे उन बहुत से मित्रों एवं आदरणीय जन भी स्मरण स्मृति में उभर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सक्रियता के कारण स्वास्थ्य की उपेक्षा की, जिस कारण समाज की बेहद महत्वपूर्ण पूंजी समय से पहले हमने खो दी। अब जबकि श्री मेहरा की रचनाओं में वेग के साथ, एक गंभीर ठहराव दिखाई दे रहा था, जब वह लोक और लोक की खुशहाली के लिए संगीत और उसकी परंपरा के महत्व को बड़ी शिद्दत से समझ रहे थे। उनकी विदाई दुखदाई है। उनके कर्ण प्रिय गीत "तू एजा मेरा दानपुरा" में ऐतिहासिक दानपुर क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ ही, क्षेत्र की वर्तमान प्राथमिकताओं का मार्मिक आह्वान भी छिपा था।

इन दिनों क्षेत्र में हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों, जैसे किताब कौतिक आदि में भी एक लोक कलाकार के रूप में प्रहलाद मेहरा की लगातार सक्रियता इस बात का संकेत दे रही थी कि भविष्य में उनकी प्रतिभा के पिटारे से कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोक महत्व की रचनाएं निकलने वाली हैं। मैं बीते 25 वर्षों से प्रहलाद मेहरा से आत्मीय रूप से जुड़ा था और उनकी रचना यात्रा को नजदीक से देख रहा था। बीते कुछ वर्षों में जिन महत्वपूर्ण शख्सियतों ने स्वास्थ्य के कारणों से हमसे बिछोह लिया, उनमें पूर्व में भिक्यासैण के विधायक रहे प्रताप बिष्ट, विपिन त्रिपाठी, शमशेर सिंह बिष्ट व गिरीश तिवारी गिर्दा के नाम स्मृति में उभर रहे हैं। हालांकि जीवन और मृत्यु विधि के हाथ है, यह भी परम सत्य है, लेकिन सार्वजनिक जीवन की हमारी व्यस्तता हमें स्वास्थ्य के कारणों की उपेक्षा करने का अभ्यस्त बना देती है, जिस कारण हमारे मन में एक पश्चाताप रह जाता है कि समाज की यह महत्वपूर्ण पूंजी कहीं उपेक्षा के कारण समय से पहले काल कवलित तो नहीं हो गई? एक बहुत महत्वपूर्ण, लोक गायक की मात्र 53 वर्ष की आयु में इस प्रकार विदाई बेहद दुखद है। तमाम सामाजिक विभूतियों और सक्रिय व्यक्तित्वों से अनुरोध है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समझे आप स्वयं से ज्यादा समाज की जरूरत और धरोहर हैं।



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

## दूसरे चरण के रण में ये सूरमा

**मेरठ**

| | |
|---|---|
| भाजपा | अरुण गोविल |
| सपा | सुनीता वर्मा |
| बसपा | देवव्रत त्यागी |

**बागपत**

| | |
|---|---|
| सपा | मनोज चौधरी |
| रालोद | राजकुमार सांगवान |
| बसपा | प्रवीण बैसला |

**गाजियाबाद**

| | |
|---|---|
| भाजपा | अतुल गर्ग |
| कांग्रेस | डॉली शर्मा |

**गौतमबुद्ध नगर**

| | |
|---|---|
| भाजपा | डॉ. महेश शर्मा |
| सपा | डॉ. महेंद्र सिंह नागर |
| बसपा | राजेंद्र सिंह सोलंकी |

**मथुरा**

| | |
|---|---|
| भाजपा | हेमा मालिनी |
| कांग्रेस | मुकेश धनगर |
| बसपा | सुरेश सिंह |

**अलीगढ़**

| | |
|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम |
| सपा | चौधरी बिजेंद्र सिंह |
| बसपा | हितेंद्र कुमार बंटी |

**बुलंदशहर**

| | |
|---|---|
| भाजपा | डॉ. भोला सिंह |
| कांग्रेस | शिवराम वाल्मीकि |
| बसपा | गिरीश चंद |

**अमरोहा**

| | |
|---|---|
| कांग्रेस | कुंवर दानिश अली |
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर |
| बसपा | मुजाहिद हुसैन |

### अमरोहा में त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाना चाहती भाजपा

- भाजपा त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाने की जुगत भिड़ा रही है। भाजपा 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी, इसलिए पार्टी इस बार यह सीट जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बागपत सीट पर समाजवादी पार्टी ने मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के साथ समझौते में मिली इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने राजकुमार सांगवान को उतारा है, तो बसपा ने प्रवीण बैसला को प्रत्याशी बनाया है। तीनों ही दल बड़ी ही मजबूती से यहां समर में उतरे हुए हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण में जिन आठ सीटों पर चुनाव होगा, उसमें चार सीटों मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर व अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी तथा चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मथुरा में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ही चुनाव लड़ी थी और वह भाजपा से पांच लाख से अधिक मतों से हार गई थी। अबकी के चुनाव में मेरठ और गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा ने तीन बार अपने प्रत्याशी बदले तो बागपत में दो बार प्रत्याशी बदला गया। बार-बार टिकट बदलने से अंदरखाने नेताओं में गुटबाजी व नाराजगी है।

# दूसरे चरण में बसपा का त्रिकोण, सपा की चुनौती प्रत्याशी बदलने से बढ़ी

दिग्विजय सिंह

दूसरे चरण के चुनाव में अगर सिने तारिका हेमा मालिनी के कारण मथुरा सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी तो मेरठ लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। मेरठ में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काटकर टीवी धारावाहिक रामायण में राम का किरदार अदा करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने सपा ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु प्रताप का टिकट काटकर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया। प्रधान के नामांकन के बाद उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। ऐसे में सपा को इस सीट पर अपनी ही कलह भारी पड़ सकती है। बसपा ने मेरठ सीट पर देवव्रत त्यागी को उतारा है। इस बार अमरोहा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली 2019 के चुनाव में बसपा से चुनाव जीते थे। लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को उतारा है। बसपा ने फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मजाहिद हुसैन को टिकट दिया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन के दानिश अली मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं।

### मथुरा में हेमा मालिनी की राह फिर दिख रही आसान

- मथुरा सीट पर भी भाजपा ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होगा। उनकी राह आसान दिख रही है। पहले कांग्रेस यहां से बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारने वाली थी, लेकिन वह प्रत्याशी घोषित होने से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

- २०१९ के चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाली आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद सीट पर ही चुनाव लड़ी थी
- मेरठ व गौतम बुद्ध नगर में सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदले, तो बागपत में भी दो बार टिकट बदलने से उपजा असंतोष



### अलीगढ़ और बुलंदशहर में त्रिकोणीय चुनौती

- सपा का साथ मिलने से कांग्रेस मथुरा सीट पर भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद कर रही है। अलीगढ़ सीट पर भाजपा ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया है। उनके मुकाबले सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को मैदान में उतारा है। बुलंदशहर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से है। इस सीट पर जानकार त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जता रहे हैं।

### बागपत में भाजपा ने झोंकी ताकत


- बागपत सीट रालोद के खाते में होने के बावजूद भाजपा यहां जीत के लिए पूरी ताकत लगा रही है। बात गाजियाबाद लोकसभा सीट की करें तो यहां भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। यहां अतुल गर्ग का मुकाबला कांग्रेस की डॉली शर्मा से होगा।

### मथुरा और गौतम बुद्ध नगर में 15-15, गाजियाबाद-अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी

प्रदेश की मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के अरुण गोविल सहित आठ प्रत्याशी हैं। बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14, गौतम बुद्ध नगर में 15, बुलंदशहर में छह, अमरोहा सीट पर 12 जबकि मथुरा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत 15 प्रत्याशी हैं।

### गौतमबुद्ध नगर में भी कलह

- गाजियाबाद के बगल में स्थित गौतमबुद्धनगर सीट भी सपा के टिकट बदलने से कलह में घिरी है। सपा ने इस सीट पर डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया फिर उनका टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया। बाद में फिर से डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां एक बार फिर मैदान में उतारा है, बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।




# पर्चा रद फिर भी सपा का बसपा को समर्थन नहीं

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को दी थी। लेकिन सपा उम्मीदवार का नामांकन रद होने के बाद साझा उम्मीदवार को लेकर दोनों दलों में तकरार सामने आई है। सपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी राजा भैया को समर्थन दिया है।

सपा ने बसपा उम्मीदवार कमलेश पटेल को समर्थन देने से मना कर दिया है। जबकि कांग्रेस का तर्क है कि यदि बसपा उम्मीदवार को समर्थन दिया जाए तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की जीत मुश्किल हो जाएगी। सपा ने कहा है कि निर्दलीय राजा भैया को पार्टी इसलिए समर्थन दे रही है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। किसी एक सीट पर बसपा को समर्थन करना सैद्धांतिक रूप से गलत होगा।

राजा भैया शहडोल में आयुक्त थे। वह बांदा जिले से लगे हुए ग्राम खड्डी के निवासी हैं। उन्हें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उम्मीदवार बनाया है। लेकिन अब इंडिया गठबंधन का कोई उम्मीदवार न होने की वजह से सपा उनका समर्थन करेगी। जबकि बसपा के कमलेश पटेल ने भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। कुल मिलाकर सपा, बसपा कांग्रेस में एकजुटता न होने से अब यह सीट बीजेपी के लिए बहुत आसान हो गई है। क्योंकि 14 उम्मीदवारों के बीच मत विभाजन की संभावना है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

### भाजपा को भितरघात का अंदेशा

- भाजपा को यहां पर भितरघात का भी बहुत अंदेशा है। जिसके चलते छतरपुर और पन्ना में नुकसान हो सकता है लेकिन अब यह वोट बसपा और इंडिया गबंधन के साझा उम्मीदवार के बीच विभाजित होगा। भाजपा को दूसरा नुकसान यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं इसी संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहीं उमा भारती की चुप्पी से भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब भाजपा के लिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं है।
- इसी क्षेत्र के पूर्व बसपा उम्मीदवार अवधेश राठौर ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद रामजी गौतम से बात करके खजुराहो में कमलेश पटेल की स्थिति को मजबूत बताया है और वह अभी भी इसी प्रयास में है कि बसपा उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए।

# मीनाक्षी को चंडीगढ़ से भी निराशा हाथ लगी

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार।** नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भी निराशा हाथ लगी है। वहां से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को दिया है। नई दिल्ली से मीनाक्षी का टिकट पहले ही कट चुका था। पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भाजपा ने एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है उनका मुकाबला फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। भाजपा हाई कमान ने बुधवार को 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें चंडीगढ़ की सीट पर सबको यह उम्मीद थी कि यहां से मीनाक्षी लेखी को टिकट मिलेगा क्योंकि मीनाक्षी का चंडीगढ़ और पंजाब से काफी ताल्लुक रहा है। नई दिल्ली से टिकट कटने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से भी टिकट का दावा किया था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पहले दार्जिलिंग से सांसद थे। पहले यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया गया था पर उन्होंने उसे वापस कर दिया था। उत्तर प्रदेश से बीजेपी ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। रीता बहुगुणा सहित पांच वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज बलिया से उम्मीदवार बनाए गए हैं।




**जीत को भरी हुंकार**

बुधवार को मुजफ्फरनगर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व संगीत सोम ने उन्हें सम्मानित किया।

### बैतूल में अब सात मई को पड़ेंगे वोट

**भोपाल।** बैतूल लोकसभा सीट से 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान था लेकिन बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के बाद अब यहां इस तिथि पर मतदान नहीं होगा। निर्वाचन आयोग ने नई तिथि की घोषणा कर दी है। अब 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 19 अप्रैल को बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्र की जांच और 22 अप्रैल को नाम वापसी का मौका मिलेगा। अब इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

**सियासत** | मुरादाबाद मंडल में सपा-बसपा का किला ढहाने की कोशिश में जुटी भाजपा

# भाजपा का धुआंधार प्रचार, गठबंधन की नहीं हुई अभी कोई सभा

इरफान अहमद, मुरादाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गढ़ रहे मुरादाबाद मंडल की छह लोकसभा सीटों पर इस बार आम चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिलने से भाजपा को संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। मंडल में बिजनौर की नगीना सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर सीट से रालोद के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसलिए जयंत चौधरी बिजनौर और अमरोहा में सभाएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में सभा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद में जोश भर गए हैं। रामपुर व बिजनौर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर और मुरादाबाद में कई सभाएं संबोधित चुके हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं सम्मेलनों में आ चुके हैं। भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी जुटे हैं। इसके मुकाबले सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक तौर पर हुए हैं। बसपा सुप्रीमो का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ है। उनके भतीजे आकाश आनंद जरूर नगीना में सभा कर गए हैं। अखिलेश यादव की अभी कोई सभा नहीं हुई है।

भाजपा की कोशिश राजग गठबंधन को 400 पार ले जाने के लिए यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की है। मुकाबले में कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा है। बात सपा की करें तो रामपुर से सांसद और विधायक रहे आजम खां सीतापुर की जेल में होने के चलते सपा मुखिया अखिलेश यादव अकेले पड़ते दिख रहे हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को चुनाव मैदान में उतार कर अपनी जीती हुई सीटों को बचाने के साथ ही सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।



बसपा प्रमुख मायावती।

### नगीना में आकाश आनंद ने की पहली जनसभा

आकाश नगीना में बसपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल के समर्थन में अपने राजनीति करियर की पहली जनसभा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों के सामने अमरोहा, बिजनौर की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। अमरोहा लोकसभा सीट पर बसपा के टिकट से चुनाव लड़े कुंवर दानिश अली जीते थे। बिजनौर में नगीना सीट से बसपा के गिरीश चंद्र और बिजनौर सीट से मलूक नागर के सामने भाजपा उम्मीदवारों को हार का समना करना पड़ा था। इस बार बसपा ने अमरोहा और बिजनौर की दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। दानिश अली बसपा से निष्कासित होने पर कांग्रेस का हाथ थामकर चुनाव लड़ रहे हैं तो बसपा ने मुसाहिद चौधरी को टिकट थमाया है। इन दोनों प्रत्याशियों के बीच मुसलमान और जाटव वोटरों का बिखराव होने पर भाजपा के कंवर सिंह तंवर की राह आसान होती दिख रही है। बिजनौर सीट पर सपा ने युवा चेहरे पर दांव लगाया है। नूरपुर सीट से सपा विधायक रामअवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी सपा के प्रत्याशी हैं।

### बसपा और सपा ने बदले अधिकतर प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में मंडल की कई सीटों पर सपा और बसपा ने अपने पुराने व मौजदा सांसदों को टिकट नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। बसपा ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र और बिजनौर से सांसद मलूक नागर, अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटा है। सपा ने भी मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर की दों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। हालांकि गठबंधन होने पर अमरोहा की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गठबंधन की वजह से रामपुर में नवाब खानदान इस लोकसभा चुनाव से दूर हो गया है। हालांकि सपा-कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने तक नवाब घराने की बहू बेगम नूरबानो मजबूती से चुनाव लड़ रही थीं। वह जिताऊ प्रत्याशी मानी जा रही थीं। लेकिन गठबंधन होने से वह प्रत्याशी नहीं बन सकीं।

### रामपुर और संभल में सपा ने उतारे नए चेहरे

- रामपुर और संभल में स्थिति कुछ अलग है। यहां सपा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दो नए चेहरों पर दांव खेला है। रामपुर में नामांकन के अंतिम समय तक अखिलेश यादव और आजम खां के बीच प्रत्याशी को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। हालांकि बाद में रामपुर के ही रहने वाले मौलाना मोहिबुल्लाह को प्रत्याशी बनाया गया। वह राजनीति में नए हैं। उनका सामना भाजपा के मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी से है।
- संभल में सपा ने सांसद डॉ. शफीकुर्रमान बर्क का निधन होने पर उनके विधायक पौत्र जियाउर्रमान बर्क को टिकट दिया गया। वह भाजपा के अनुभवी नेता परमेश्वर सैनी के सामने करियर का पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद सीट पर सपा ने प्रत्याशी बदला है। सांसद डॉ. सैयद तुफैल हसन का टिकट काटकर बिजनौर की रहने वाली रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा का मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता कुंवर सर्वेश सिंह से है। सर्वेश सिंह मुरादाबाद की राजनिति में बड़ा नाम है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हराया था।

## चुनावी गतिविधियां

● **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ पर दिया जोर :** बूथों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन उम्मीदवार के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया और लोगों से गठबंधन उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से परेशान है और सत्ता परिवर्तन चाह रहीं हैं। आटा, दाल से लेकर रोजमर्रा की वस्तुएं मंहगी होती जा रहीं है। जनता अबकी बार भाजपा को मुहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या बूथों पर बढ़ाई जा रही है जिससे लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और किसी भी मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहें। उन्होंने आगे कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों को जान गई है। सरकार किसान और बेरोजगार विरोधी है। सेवानिवृत्त व्यक्ति का पेंशन एक सहारा होता है जो कई राज्यों में लागू भी है लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार पेशनरों की समस्या को अनदेखा कर रहीं है। जबकि कई बार पेंशनर प्रदेश से लेकर दिल्ली के जंतर-मतर पर धरना दे चुके है। अब जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है।

## पहले चरण में कुल 80 उम्मीदवार, महिलाएं मात्र सात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उप्र. के आठ निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का यह विश्लेषण बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर से चुनाव लड रहे उम्मीदवारों पर हैं। इन सीटों पर केवल सात महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

उम्मीदवारों की उम्र को देखें तो 80 में से 23 (28.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 47 (58.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। मात्र 10 (12.50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी उम्र 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। इसी प्रकार 80 में से 30 (38 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है, जबकि 41 (51 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की है।

एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमाधारक, एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित जबकि सात उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और घोषित की है।




## लोकतंत्र के महापर्व में नाव का लेते सहारा

### मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जंगल और नदी पार करते हैं मतदाता

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के मतदान केंद्र भरथापुर में मतदान करना किसी युद्ध के जीतने से कम नहीं हैं। इस मतदान केंद्र पर दो नदियों को पार कर मतदाता नाव से मतदान के लिए जाते हैं। कुछ तो जान का हवाला देकर मतदान करने के लिए ही नहीं जाते हैं। जिसके चलते यहां मत प्रतिशत भी नहीं बढ़ रहा है।

जनपद के मोतीपुर तहसील का मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में स्थित है। इस मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों के साथ मतदाताओं को नाव का सहारा लेना पड़ता है। इसका मुख्य कारण राजस्व ग्राम भरथापुर जंगल के अंदर बसा हुआ है। इस गांव के पूरब में गेरुआ नदी और पश्चिम में नेपाल से आने वाली कौड़ियाला नदी है। गांव में ही पोलिंग केंद्र बना है। यहां मतदान कर्मियों को नाव के द्वारा ड्यूटी के लिए जाना पड़ता है। भवानीपुर, बिछिया और तेला गौढ़ी, आंबा ग्राम के मतदाताओं को ऐसे में जंगल और दो नदियों के बीच में बसे इस गांव में जाकर मतदान करना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि बिछिया के लोग पांच किलोमीटर तो दूसरे मजरे के 10 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान के लिए जाते हैं। नदी होने के चलते इस गांव में नाव के द्वारा ही जाना पड़ता है।



भरथापुर गांव को नाव से जाते लोग। अमृत विचार

### जंगल के बाहर केंद्र बनाने की उठ रही मांग

भरथापुर गांव मतदान जाने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में हादसे और वन्य जीवों के हमले को देखते हुए यहां के मतदान केंद्र को गिरिजापुरी और बिछिया में स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन जंगल के बाहर मतदान केंद्र बनवाना चाहिए। यह हम सभी की मांग की है।



जंग हिंदुस्तानी
सामाजिक कार्यकर्ता

### खतरे के चलते नहीं जाते मतदाता

मतदान केंद्र भरथापुर को जंगल और नदी के बीच से जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को अपने जीवन का भी भय सताने लगता है। इसको देखते हुए लोग यहां कम ही मतदान के लिए जाते हैं। जिसके चलते 20 से 25 प्रतिशत मतदान ही इस केंद्र पर हो पाता है। यह प्रतिशत जिले में सबसे कम है।

### मशक्कत

- मतदान करने के लिए 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है
- मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में है स्थित

## एक मंच पर दिखेंगे राजा भैया और अखिलेश

### राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की सुगबुगाहट

आरपी सिंह प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो चुका है। लेकिन सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद जारी है। कौशाम्बी सीट से भाजपा प्रत्याशी के घोषणा के बाद सुगबुगाहट है कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सपा समर्थन दे सकती है। जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी।

कौशाम्बी सीट से भाजपा और राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के समझौते की चर्चा थी। बुधवार को कौशाम्बी सीट से भाजपा ने सांसद विनोद सोनकर को उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की। इसके बाद एक नई सुगबुगाहट शुरू हो गई कि राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी एक हो सकती हैं।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक गठबंधन से ही कौशाम्बी सीट से चुनाव में ताल ठोंक सकती है। इसकी पूरी कार्य योजना भी बन गई है।

सूत्रों की माने तो प्रत्याशी उतारने के बारे में मंथन चल रहा है, जल्द ही ऐलान हो जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फूलपुर समेत प्रदेश की कई सीटों पर इसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा।



### 2018 में गठित जनसत्ता दल के हैं एक एमएलसी व दो विधायक

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपने दावेदारी ठोंकी। कुंडा और बाबागंज में पुनः रिकॉर्ड बना। रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया यहां से सातवीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने।



- सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद
- भाजपा और राजा भैया की पार्टी की समझौते की थी चर्चा

"हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को उतारेगी। पार्टी कुल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका निर्णय संगठन करेगा। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। कार्ययोजना बनाई जा रही है, जल्द ही घोषणा की जाएगी।

**-विनोद सरोज,** विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

### राज्यसभा के चुनाव से बदली हवा

● बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशाम्बी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

### तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 में दूसरी बार 14 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15 वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।


## पहले रैली बाद में चुनाव पाठशाला से देंगे संदेश

अमृत विचार : जिले में ग्रामीण इलाकों में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए हर शनिवार को चुनाव पाठशाला लगेगी। इसकी शुरुआत 13 अप्रैल से होगी। पंचायती राज विभाग ने तैयारी कर ली है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्हें मतदान करने के अधिकार बताएंगे। जिनके सूची में नाम नहीं इसकी जानकारी इस आयोजन से होगी और नाम दर्ज कराएंगे। पाठशाला मतदेय स्थलों पर लगेगी। जो 909 प्राथमिक विद्यालय, 151 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, 52 पंचायत भवन, पांच सामुदायिक केंद्र व सात आंगनबाड़ी केंद्र बनाए गए हैं। मतदेय स्थल से सबसे पहले सुबह 9 से 10 बजे तक जागरूकता रैली निकलेगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 :50 तक पाठशाला लगेगी।




## आईना : बहराइच लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| अक्षयबर लाल | 5,25,982 |
| शब्बीर अहमद | 3,97,230 |
| सवित्री बाई फुले | 34,454 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | सवित्री बाई फुले | 4,32,392 |
| सपा | शब्बीर अहमद | 3,36,747 |
| बसपा | डॉ.विजय कुमार | 96,904 |
| कांग्रेस | कमल किशोर | 24,421 |

बहराइच के क्षेत्र





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रफी अहमद किदवई | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | जोगेंद्र सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | कुंवर राम सिंह | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | केके नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | बदलू राम शुक्ला | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | ओम प्रकाश त्यागी | जनता पार्टी |
| 1980 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | आरिफ मोहम्मद खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | आरिफ मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | रूद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | आरिफ मोहम्मद खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 1999 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | बाब सईदा | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | कमल किशोर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | सवित्री बाई फुले | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अक्षयबर लाल | भारतीय जनता पार्टी |

2019 नोटा
13,189

2014 नोटा
13,498

### 2009 चुनाव के आंकड़े




## निवासी बाराबंकी के, चुनते हैं अयोध्या का सांसद

### अयोध्या लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र

### चार लाख से अधिक मतदाता निभाते हैं अहम रोल

काशीनाथ दीक्षित दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता अपना सांसद रामनगरी अयोध्या का चुनते हैं।


अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाला दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र सांसद चुनने में एक अहम भूमिका अदा करता है। सभी दलों की निगाहें इस क्षेत्र के वोटरों पर रहती हैं, क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र में 4,17,751 मतदाता अयोध्या का सांसद चुनने में अहम भूमिका निभाता हैं। यही वजह है कि भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा प्रत्याशियों की रैलियों के साथ इस विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेजी से चलता है। इस बार भी चार लाख से अधिक वोटर अयोध्या के सांसद का चुनाव करेंगे।

यह सीट एक मामले में और भी सुर्खियों में है, क्योंकि इस सीट से जहां लगातार दूसरी बार भाजपा के सतीश चंद्र शर्मा विधायक हैं वहीं योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री भी हैं। पिछले दो बार से अयोध्या लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद लल्लू सिंह की तरफ यहां के आधे से ज्यादा वोटरों का रुझान रहा है।




### आंकड़ों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| लोकसभा क्षेत्र | 54, अयोध्या |
| वि.स. क्षेत्र | दरियाबाद, बाराबंकी |
| मतदान केंद्र | 295 |
| मतदेय स्थल | 458 |
| जोन | 03 |
| सेक्टर | 31 |
| मतदान तिथि | 20 मई |




## कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर- घर ले जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता शहरों व गावों में लोगों के घर-घर जाएंगे और उन्हें पार्टी का घोषणा पत्र देकर उन्हें पार्टी पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इस सिलसिले में जिला व शहर अध्यक्षों को निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के पांच करोड़ से ज्यादा लोगों तक पार्टी का घोषणा पत्र पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को चुनाव अभियान का आधार स्तंभ बनाने में जुटी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी नेता प्रियंका गांधी के पत्र को घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया था। इसी तर्ज पर इस बार भी चुनाव अभियान को चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा गया है। विधानसभा चुनाव में भले ही पार्टी लोगों को अपने पक्ष में न कर पाई हो, पर इस बार घोषणा पत्र में दी गई बातों को ज्यादा प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने में की तैयारी है, ताकि मतदाता पार्टी के पक्ष में आ सकें। कांग्रेस का अभियान इंडिया गठबंधन में मिली 17 सीटों के साथ ही बाकी सीटों पर भी चलेगा। इसके लिए गठबंधन में शामिल सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर अभियान को चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

## गोंडा : सियासत में विरासत की दखल

शिव अंकम ओझा, गोंडा

**अमृत विचार :** इस बार का गोंडा संसदीय सीट का सियासी सफर विरासत संभालने के दांव से शुरू हो रहा है। आजादी के बाद से मनकापुर राजघराने की आम चुनाव में दखल रहा। संसदीय चुनावों में राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक कायम रही। 1977 में कांग्रेसी विरोधी लहर को छोड़ दें तो वह 1971 से 1989 तक सांसद रहे। उनकी विरासत 1996 में बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने संभाली, उस साल तो हार गए लेकिन 1998 के चुनाव में जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने तीन चुनावों में बाजी मारी और वर्तमान में भी भाजपा से मैदान में हैं। वह राजघराने की विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं, जिससे सियासत में विरासत की दखल कायम रख सकें।

यह तो बात राजघराने की हुई, जो कई दलों का साथ लेते हुए साल 2014 से भाजपा की झोली में आ चुका है। इसी कड़ी में गोंडा के सियासी समर में साल 2009 में संसदीय सीट की नुमाइंदगी कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी बाबा की सियासी विरासत को संभालने को आगे आईं हैं। सपा के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में पार्टी से रूठ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था और गोंडा से संसद पहुंचे थे। कांग्रेस ने भी बेनी बाबू के कद को देखते हुए केंद्रीय इस्पात मंत्री बनाया था। यही नहीं 2014 में उन्हें फिर गोंडा से टिकट दिया, यह अलग बात रही कि बेनी प्रसाद वर्मा मोदी लहर में पार्टी की नैय्या को पार नहीं लगा सके। उसके बाद उन्होंने फिर सपा में वापसी कर ली थी। अब सपा ने अपने पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार पर एक बार फिर भरोसा जताया है।


गोंडा से बाबा की विरासत को कायम करने की जिम्मेदारी पौत्री को सौंपी है। उनके पिता राकेश वर्मा भी अपने पिता के संसदीय सीट पर परिवार की वापसी के लिए बेटी के साथ खड़े हैं। संयोग ही है कि सपा के साथ ही कांग्रेस का साथ भी पौत्री को मिल रहा है।

इस तरह दोनों दलों के नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार को टिकट मिलने से दोनों दलों में उत्साह है। फिलहाल अभी बसपा ने टिकट तय नहीं किया, उस पर दोनों दलों की निगाहें टिकी हैं।

### राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक रही कायम



कुंवर आनंद सिंह



कीर्तिवर्धन सिंह



श्रेया वर्मा




बेनी प्रसाद वर्मा

### बसपा के दांव से तय होगी सियासी दिशा

सपा व भाजपा के टिकट तय होने के बाद बसपा की चुप्पी पर सियासतदान निगाहें टिकाए हैं। माना जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने में बसपा का दांव काफी अहमियत रखेगा। प्रत्याशी तय होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वह किस दल को चोट देगा और किस दल के लिए संजीवनी बनेगा या फिर वह दोनों दलों के बीच अपना रास्ता निकाल सकेगा। अभी बसपा जिले की स्थितियों और समीकरणों की समीक्षा कर रही है। प्रत्याशी का इंतजार दोनों दलों के साथ ही आम लोग भी बेसब्री से कर रहे हैं।

- राजघराने की विरासत का कारवां आगे बढ़ा रहे कीर्तिवर्धन
- तो बाबा की विरासत संभालने की सपा ने पौत्री को सौंपी कमान



## नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए बन रही योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए नगर विकास विभाग में महत्वपूर्ण कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत विभिन्न कदम उठाए जाएंगे। इनमें गंदे नालों को एसटीपी द्वारा शोधित किए जाने से लेकर शारदा नहर और कुकरैल नदी को हरियाली और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए उपाय किए जाएंगे। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव, अमृत अभिजात की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित एक बैठक में इस पर गंभीरता से चर्चा की गई और कार्ययोजना को लागू किए जाने पर सभी संबंधित विभागों की राय ली गई। बैठक में मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल, जिलाधिकारी, लखनऊ, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्रबंध निदेशक, उप्र. जल निगम (नगरीय), नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ समेत विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### गंदे नालों के पानी को किया जाएगा स्वच्छ

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि बैठक में नदियों के प्रदूषण को कम करने और हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई। इसमें पहले, नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जाएंगे। इनमें गंदे नालों को एसटीपी द्वारा शोधित कर छोड़ा जाएगा।

### कुकरैल तटबंध और नाइट सफारी पर भी जोर

बैठक में कुकरैल नदी के तटबंध को हरियाली युक्त पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए भी चर्चा की गई। इस बारे में मंडलायुक्त से चर्चा की गई कि कुकरैल नदी के उद्गम स्थल से तीन किलोमीटर तक के सभी जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जाए ताकि नदी का प्रदूषण कम हो सके। इस संयुक्त पहल के अलावा, बैठक में कुकरैल नाईट सफारी और कुकरैल तटबंध को जनहित में बढ़ावा देने के लिए भी चर्चा की गई।

# बेहतर तकनीक से विदेश तक सुरक्षित पहुंचेगा आम

## सीआईएसएच विधि से ज्यादा दिन तक सुरक्षित रहेगा आम, निर्यात के लिए कराया जाएगा एमओयू

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश से आम का निर्यात करने में मैंगो पैक हाउस लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) का सहयोग लेगा। यहां के विज्ञानी आम को ज्यादा दिन सुरक्षित रखने की तकनीक पैक हाउस के साथ बागवानों और निर्यातकों को बताएंगे। इनकी विधि से निर्यात के लिए कच्चा आम करीब 20 दिन तक नहीं पकेगा। जो खास पैकिंग और परिवहन से विदेश सुरक्षित पहुंचेगा। 14 अप्रैल को एक कार्यक्रम के दौरान विज्ञानी विधि साझा करेंगे। इसमें लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी, उन्नाव, हरदोई समेत कई आम पट्टी जिलों के बागवानों के साथ मुंबई, गुजरात, दिल्ली आदि राज्यों से निर्यातक भी आएंगे। दोनों के बीच निर्यात के लिए एमओयू कराया जाएगा।

▸▸ गुणवत्ता सुधार के साथ पैकिंग व परिवहन का सिखाया जाएगा तरीका



**प्रदेश से आम का निर्यात**
(आंकड़े मीट्रिक टन में)

| | |
|---|---|
| 2018 | 456 |
| 2019 | 841 |
| 2020 | 388 |
| 2021 | 434 |
| 2022 | 769 |

**एक हजार टन निर्यात का लक्ष्य :** मैंगो पैक हाउस कई देश में एक हजार टन आम भेजेगा। शुरुआत दुबई, ओमान, लंदन, जर्मनी से होगी। यहां हर वर्ष आम भेजने के दौरान रास्ते में पक जाता है या फिर प्रसंस्करण व पैकिंग के दौरान इस तरह की समस्या आने पर वापस कर दिया जाता है। इन्हीं कारणों से दो साल से पैक हाउस मांग के अनुसार निर्यात नहीं कर पा रहा है। इस बार यह समस्या न आए इसलिए पैक हाउस हर तरह के प्रयास कर रहा है।

> इस बार सीआईएसएच की मदद से आम का निर्यात करेंगे। इनकी विधि से ज्यादा दिन तक आम सुरक्षित रहेगा और आसानी से देशों में पहुंचेगा। साथ ही दशहरी के लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्नाव से आम खरीदकर निर्यात करेंगे।
>
> **–अकरम बेग,** जीएम, मैंगो पैक हाउस, रहमान खेड़ा, लखनऊ

**मलिहाबादी संग उन्नाव के दशहरी का स्वाद चखेंगे विदेशी :** विदेश के लोग मलिहाबादी के साथ उन्नाव का दशहरी आम भी चखेंगे। निर्यात पूरा करने के लिए मैंगो पैक हाउस इस बार उन्नाव के हसनगंज और सफीपुर आम पट्टी से दशहरी उद्यान विभाग के सहयोग से देशों में भेजेगा। दोनों जगह से 400 टन दशहरी निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है। 40 से 45 बागवानों को ऑर्डर भी लिए हैं। क्षेत्र में आम की गुणवत्ता सुधारने पर काम चल रहा है। कटी-रोग से बचाने के लिए बागवान आम की बैगिंग करेंगे।

# खनन निदेशालय में कैसे लगी आग, एसटीएफ करेगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने एसटीएफ को दिए जांच के निर्देश

**अमृत विचार :** खनन निदेशालय में मंगलवार को आग लगने की वजह का पता अब एसटीएफ लगाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसटीएफ को इस प्रकरण की जांच सौंपी गई है। एसटीएफ ने तत्काल एसपी दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है।

दरअसल, आशंका जताई जा रही है कि सुनियोजित साजिश के तहत आग लगाई गई, जिसकी वजह से कई महत्वपूर्ण फाइलें नष्ट हो गई। वहीं, दूसरी ओर खनन निदेशक माला श्रीवास्तव ने इस मामले की जांच के लिए आंतरिक समिति का गठन भी किया है। उन्होंने संयुक्त निदेशक नवीन दास के नेतृत्व में जांच समिति गठित की है। खनन निदेशालय में मंगलवार को आग लगने से इमारत का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। दमकल की चार गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से भूतल का एक कमरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसमें रखी फाइलें भी नष्ट हो गई थीं। हालांकि खनन निदेशक ने बताया था कि अलमारियों में रखी फाइलों को नुकसान नहीं पहुंचा है। हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। वहीं, अग्निशमन विभाग भी आग लगने की जांच कर रहा है।

# ड्रग माफिया तैमूर की गिरफ्तारी समर्पण पर एसटीएफ की नजर

## दिल्ली पुलिस के कुछ अफसरों की मिलीभगत से तैमूर कर रहा खेल

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के ड्रग माफिया तैमूर उर्फ भोला की अक्सर होने वाली गिरफ्तारी और अदालतों में स्वयं से समर्पण करने जैसी गतिविधि पर एसटीएफ ने नजरें गड़ा दी हैं। एसटीएफ तैमूर की गिरफ्तारी और समर्पण दोनों को सुनियोजित मान रही है। तैमूर उर्फ भोला स्मैक का काला कारोबार तो बरेली और आसपास के जिलों में करता है, लेकिन अक्सर उसकी गिरफ्तारी दिल्ली पुलिस करती है। दिल्ली पुलिस ने तैमूर पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के कुछ अफसरों के वरदहस्त पर तैमूर यह खेल कर रहा है। वह कई

▸▸ तैमूर उर्फ भोला के खिलाफ अब तक हुई कार्रवाईयों से जुड़ी कुंडली खंगालने में जुटी है एसटीएफ



पुलिसकर्मियों के कमाई का जरिया बन चुका है। दिल्ली पुलिस के कुछ अफसर तैमूर की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार भी तैयार कर लेते हैं, जिससे सवाल नहीं उठता। हालांकि यूपी पुलिस ने भी तैमूर पर 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। लेकिन, यूपी पुलिस जैसे ही सख्ती करती है, तैमूर सुनियोजित तरीके से दिल्ली की अदालतों में समर्पण कर देता है। सूत्रों का कहना है कि कई बार यूपी पुलिस की कार्रवाई से पहले ही दिल्ली पुलिस द्वारा तैमूर को गिरफ्तार कर लिया जाता या फिर दिल्ली की अदालत में तैमूर स्वयं समर्पण कर देता है। तैमूर की गिरफ्तारी और अदालतों में समर्पण का पूरा कच्चा चिट्ठा एसटीएफ कार्यालय में खंगाला जा रहा है। तैमूर ने बरेली सहित कई जिलों में स्मैक के कारोबार को फैला रखा है। उसपर लगातार सख्ती भी की जा रही है। लेकिन कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर एसटीएफ को संदेह है। ऐसे में एसटीएफ उस पर हो रही कार्रवाईयों का बिंदुवार अवलोकन कर रही है। आखिर तैमूर की कौन मदद कर रहा है, एसटीएफ इस दिशा पर भी काम कर रही है।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी ईद पर बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फित्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि रमजान के पवित्र महीने के अंत में मनाए जाने वाला ईद का त्योहार समाज में प्रेम, करुणा, भाईचारा और उदारता का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सामाजिक सौहार्द और मानवता की सेवा के प्रति लोगों को प्रेरित करने वाला हो। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद-उल-फित्र का त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव व सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी को ईद की बधाई देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की।

# भाजपा व बसपा छोड़ सपा में शामिल



विभिन्न दलों के नेताओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए अम्बेडकरनगर की जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक सुभाष राय भाजपा छोड़कर और जलालपुर से ही विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी रहे राजेश सिंह अपने समर्थकों के साथ बुधवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। साथ में रामपुर के निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रपाल भी भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने शामिल होने वाले सभी नेताओं का स्वागत किया।

# ट्रांसजेंडरों ने रैली निकालकर किया मतदान के लिए प्रेरित




लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए राजधानी में जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह व जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर समिति की सदस्य गुड्डन द्वारा संयुक्त रूप से स्वीप के तहत रैली निकाली गई।

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए ट्रांसजेंडरों ने रैली निकालकर लोगों को प्रेरित किया और मतदान के अधिकार बताए। खुद भी मतदान करने का संकल्प लिया।

बुधवार को राजधानी के डालीगंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह व जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर समिति की सदस्य गुड्डन द्वारा संयुक्त रूप से स्वीप के तहत रैली निकाली गई।

## निराश्रित गोवंशों के 100 फीसदी ईयर टैग का दावा, आज से सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर देहात और मुजफ्फरनगर को छोड़कर बाकी जिलों ने 31 मार्च तक निराश्रित गोवंशों के 100 फीसद ईयर टैग करने का दावा किया है। इसका आज से प्रमुख सचिव के निर्देश पर अपर निदेशक सत्यापन करेंगे। निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. आरएन सिंह ने लखनऊ मंडल में अपर निदेशक डॉ. अवनीश भट्ट, अयोध्या डॉ. योगेंद्र कुमार पवार, आजमगढ़ डॉ. जीके सिंह, बस्ती डॉ. केदारनाथ कुशवाहा, गोरखपुर डॉ. मेमपाल सिंह, वाराणसी डॉ. शिव कुमार, मिर्जापुर डॉ. बीपी पाठक, प्रयागराज डॉ. राजेश कुमार, कानपुर डॉ. ललित कुमार वर्मा, झांसी डॉ. आनंद कुमार, चित्रकूट वीके सिंह, आगरा डॉ. राजीव सक्सेना, मेरठ डॉ. विवेक भारद्वाज, बरेली डॉ. संगीता तिवारी, मुरादाबाद डॉ. मदन पाल, सहारनपुर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, देवीपाटन डॉ. अरविंद कुमार सिंह व अलीगढ़ मंडल में डॉ. केपी सिंह नामित किया है। जो जिलों में औचक दो स्थाई व अस्थाई गोशाला के गोवंशों के ईयर टैग का सत्यापन कर 17 अप्रैल तक रिपोर्ट देंगे।

# मतदाताओं को प्रलोभन में न लाने पाएं प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कड़ाई से आचार संहिता का पालन कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश में मतदाताओं को प्रत्याशी किसी प्रलोभन में न लाने पायें। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाय। पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान के लिए पुख्ता तैयारी की जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में बीते दिन प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की कार्रवाई में 140.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नकदी जब्त की गई। एक मार्च से अब तक कुल 13455.90 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त की गई है। इसमें 2244.44 लाख रुपये नकद, 3211.01 लाख रुपये कीमत की शराब, 5059.39 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 1806.08 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 1134.98 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ की अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र में 33.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 134900 ग्राम ड्रग व बांदा की नरैनी विधानसभा क्षेत्र में 15.65 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 61625 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

### आपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की कार्रवाई में अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3947 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 21,48,229 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिनमें से 14,35,162 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

## वर्ग पहेली-36

**बाएं से दाएं**

1.1. कान के पास मुंह ले जाकर धीमी आवाज़ में की जाने वाली बातें, धीरे-धीरे बात करना, फुसफुसाना 2. कानाबाती, कानाफूसी।

5.1. कीचड़, गारा, पंक 2. ऐसी गीली भूमि जिसपर खड़े होने पर गहराई में धंसते जाते हैं 3. वह संकट या परेशानी जिसमें से निकलना कठिन हो। [मु.] –में फंसना : मुसीबत में पड़ना।

7.1. झील

8. बांस या बेंत का बना आसन, मूढ़ा।

9.1. एक ऋतु 2. हिंदी माह आश्विन की ऋतु 3. वर्ष, वत्सर।

**ऊपर से नीचे**

2. दुर्गा।


3.1. पोस्ते का फल 2. फलांकुर, कली 3. गांव या शहर में होने वाली मुनादी, डुगडुगी 4. टोंटी।

4.1. स्वभाववश, अभ्यासवश 2. किसी कार्य को बार-बार करते रहने के कारण कार्य का आदत बन जाना।

5.1. किसी सिद्ध पुरुष का समाधि-स्थल, मकबरा, मज़ार 2. दरबार; कचहरी 3. देहरी, चौखट।

6.1. समूह 2. साधुओं की ज़मात या जमावड़ा।

8.1. मन को प्राप्त, मुग्ध 2. मोह 3. आसक्त, लुभाया हुआ।



### वर्ग पहेली -35 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पि | टा | ना | ■ | 2 सा | नु | 3 ज |
| सा | ■ | ■ | 4 त | न | ■ | ल |
| न | ■ | 5 ढी | ल | ना | ■ | म |
| ■ | 6 च | ■ | बा | ■ | ■ | य |
| ■ | 7 म | च | ना | ■ | 8 वे | ■ |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | दि | ■ |
| 9 सु | ख | दा | ता | ■ | 10 का | ज़ी |

## सुडोकू-115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |

### सुडोकू -114 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–दक्षिण। **ऋतु**–वसंत।
चन्द्रबल–मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–कृत्तिका 12 अप्रैल 01.38 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज सहकर्मी आपको धोखा दे सकते हैं। कारोबार से संबंधित यात्रा होने के योग बन रहे हैं। धन सोच-समझकर ही खर्च करें। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लंघन न करें।

**वृष** – आज यदि आप नयी नौकरी ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** – आज अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर संबंधों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी।

**कर्क** – आज आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना बन रही है। धार्मिक क्रियाकलापों में आप भाग लेंगे।

**सिंह** – आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेंगे। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेगी। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**कन्या** – आज उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और राय लेकर नया काम शुरू करें। आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे। घर की बातें बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। रिटेल व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। मन की नकारात्मकता दूर होगी।

**तुला** – आज धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है। अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक** – आज दिन का शुरुआती भाग बहुत शुभ रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। जिस किसी बात से आप प्रसन्न होंगे उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा।

**धनु** – आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। अपने काम दूसरों के भरोसे छोड़ने से बचें। अविवाहित लोगों के विवाह संबंधित बात आगे बढ़ सकती है। बहुत शुभ व उत्साहवर्धक रहेगा। आपके पक्ष में रहने वाला है।

**मकर** – आज अपने खर्चों पर धीरे-धीरे नियंत्रण पा लेंगे। प्रेमी जन के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे।

**कुंभ** – आज व्यर्थ की बातों पर ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन रहने की आशंका है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा न करें।

**मीन** – आज पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी बिजनेस डील मिल सकती है। अपने मन की बातें प्रेमी जन से साझा कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने काम का विस्तार करने का विचार बनाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नजर के सामने – सुबह : 10.53
धड़कन – रात : 07.00

&pictures
पुलिसगिरी – सुबह : 11.19
जनहित में जारी – रात : 08.00

SONY PIX
मोर्टल कॉम्बेट – सुबह : 10.53
स्पाइडर मैन – रात : 09.00

ZEE CINEMA
बीवी हो तो ऐसी – सुबह : 10.45
कंजूस मक्खी चूस – रात : 08.05

StarGold SELECT
मोना डार्लिंग – सुबह : 10.30
ए थर्सडे – शाम : 06.45

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) – गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला– पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी– सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति– क्यों?
पत्नी – क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति– मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी– अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)

| लोकल | मिल डिलीवरी |
|---|---|
| गेहूँदड़ा | 2250–2400 |
| आर.आर.21 | 2450–2500 |
| गेहूँफारम | 2550–2600 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2000–4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200–2400 |
| चना | 5800–5900 |
| अरहर | 8300–8700 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3700–4000 |
| उड़दहरा | 10000–11000 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूँग | 8500–8800 |
| अरहरफूल | 16000–16200 |
| अरहरस्पेशल | 13600–13800 |
| चनादाल | 7300–7400 |
| मटरदाल | 5050–5150 |
| मसूरमलका | 7250–7300 |
| मसूरदाल | 7350–7400 |
| उड़ददाल | 9000–12000 |
| उड़द धोवा | 10500–13000 |
| मूँगदाल | 8800–10300 |
| मूँग धोवा | 9800–11500 |
| अरवा | 2000–2300 |
| बासमती न01. | 8500–10000 |
| सेला | 2500–3000 |
| बासमती न02. | 6500–7500 |
| आटा | 1400–1440 |
| मैदा | 1410–1440 |
| सूजी | 1480–1500 |
| शाहपसंद | 1380–1400 |
| लाही | 4800–5100 |
| अलसी | 4500–4600 |
| अण्डी | 4600–4700 |
| तिल्ली | 11500–12700 |
| मूँगफलीदानाषिवपुरी | 9400–10600 |
| बटाली | 9000–10200 |
| सेहुआं | 4000–4500 |
| सरसोंकोल्हू | 10800–10900 |
| अलसी | 9400–9500 |
| अण्डी | 12500–12600 |
| सोयाबीन | 1580–1585 |
| सरसों | 2400–2450 |
| अलसी | 4200–4300 |
| अण्डी | 1400–1450 |

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग- 1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | ....... |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55000–55200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,300 |
| चांदी (999) | 81,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर (पक्की) | 800 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 80,800 |

### हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक की स्थापना 1991 में की गई थी। यह सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

# 'कलेक्टिव न्यूजरूम' के साथ बीबीसी का पुनर्गठन पूरा

## भाषा आधारित कंटेंट को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का लिया स्थान

**नयी दिल्ली/लंदन, एजेंसी**




भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के अनुपालन के लिए ब्रिटेन की मीडिया कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का पुनर्गठन एक स्वतंत्र इकाई 'कलेक्टिव न्यूजरूम' की शुरुआत के साथ पूरा हो गया है। बीबीसी इसकी पहली ग्राहक है।

भारतीय के स्वामित्व वाली कलेक्टिव न्यूजरूम ने भाषा आधारित कंटेंट (सामग्री) उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का स्थान लिया है। पुनर्गठन के तहत, प्रसारणकर्ता लंदन में मुख्यालय वाले अपने अंग्रेजी भाषा के डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो खंड के लिए भारत में समाचार एकत्र करने वाली टीम को बनाए रखेगा। यह कदम कथित एफडीआई उल्लंघनों के मामले में पिछले साल फरवरी में भारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कर अधिकारियों द्वारा बीबीसी के कार्यालयों पर तलाशी अभियान के करीब एक साल बाद उठाया गया है।

कलेक्टिव न्यूजरूम की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रूपा झा ने कहा कि मैं रोमांचित हूं कि कलेक्टिव न्यूजरूम ने आधिकारिक तौर पर सबसे विश्वसनीय, रचनात्मक और साहसी पत्रकारिता के लिए एक स्पष्ट, महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। कलेक्टिव न्यूजरूम ने कहा कि वह अपने पहले ग्राहक बीबीसी के लिए कार्यक्रम और कंटेंट तैयार करेगी लेकिन भारत व दुनियाभर के अन्य समाचार प्रदाताओं के लिए भी कंटेंट तैयार करने के लिए उपलब्ध है। कलेक्टिव न्यूजरूम के निदेशकों में मुकेश शर्मा, संजय मजूमदार और सारा हसन शामिल हैं।

## एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर का निवेश

**मुंबई।** नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की।

बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिए वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी (समूह) राम सेल्लारत्नम ने कहा, हम सही निवेश साझेदार की तलाश में थे। मास्टर फंड के मुख्य कार्यकारी विनोद गिरी ने कहा कि यह इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा आठवां और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में दूसरा निवेश है।

# मॉल, व्यावसायिक में खुदरा की मांग 15% तक हो सकती है कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सीबीआरई ने रिपोर्ट में कहा 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान

शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थानों की मांग इस साल 15 प्रतिशत तक घट सकती है। कैलेंडर वर्ष 2023 में यह रिकॉर्ड 71 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट '2024 इंडिया मार्केट आउटलुक' में 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थान का पट्टा 2023 में 48 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख वर्ग फुट रहा था जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 48 लाख वर्ग फुट था। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा कि मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत के खुदरा क्षेत्र में 2023 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता दोनों सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े शहर प्रमुख विस्तार केंद्र बने हुए हैं, वहीं मझोले बाजार नई कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खुदरा श्रेणियों के बीच 'होम डेकोर' (घर सजावट) खंड का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह विस्तार होने की संभावना है।

# मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**




इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने मार्च महीने के आंकड़े जारी किए।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में 22,633 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया जबकि फरवरी में यह 26,866 करोड़ रुपये था।

## एनएसई ने मुखिया के डीपफेक वीडियो पर निवेशकों को किया सजग

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान के उस डीपफेक वीडियो को लेकर निवेशकों को आगाह किया है जिसमें वह कथित तौर पर कुछ शेयरों की सिफारिश करते हुए नजर आ रहे हैं।

एनएसई ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कर बनाए गए कुछ निवेश एवं सलाह संबंधी ऑडियो-वीडियो क्लिप में चौहान के चेहरे एवं आवाज और एनएसई के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किया गया है। एक्सचेंज ने कहा कि ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करने के लिए परिष्कृत प्रौद्योगिकी की मदद से बनाए गए हैं। डीपफेक का आशय कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करना है। इसमें हेराफेरी के जरिए किसी व्यक्ति को ऐसी हरकत करते हुए या ऐसी बात कहते हुए दिखाया जाता है जो उसने कभी कहा और किया ही नहीं है। इस तरह गलत सूचना फैलने और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का खतरा होता है।




## राष्ट्रीय

### एक नजर

### भावनगर में ट्रेन की टिकट चेकिंग से वसूले 5.04 लाख

**भावनगर।** पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर मंडल ने मात्र एक ट्रेन की टिकट चेकिंग से 5.04 लाख रुपये वसूल किए हैं। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि टिकट जांच टीम द्वारा ट्रेन नंबर 12941 भावनगर-आसनसोल सुपरफास्ट ट्रेन में हाल ही में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल सात कर्मचारियों ने मिलकर 627 मामलों में जुर्माना सहित 503750 रुपये प्राप्त किए है। पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल पर ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। भावनगर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक रवीश कुमार के दिशा-निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माशूक अहमद एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक कल्पेश जी दवे की निगरानी में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### महिला कलाकारों ने 100 मधुबनी पेंटिंग में पूरी रामायण चित्रित की

**नई दिल्ली।** बिहार के मिथिला क्षेत्र के लोगों की मान्यता है कि राजा जनक ने अपनी बेटी सीता के भगवान राम के साथ विवाह का जश्न मनाने के लिए राज्य के कलाकारों और नागरिकों से दीवारों पर तस्वीरें बनाने के लिए कहा था। मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक मनीषा झा ने कहा कि वर और वधू के विवाह की तस्वीरें चटक रंगों से बनाने की परंपरा से मथिला कला का जन्म हुआ जिसे मधुबनी पेंटिंग भी कहते हैं। हिंदू महाकाव्य रामायण की कहानियों और घटनाओं को दर्शाने वाली ऐसी करीब 100 पेंटिंग यहां ललित कला अकादमी की एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई हैं। मधुबनी कला केंद्र और अकादमी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'मिथिला रामायण' में बिहार की अनुभवी और युवा महिला कलाकारों की कला को प्रदर्शित किया गया है और इसे मूर्त रूप देने में झा को 20 साल का समय लगा।

### नाबालिग गर्भवती को कोर्ट ने दी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक 17 वर्षीय गर्भवती लड़की को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी। लड़की को कुछ अस्पतालों ने चिकित्सा सहायता देने से इनकार कर दिया था। लड़की ने अपनी मां के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा कि अस्पतालों ने इसलिए उसका इलाज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह उस लड़के के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती है जिसके साथ उसके संबंध थे। याचिका में कहा गया है कि लड़की और लड़के के बीच सहमति से संबंध थे। लड़के की उम्र भी 17 वर्ष है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सकीय उपचार से इनकार लड़की के उन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जो संविधान में दर्ज हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि लड़की शुक्रवार तक अपने वकील के माध्यम से आपात पुलिस रिपोर्ट के रूप में अपना बयान प्रस्तुत करे। अदालत ने उसे सरकारी जेजे अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति दी।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने 'खतरनाक कुत्तों' पर पाबंदी वाले केंद्र के निर्देश को पलटा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कुत्तों की कुछ नस्लों के आयात, प्रजनन और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले केंद्र सरकार के निर्देश को बुधवार को पलट दिया। पशुपालन मंत्रालय के अंतर्गत एक विशेषज्ञ समिति ने कुत्तों की कुछ नस्लों को खतरनाक करार दिया है। अदालत ने इस तरह की पाबंदी लागू करने से पहले पशु पालकों और प्रासंगिक संगठनों से संपर्क करने के महत्व को उजागर किया। नस्लों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रतिबंधित किया गया है जिनमें आमतौर पर बैन डॉग या बैंडोग, रॉटवीलर और टेरियर्स के रूप में संदर्भित नस्लें शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री का द्रमुक पर हमला, बोले- घृणा और विभाजनकारी राजनीति करती है यह पार्टी

# भ्रष्टाचार का दूसरा नाम द्रमुक : नरेन्द्र मोदी

**वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी**


तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते नेतागण। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर घृणा और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने, भ्रष्टाचार का पर्याय होने और राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले राज्य के वेल्लोर और मेट्टुपलयम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना की तथा उसे और द्रमुक को पारिवारवादी दल बताया। उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है तथा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है। उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का आरोप लगाया, जो पुरानी सोच के कारण राज्य के युवाओं की प्रगति में बाधा बन रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने वेल्लोर की रैली में कहा, भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।

द्रमुक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके तीन मानदंड हैं- पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल संस्कृति का विरोध। उन्होंने कहा कि द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा। मैंने द्रमुक की दशकों पुरानी खतरनाक राजनीति का पर्दाफाश करने का फैसला किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि एक तरफ देश मेक इन इंडिया पहल के साथ प्रगति कर रहा है लेकिन द्रमुक उन लोगों के साथ खड़ी है जो देश में निवेश को खत्म करना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस पर भेदभाव और बंटवारे का खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि यही काम तमिलनाडु में द्रमुक करती है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में करोड़ों घरों में पाइप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की है लेकिन सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसे पार्टी के कार्यकर्ताओं या मतदाताओं के लिए प्राथमिकता दी। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजनकारी राजनीति की है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजग अपने तीसरे कार्यकाल में कोंगू क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करेगा। तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र को कोंगु क्षेत्र कहा जाता है। द्रमुक और 'इंडी' गठबंधन के घटक दल तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने लॉटरी किंग सेंटियागो के धनशोधन मामले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन के अनुरोध को भी विशेष अदालत ने कर दिया था खारिज

उच्चतम न्यायालय ने 'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन के खिलाफ एक विशेष अदालत में जारी धनशोधन के एक मामले की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें केरल के एर्नाकुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में सुनवाई के स्थगन संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आदित्य सोंढी और वकील रोहिणी मूसा ने दलील दी कि विशेष अदालत को इस पर विचार करना चाहिए था कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई मूल मामले में मुकदमे के समाप्त होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन का अनुरोध किया गया था। मार्टिन ने सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र विधेय (मूल) मामला है जिसके आधार पर ईडी ने उसके और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी आमतौर पर सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संबंधित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार या कर चोरी के मामलों में की गई प्राथमिकी या जांच के आधार पर धनशोधन का मामला दर्ज करता है।

# मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

**मलाप्पुरम (केरल), एजेंसी**

केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नई प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी।

एक अधिकारी ने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्रीदुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्धार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार पर अब तक करीब 50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### केरल में चर्च ने ईद की नमाज के लिए अपने द्वार खोले

**मलप्पुरम (केरल)।** सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाले एक कदम के तहत केरल के मलप्पुरम जिले में एक चर्च ने बुधवार को अपने द्वार खोल दिए ताकि उसके परिसर में मुसलमान ईद की नमाज अदा कर सकें। मंजेरी स्थित निकोलस मेमोरियल सीएसआई चर्च के विशाल मैदान में बुधवार सुबह सैकड़ों मुस्लिम एकत्र हुए। वे संयुक्त ईद समिति, मंजेरी द्वारा आयोजित ईद की नमाज में भाग लेने के लिए एक साथ आए थे। ईद की नमाज के लिए चर्च के दरवाजे खोलने का फैसला उस सरकारी स्कूल के मैदान को बंद किए जाने के कारण लिया गया, जहां आमतौर पर मुस्लिम ईद की नमाज अदा करते थे। स्कूल का मैदान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बंद किया गया है।

# माकपा के 80 अघोषित खाते व 100 अचल संपत्तियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ईडी ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र केरल की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ धनशोधन जांच में सच आया सामने

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दावा किया है कि धनशोधन से संबंधित जांच में पाया गया है कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते और लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान उसे इन संपत्तियों का पता चला, जिसमें उसने माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए सी मोइदीन से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पार्टी करीब 80 अघोषित बैंक खातों से संबद्ध है, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि मुख्य रूप से नकदी में भेजी गई थी। इसने चुनाव आयोग को यह भी सूचित किया है कि पार्टी के पास त्रिशूर जिले में कार्यालय भवनों के रूप में लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। एजेंसी ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि इन बैंक खातों और कार्यालयों का इस्तेमाल माकपा द्वारा राजनीतिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। एजेंसी को संदेह है कि इन चल और अचल संपत्तियों की जानकारी पार्टी द्वारा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन आयोग और आयकर विभाग को नहीं दी गई है। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने आयकर विभाग के प्रशासनिक प्राधिकरण केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को ईडी द्वारा उसे बताए गए इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है।

# शांति, समृद्धि और प्रगति भाजपा का वादा

**ईटानगर, एजेंसी**

- अरुणाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी


अरुणाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ● एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे के साथ बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं असम के मंत्री अशोक सिंघल भी मौजूद थे।

नड्डा ने विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए घोषणापत्र का अनावरण करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बहुत अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद बनाया गया दस्तावेज है, जिसमें उन सभी चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जो हम अगले पांच वर्षों में अरुणाचल प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन में पिछले पांच वर्षों में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर से तुलना करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले, पूर्वोत्तर एक अलग भूमि थी, जो बंद संस्कृति, नाकाबंदी, उग्रवाद, अपहरण, लक्षित हत्या और लक्षित हमलों से त्रस्त थी- हम पूर्वोत्तर के बारे में यही जानते थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 'उपेक्षित' रहे पूर्वोत्तर में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की कमी देखी गयी है, और सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत आने वाले क्षेत्रों को घटाकर 66 प्रतिशत कर दिया गया है। नड्डा ने कहा, घोषणापत्र प्रधानमंत्री के अष्ट लक्ष्मी के दृष्टिकोण- शांति, आत्मनिर्भरता के लिए बिजली उत्पादन, अरुणाचल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल बनाने, 5जी कनेक्टिविटी, प्राकृतिक खेती, खेल और राज्य की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य शांति, समृद्धि और प्रगति है।

### विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं से भरा : नड्डा

**दोईमुख (अरुणाचल प्रदेश)।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को इसे 'घमंडिया' गठबंधन करार दिया, जो भ्रष्ट नेताओं से भरा हुआ है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा विपक्षी गठबंधन वास्तव में अहंकारी लोगों का गठबंधन है जो भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, वहीं विपक्षी गुट के कई नेता घोटालों में लिप्त हैं।

## खेल डायरी

### सिधू जीतीं, सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

**निंगबो।** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू मुश्किल परिस्थितियों से पार पाकर बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं तो वही पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत का सफर हार के साथ खत्म हो गया। सिंधू ने मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ निर्णायक गेम में पांच अंकों की बढ़त को लगभग गंवाने के बाद 18-21, 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू इस खिलाड़ी के खिलाफ सुदीरमन कप में खेले गये पिछले मुकाबले को हार गयी थीं।

### आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में कांस्य जीता

**मुंबई।** भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### गुकेश को नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाश्चि 3-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाश्चि के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला।

### नीरज चोपड़ा पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली।** सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89 .30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

### बिली जीन किंग कप टेनिस: भारत चीन से 0-3 से हारा

**चांगशा (चीन)।** भारतीय महिला टेनिस टीम को बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप के ग्रुप चरण मैच में चीन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। सहजा यमलापल्ली को एक घंटे और 33 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज जिन्यू वांग से 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एकल वर्ग के दूसरे मैच में अंकिता रैना को दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने 6-0, 6-0 से मात दी। रुतुजा भोसले और प्रार्थना थेंबारे की जोड़ी को हानयू गो और शियू वांग की जोड़ी ने 56 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

### फार्मूला ई को भारत के लिए नया मीडिया साझेदार मिला

**लंदन।** फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग श्रृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, ''फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।''

### स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50,000 डॉलर

**मोनाको।** पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

### बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मोंटे कार्लो में हारी

**मोंटे कार्लो।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरुष युगल के अंतिम-16 दौर के मैच में क्रोएशिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो एरेवलो से हार गये। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को 3-6, 6-7 (6-8) से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और एबडेन पहले सेट में जल्दी पिछड़ गए और फिर उबर नहीं पाए। दूसरे सेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी वापसी करती दिखी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने टाई-ब्रेकर में बेहतर खेल के दम पर उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पुरुषों के दूसरे दौर के मुकाबले को बारिश के कारण रोके जाते समय डेनमार्क के होल्गर रूणे के खिलाफ पिछड़ रहे थे।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस आमने-सामने

**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी, जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे।

गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं। आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 05 | 08 |

# रोमांचक मुकाबले में गुजरात की जीत

## राजस्थान को तीन विकेट से हराया, संजू सैमसन और रियान पराग की पारी काम नहीं आई




शुभमन गिल

**जयपुर, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक के बाद राशिद खान और राहुल तेवतिया की ताबड़तोड़ पारियों से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को बेहद रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से हराकर उसके लगातार चार जीत के क्रम को तोड़ दिया।

राजस्थान रॉयल्स के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने राशिद नाबाद 24 और तेवतिया 21 रन के बीच 36 रन की साझेदारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान शुभमन गिल (72) और साई सुदर्शन (35) ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। राजस्थान रॉयल्स के लिए कुलदीप सेन तीन विकेट और युजवेंद्र चहल दो विकेट चटकाए। रियान पराग 76 रन और कप्तान संजू सैमसन नाबाद 68 रन ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 78 गेंद में 130 रन की साझेदारी की, जिससे राजस्थान रॉयल्स ने तीन विकेट पर 196 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस को गिल और सुदर्शन की जोड़ी ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 44 रन जोड़े। तेज गेंदबाज सेन ने सुदर्शन को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बारिश के कारण कुछ मिनटों के लिए खेल रुका और ब्रेक के बाद सेन की पहली ही गेंद को मैथ्यू वेड (04) विकेटों पर खेल गए। सेन ने दो गेंद बाद अभिनव मनोहर (01) को भी बोल्ड किया। विजय शंकर (16) चहल की गेंद पर बोल्ड हो गए। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 73 रन की दरकार थी। आवेश ने 18वें ओवर में शाहरूख (14) को पगबाधा किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर 35 रन की जरूरत थी। राशिद ने अंतिम ओवर में तेवतिया के रन आउट होने के बावजूद आवेश पर तीन चौके जड़कर टाइटंस को जीत दिला दी। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर रॉयल्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने विरोधी बल्लेबाजों को शुरुआत में खुलकर नहीं खेलने दिया।




राशिद खान — राहुल तेवतिया

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.704 |
| बेंगलुरु | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.843 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |

### राजस्थान 196/3
20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का वेड बो उमेश | 24 | 19 | 5/0 |
| जोस बटलर का तेवतिया बो राशिद | 08 | 10 | 0/0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 68 | 38 | 7/2 |
| रियान पराग का शंकर बो मोहित | 76 | 48 | 3/5 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 13 | 05 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** उमेश यादव 4-0-47-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-37-0, राशिद खान 4-0-18-1, नूर अहमद 4-0-43-0, मोहित शर्मा 4-0-51-1

### गुजरात 199/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन पगबधा बो सेन | 35 | 29 | 3/1 |
| शुभमन गिल स्टं सैमसन बो चहल | 72 | 44 | 6/2 |
| मैथ्यू वेड बो सेन | 04 | 06 | 0/0 |
| अभिनव मनोहर बो सेन | 01 | 02 | 0/0 |
| विजय शंकर बो चहल | 16 | 10 | 3/0 |
| राहुल तेवतिया रन आउट | 22 | 11 | 3/0 |
| शाहरूख खान पगबाधा बो आवेश | 14 | 08 | 1/1 |
| राशिद खान नाबाद | 24 | 11 | 4/0 |
| नूर अहमद नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 2-0-8-0, आवेश 4-0-48-1, महाराज 2-0-16-0, अश्विन 4-0-40-0, चहल 4-0-43-2, सेन 4-0-41-3

### आरसीबी के पास वापसी के लिए काफी समय : रीस टॉप्ली

**मुंबई।** तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विदेशी बल्लेबाजों के पास खराब शुरुआत से उबरने और लड़खड़ाते अभियान को पटरी पर लाने के लिए अब भी काफी समय है। अब तक अपने पांच में से चार मैच हार चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पर वापसी करने का भारी दबाव है।

# डोपिंग के लिए तीन भारतीय एथलीटों को अस्थाई निलंबन

- धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश : दो और चार साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी पैनल द्वारा लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था।

गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं । इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। यह ज्ञात नहीं है कि नमूने कहां और कब एकत्र किए गए थे। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे।

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी सरिता मोर

**बिश्केक।** भारत के स्टार पहलवानों की गैरमौजूदगी में गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ी खुद को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे जबकि अनुभवी सरिता मोर पर भी नजरें होंगी। 21 मार्च को ट्रायल के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि 17 ओलंपिक भार वर्ग के विजेता 19 अप्रैल से बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर के जरिए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे जबकि इन वर्गों के उप विजेता को एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में भारत को 2-1 से हराया

**पर्थ, एजेंसी**


भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे।

ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार बचाव किया। मैच का दूसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा। खेल के तीसरे क्वार्टर के 41वें मिनट में भारतीय टीम के जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जेरेमी हेवार्ड के गोल से 1-1 की बराबरी कर ली। जेरेमी ने दूसरा गोल करते हुए भारत को पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में हरा दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जायेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज, 10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है।ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल किया और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका। कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है।



# 28 साल बाद मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया कि मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है। ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।



# प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना 'जग सूना सूना लागे' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना ''जग सूना सूना लागे'' रिलीज हो गया है। ''जग सूना सूना लागे'' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है जबकि माही श्रीवास्तव ने गाने में अभिनय किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना ''जग सूना सूना लागे'' के निर्माता रतनाकर कुमार हैं। इस गाने को संतोष उत्पाती ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# होर्डिंग पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्री पर पहचान देने का दिया निर्देश

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया। आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व




कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है।

बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं

## आतंक पर अंकुश को भारत-कजाखिस्तान की हुई बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और कजाखिस्तान के बीच आतंकवाद संबंधी चुनौतियों को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें दक्षिण एशिया में सीमापार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और अफगानिस्तान-पाकिस्तान से इतर क्षेत्रों में आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि, बैठक कजाखिस्तान के अस्ताना में हुई। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया। वहीं कजाखिस्तान के दल का नेतृत्व कजाखस्तान के विदेश मंत्रालय के राजदूत तलगत कालियेव ने किया। यह दोनों देशों के संयुक्त कार्यसमूह के बीच इस साल आतंकवाद के मुद्दे पर पांचवीं बैठक थी।

# संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों में चुना गया भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं। पावडिया ने 41 वोट के साथ कठिन चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को 30 वोट मिले। बोर्ड की पांच सीट के लिए 24 उम्मीदवार थे, जिस कारण

### यूएन में प्रतिबद्धता पर कायम रहा भारत: रूचिरा कंबोज

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत अपने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है।






- भारत की जगजीत पवाडिया तीसरी बार बनीं आइएनसीबी की सदस्य

चुनाव अत्यधिक प्रतिस्पर्धी था। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया है। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया।

## एक नजर

### रूस की अदालत ने गूगल पर 4.9 करोड़ डॉलर का लगाया जुर्माना

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4.6 अरब रूबल (4.9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। अदालत के प्रवक्ता ने कहा, मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।

### गाजा को संभालने में नेतन्याहू गलती कर रहे : राष्ट्रपति बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में इजराइली कार्रवाइयों को लेकर अपने देश में बड़े विरोध का सामना कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा को संभालने में गलती कर रहे हैं। बाइडन ने कहा- मैं नेतन्याहू के दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाइडन ने कहा कि सहायता पहुंचाने वाले संगठन के वाहनों पर ड्रोन से हमला किया गया। बता दें, बाइडन को इजराइल पर घरेलू दबाव का सामना करना पड़ रहा है और पिछले हफ्तों में उन्होंने नेतन्याहू सहित छह महीने पुराने युद्ध में इजराइल के आचरण पर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है।

### नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप का कार्य शुरू

**नई दिल्ली।** नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह काम विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) कर रही है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा- जहाज का वजन 44 हजार टन होगा और यह समुद्र में नौसैनिक बेड़े को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और अन्य साजो सामान की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नौसेना की संचालन क्षमताओं का विस्तार होगा और इसकी रणनीतिक पहुंच बढ़ेगी।

### एयर इंडिया एक जून से शुरू करेगी वियतनाम के लिए उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक जून से राष्ट्रीय राजधानी से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि, सप्ताह में पांच दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उड़ानें संचालित करने करेगी। नई सेवा अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के यात्रियों को दिल्ली होकर वियतनाम जाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी। बता दें, एयर इंडिया वर्तमान में सिंगापुर, बैंकॉक और फुकैट (थाइलैंड) और यांगून (म्यामां) के लिए सीधी उड़ाने संचालित करती है।

# भारत और अमेरिका की साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंची: जैक सुलिवन

## अमेरिका के एनएसए बोले- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध और मजबूत हुए

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इनकार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देखें कि कैसे हमने न केवल पारंपरिक सहयोगियों के साथ बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया, आसियान जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को सुधारा है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, 'ब्रिक्स में शामिल देश अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी और सुरक्षा समेत कई अन्य आयामों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंची है।' दरअसल, सुलविन ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने के मद्देनजर दुनिया में अमेरिका के नेतृत्व में कमी और सऊदी अरब का हिस्सा बनने पर विचार करने के सवालों का जवाब दे रहे थे।

### रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को चिंताओं से अवगत कराया



सुलिवन ने कहा कि हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि अगले महीने केन्या के राष्ट्रपति का यहां राजकीय यात्रा के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन स्वागत करेंगे, जो एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। हमने इस बात का कोई सबूत नहीं देखा है कि वे रूस को सीधी सैन्य सहायता प्रदान करेंगे, लेकिन हमने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि गाजा संघर्ष विराम और काहिरा में चल रही वार्ता में बंधक समझौते के प्रस्तावों पर हमास का रवैया बेहद ढीला रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हमास के सार्वजनिक बयान देखे, जो उनके रवैये का दिखाता है। मध्यस्थ कतर को समूह की ओर से अभी तक अंतिम जवाब नहीं मिला है।

## भारतवंशी छात्रों की मौत पर अंकुश के लिए बाइडन से किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बीते दिनों में भारतवंशी छात्रों और युवकों की मौत की घटना में वृद्धि देखी गई है। प्रवासी भारतीयों के एक प्रमुख संगठन ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों, विश्वविद्यालयों और छात्र संघों से पर अंकुश लगाने के लिए आग्रह किया है।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के बताया है कि, संदिग्ध गोलीबारी/अपहरण, सुरक्षा जानकारी के अभाव में पर्यावरण संबंधी मौतें, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे और संदिग्ध दुर्घटनाओं से लेकर हिंसक अपराध तक शामिल हैं।

एफआईआईडीएस ने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा शिक्षा बढ़ानी चाहिए, खोज और बचाव प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहिए, भारतीय विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त नियम लागू करना चाहिए, जोखिमों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। वर्ष 2024 की शुरुआत से अब तक भारत से अमेरिका आए और भारतीय-मूल के छह छात्रों की मौत हो चुकी है।

# भारत का चेहरा बन गए हैं मोदी अमेरिकी सांसद ने की तारीफ

वाशिंगटन, एजेंसी

- ब्रैड शेरमैन ने विकास कार्यों और 2014 से आर्थिक प्रगति पर भारत की सराहना की



देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है। अब अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत के प्रधानमंत्री की तारीफ की है। उन्होंने विकास कार्यों और 2014 से देश की आर्थिक प्रगति के लिए पीएम मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह भारत का चेहरा बन गए हैं।

अमेरिकी सदन में भारत के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक माने जाने वाले ब्रैड शेरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा है। हालांकि, रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध भारत-अमेरिका संबंधों में एक चुनौती है। उन्होंने मंगलवार को कहा, 'वह (मोदी) भारत का चेहरा बन गए हैं। हम आर्थिक विकास होते देखा है। बेशक, हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, हर नेता की अपनी चुनौतियां होती हैं। मैं किसी देश की सफलता का श्रेय सिर्फ एक नेता को नहीं देता। मेरा मतलब है कि आपके पास 1.3 अरब से अधिक लोग हैं और वे सभी भारत को और अधिक सफल देश बनाने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं।' 69 वर्षीय ब्रैड शेरमैन हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी में वरिष्ठ डेमोक्रेट हैं। वह पिछले 28 वर्षों से भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अमेरिका-भारत संबंध काफी मजबूत हुए हैं। मैं यह जानता हूं क्योंकि मैं यहां यूएस इंडिया कॉकस का पूर्व अध्यक्ष रहा हूं। हमने इसे सभी द्विदलीय कॉकस में सबसे बड़ा बनाया। हमने बहुत कुछ देखा है, विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में सैन्य खुफिया जानकारी साझा करने और सबसे बड़े संयु क्त अभियान और अभ्यास में। वहीं हिंद-प्रशांत को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण रखने पर काम किया है।

# जैन आचार्य लोकेश मुनि अमेरिका में हुए सम्मानित

वाशिंगटन, एजेंसी

अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं।

उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में



मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है।

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की मांग वाली याचिका शीर्ष कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला 'ब्रेथलाइजर परीक्षण' किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है।' जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

## अल अक्सा मस्जिद



**जेरूसलम :** ईद-उल-फितर की नमाज के लिए सैकड़ों फिलिस्तीनी जेरूसलम के पुराने शहर में अल अक्सा मस्जिद पवित्र स्थल पर दुआ करने के लिए एकत्र हुए। अल-अक्सा मस्जिद परिसर में मण्डली पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम थी। बता दें, यह परिसर इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। यह एक पहाड़ी की चोटी पर बना है जो यहूदियों के लिए भी सबसे पवित्र स्थल है। ● एजेंसी

## पाकिस्तान में नाबालिग से जबरन शादी के लिए तीन पर मामला दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान के शेखपुरा जिले में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की का मतांतरण करवाने और उससे जबरन शादी करने को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने चिंताजनक घटना के जवाब में तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया।

फिरोजवाला के निवासी सलीम मसीह ने बताया कि पुलिस के अधिकारी उसके घर आए और उन्हें अगले दिन अपनी बेटी के साथ कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। सलीम मसीह अपनी बेटी और कई रिश्तेदारों के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। वहां उन्हें पता चला कि पहले उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान सरफराज ने दावा किया है कि उनकी बेटी उसकी पत्नी है।

विज्ञान | स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की आश्चर्यजनक खोज

# तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बार जानकारी सामने आई है कि तारे के खत्म होने के बाद , उसके ग्रह जीवित रह सकते हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जिसमे कहा गया है कि एक तारे के खत्म होने के बाद, उसके बौना तारे में तब्दील हो जाने के बावजूद इसकी कक्षा में दो ग्रह चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ग्रह पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष दूर हैं।

ग्रह और उसके तारे के बीच गुरुत्वाकर्षण से बंधे रहने का सीधा संबंध होता है और अभी तक यही माना जाता रहा है कि किसी भी सौर मंडल के तारे के खत्म होने के बाद उसके ग्रहों की दुनिया भी स्वतः खत्म हो जाती है। मगर नई खोज ने यह धारणा उलट दी है। या यूं कहें कि



खोजा गया नया ग्रह।

### सूर्य खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं शनि और बृहस्पति

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशन के लिए इस शोध को स्वीकार कर लिया गया है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल के बृहस्पति और शनि ग्रह सूर्य के खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं। बहरहाल नई खोज पर विश्वास करना जल्दबाजी होगी।

प्रकृति के नियम को बदलकर रख दिया है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से वह खुद आश्चर्यचकित हैं।

पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष की दूरी में इस बाहरी सौर मंडल के दोनों ग्रह हमारे बृहस्पति व शनि ग्रह से बड़े हैं और बहुत दूर से अपने बौने तारे की परिक्रमा कर रहे हैं। इनकी वास्तविकता जानने के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लिया गया। पहली बार 2023 में ग्रहों की सीधी तस्वीरें ली गई। इसके बाद लंबे समय तक अध्ययन किया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि तारे के खत्म होने के बाद ग्रहों का जीवित रहना था। वैज्ञानिकों ने हर तरीके से इसकी जांच पड़ताल की और अंत में निष्कर्ष निकला कि तारे के खत्म होने के बावजूद ग्रह जीवित रह सकता है। इस खोज ने एक नई बहस भी छेड़ दी है। जिसमें वैज्ञानिकों के एक वर्ग का कहना है कि यह संभव नही लगता। इसके लिए व्यापक स्तर पर पुनः अध्ययन की जरूरत है। जिसमें ग्रहों की खोजबीन अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। तभी कोई ठोस प्रमाण सामने आ सकता है।

## ईद आते ही पाकिस्तान की सड़कों पर उमड़े चार लाख भिखारी

**इस्लामाबाद।** रमजान के महीने के दौरान पाकिस्तान के छोटे शहरों और गांवों से भिखारी कराची आने लगे हैं। इस वजह से यहां अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास ने इस चिंताजनक समस्या पर जोर जाला है। उनका कहना है कि ईद के मौसम में तीन से चार लाख भिखारी कराची आते हैं, इस वजह से यह शहर भिखारियों और अपराधियों का अड्डा बन गया है।

इमरान याकूब के अनुसार पारपंरिक तरीकों से अपराधों का पता नहीं लगाया जा सका इसलिए कराची पर नजर रखने के लिए अधिकारियों से और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रमजान के दौरान कराची में कम से कम 19 लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हुए।

# हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की हैरान करने वाली रिपोर्ट, संक्रमण के मामलों में चीन पहले पायदान पर

जिनेवा, एजेंसी

भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कुल 3.50 करोड़ मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण की संख्या के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन होती है, जिसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यह जानलेवा भी हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024 के अनुसार 2022 में दुनिया भर में 25.40 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से पीड़ित हुए जबकि हेपेटाइटिस सी से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या पांच करोड़ रही। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़ मामले सामने आए जबकि हेपेटाइटिस सी से संक्रमित होने वालों की संख्या 55 लाख रही।

चीन में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों की कुल संख्या 8.3 करोड़ रही जो विश्व भर में सामने आए कुल मामलों का 27.5 प्रतिशत है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के कुल 3.5 करोड़ मामले सामने आए जो दुनियाभर में सामने आए कुल मामलों का 11.6 प्रतिशत है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, जिन्हें प्रकार ए, बी, सी, डी और ई कहा जाता है। हालांकि, वे सभी यकृत रोग का कारण बनते हैं, वे संचरण के तरीकों, बीमारी की गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीकों सहित महत्वपूर्ण तरीकों से भिन्न होते हैं।

### विश्वभर में हर साल 13 लाख लोगों की होती है मौत



दुनिया भर में हेपेटाइटिस के संक्रमण के कारण प्रत्येक वर्ष करीब 13 लाख लोगों की मौत होती है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 187 देशों के नए आंकड़ों से पता चलता है कि हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी के कारण जबकि 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी इस रिपोर्ट में कहा, प्रतिदिन, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण दुनिया में 3,500 लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह रिपोर्ट परेशान करने वाली है।